

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 343 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## महाराष्ट्र: नांदेड़ सरकारी अस्पताल में हड़कंप

# 24 घंटे में 24 लोगों की मौत, 12 नवजात भी शामिल

नांदेड़. महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 12 नवजात शिशुओं और इतने ही वयस्कों की मौत हो गई. अस्पताल के डीन ने इसके लिए दवाओं और अस्पताल के कर्मचारियों की कमी को जिम्मेदार ठहराया है.



एनडीटीवी के मुताबिक, नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल के डीन ने कहा कि पिछले 24 घंटों में हुई 24 मौतों में से 12 वयस्कों की मौत "विभिन्न बीमारियों, ज्यादातर सांप के काटने" के कारण हुई. उन्होंने कहा, "पिछले 24 घंटों में छह नवजात बच्चे और छह नवजात बच्ची की मौत हो गई. बारह वयस्कों की भी विभिन्न बीमारियों के कारण मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर सांप के काटने से थे. विभिन्न कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण हमें कुछ कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है."

उन्होंने कहा, "हम तृतीय स्तर के देखभाल केंद्र हैं और 70 से 80 किलोमीटर के दायरे में यह एकमात्र ऐसा स्थान है. इसलिए मरीज दूर-दूर से हमारे पास आते हैं. कुछ दिनों में, रोगियों की संख्या बढ़ जाती है और यह हमारे बजट के लिए एक समस्या पैदा करती है."

डीन ने कहा, "एक हैफकिन इंस्टीट्यूट है. हमें उनसे दवाएं खरीदनी थीं, लेकिन वह भी नहीं हुआ. लेकिन हमने स्थानीय स्तर पर दवाएं खरीदीं और मरीजों को मुहैया कराईं."

## सनातन ही धर्म, बाकी सब संप्रदाय व उपासना पद्धति : सीएम योगी

### युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का विश्राम

गोरखपुर, 2 अक्टूबर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्म एक ही है, वह है "सनातन धर्म"। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जाएगा।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 9वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में अंतिम दिन सोमवार शाम विश्राम सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का सार समझने के



लिए विचार में संकीर्णता नहीं होनी चाहिए। संकुचित सोच वाले विराटता का दर्शन नहीं कर सकते। सीएम योगी ने कहा कि इस कथा ज्ञान यज्ञ में सातों दिन पूरी तन्मयता के साथ आप सभी ने कथा का श्रवण किया। यह निश्चित ही जीवन में कुछ अच्छे परिवर्तन का कारण बनेगा। भागवत कथा तो अपरिमित है। इसे दिन या घंटों में बांधा नहीं जा सकता है। यह कथा सनातन रूप से प्रवाहित होती रहेगी और हम सभी श्रद्धालु भागवत रस का जीवन में पान करते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि सभी भारतवासियों को गौरव की अनुभूति करनी चाहिए कि हमे भारत में जन्म मिला है। क्योंकि, भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। और, उसमें भी मनुष्य का शरीर पाना और भी दुर्लभ है।

## ISIS आतंकियों का बड़ा खुलासा, अयोध्या में राम मंदिर, मुंबई का चाबड़ हाउस और देश के बड़े नेता थे टारगेट

नई दिल्ली. ISIS के गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाली बाते सामने आई हैं. आतंकियों ने बताया है कि अयोध्या में राम मंदिर, मुंबई का चाबड़ हाउस, देश के कुछ बड़े नेता उनके टारगेट पर थे. पुणे के पास के वेस्टर्न घाट और अहमदाबाद की रेकी कर ली थी. उन्हें एक खास दिन पर आतंकी हमला करना था. क्रक्र के आतंकी मोहम्मद शाहनवाज को दिल्ली, रिजवान को लखनऊ और अरशद को यूपी के मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया था. ये इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं.


शेष पृष्ट संख्या 12


## मैथिल समाज ने किया शक्ति प्रदर्शन

### सम्मेलन में पहुंचे 40 जनपदों से बड़ी संख्या में लोग

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। - मैथिल समाज एकता मंच के द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश के लगभग 40 जिलों के मैथिल समाज के प्रतिनिधियो ने किया प्रतिभाग` सम्मलेन की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद झा संचालन कैलाश बाबू ओझा ने किया,

सम्मेलन के संगठन मंत्री सुरेन्द्र सावन झा ने कहा कि आजादी से आज तक यह समाज अति पिछड़ा है । किसी भी राजनैतिक दल ने नहीं दिया है ध्यान। स्थानीय संगठन के नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को करते रहे हैं गुमराह । कहते है कि मैथिल समाज का वोट



बैंक नहीं है । जबकि फिरोजाबाद लोक सभा में एक लाख पच्चीस हजार से ज्यादा वोट निवास करता है। वही व्रजप्रान्त में नब्बे लाख से ऊपर की वोटर संख्या है यह मैथिल समाज शत-प्रतिशत भाजपा को वोट करता आया है जिले की पांचो विधान सभा, लोक सभा, तीन नगर पालिका और एक नगर निगम चार नगर पंचायत एक जिला पंचायत तेतीस वार्ड में इस समाज का कोई भी प्रतिनिधि नहीं है इसके पीछे का कारण जिले के नेताओं द्वारा पार्टी स्तर पर गलत रिपोटिंग से गुमराह किया जाना है` सम्मेलन के संयोजन पप्पू लाल झा ने कहा कि हमारे समाज का भाजपा में समायोजन न होना दुर्भाग्य पूर्ण है। देश के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की मंशा सबका साथ सबका विकाश के नारे को स्थानीय नेता लगा पलीता लगा रहे हैं। अब यह समाज जाग चुका है । समाज से कोई भी प्रतिनिधि न होने के कारण समाज में आक्रोश है अब तक हमारे लोगों को बधुआ मजदूर की तरह यूज करते रहे है। अब यह नहीं होगा समाज को जो भी सम्मान देगा समाज उसका साथ देगा` सम्मलेन के बाद पुरे व्रज क्षेत्र में मैथिल समाज संगठन के लिए आन्दोलन की तरह कार्य किया जायेगा` सम्मलेन के सह संयोजक कैलाश बाबू ओझा, राजेश कुमार झा, अजय कुमार झा, संजय झा, पंकज झा, सत्यदेव झा, गोविन्द ओझा, भूपेंद्र झा, सुग्रीव कुमार शर्मा, महेश चन्द्र ऐलानी झा, रामौतार झा, श्रीकिशन झा, सोनू ओझा, अशोक कुमार झा, महेंद्र झा, सनी शर्मा, छोटे लाल झा, वैभव झा, अनिल कुमार झा, शैलेश कुमार झा, अनूप झा, रामसेवक वैध, सुमित झा, कृष्णमुरारी झा, यतेन्द्र झा, डॉ० रामसेवक शर्मा, रामप्रकाश झा, राकेश कुमार झा, शशिकांत झा, दर्शन सिंह झा, दुर्गेश झा, विनोद कुमार झा, सुरेश झा, अवनीश झा, अरुण कुमार ओझा, ब्रजेश कुमार झा, राधा-किशन झा, राजेश कुमार झा, राकेश झा, अनूप प्रताप झा आदि मैथिल समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

## त्रिकोणीय स्तंभ में बने स्मारक में देश के 497 पत्रकारों के नाम दर्ज, नेता और गणमान्य ने दी श्रद्धांजलि

कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए देश भर के पत्रकारों की याद में एक शहीद स्मारक नोएडा शहर के सेक्टर 72 में स्थापित किया गया है। इसका आज लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार, राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और शहीद पत्रकारों को पुष्प चढ़कर चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। महामारी के दौरान देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 497 पत्रकारों की मृत्यु हो गई थी। यह स्मारक दुनिया भर में अपनी तरह का एकमात्र स्मारक है। स्मारक पर सभी 497 पत्रकारों के नाम उत्कीर्ण हैं। इनमें सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के 138 पत्रकार शामिल हैं।

## सीएचसी पर पर्यटन मंत्री ने 20 शैया इमरजेंसी वार्ड का किया लोकार्पण

### -गांधी जयंती के मौके पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद । महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सिरसागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री द्वारा 20 शैया इमरजेंसी वार्ड का लोकार्पण हुआ। साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 65 लोगों ने अपना रक्तदान किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, वृद्धजनों को छड़ी, लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं सीएचओ को लैपटॉप का वितरण किया गया। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सर्वप्रथम बापू एवं शास्त्री जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के किया। तत्पश्चात उनके द्वारा 20 सैया इमरजेंसी



वार्ड का लोकार्पण पर किया गया। वहीं आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री ने फल वितरित किए गए और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रामबदन राम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कपिल यादव सहित कई लोगों ने मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री का माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री द्वारा सीएचसी की सुविधाओं और उपलब्धियां के लिए मोक्ष चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन राम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कपिल यादव को बधाई प्रेषित की। साथ ही मरीजों के लिए और सुविधाएं बढ़ाए जाने हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा क्षेत्र के लिए की जा रही उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं उनके द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, वृद्धजनों को छड़ी, लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं सीचओ को लैपटॉप का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, पालिकाध्यक्ष रंजना डॉ. गुरुदत्त सिंह, सोनी प्रधान, नितिन प्रताप,भूरे प्रधान आदि सहित सीएचसी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वाराणसी पहुंचे बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र शास्त्री, श्रीकाशी विश्वनाथ से की भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की प्रार्थना

**वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा का विधि विधान से दर्शन पूजन किया और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बाबा से प्रार्थना की इस मौके पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा की टीम मौजूद रही और बाबा का दर्शन करने के बाद पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री का काशी वासियों ने जोरदार स्वागत किया।



## रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन को मिला भारतीय किसान युनियन का समर्थन।।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा आगामी दिसंबर मे होने वाली जागरुकता रथ यात्रा को भारतीय किसान युनियन का समर्थन मिला है। राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं श्री राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार सभी पारंपरिक बाजार को समाप्त कर देना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर ये बाजार समाप्त होता है तो 10 रुपये की सामान 100 रुपये मे मिलेंगे। ठेली पटरी वाले भी किसान के ही बेटे है और किसान युनियन इसके साथ है।

भारतीय किसान युनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राकेश टिकैत आज नोएडा मे कोरोना के समय मे अपने कर्तव्यों के पालन करते हुए दिवंगत हुए पत्रकार के सम्मान में नोएडा सेक्टर 72 मे बनाए गए पत्रकार स्मारक के लोकार्पण समारोह मे शामिल होने आये थे। रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्या किशोर गुप्ता ने इस आशय की जानाकरी देते हुए बताया है कि हमे श्री टिकैत ने सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया है इससे निश्चित हमारी लड़ाई को मजबूती मिलेगी। आज हमारे परम मित्र राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान संगठन श्री राजेंद्र यादव ने हमारी मुलाकात राकेश टिकट से करायी है । श्री गुप्ता स्मृति वन कोरोना काल मे दिवंगत हुए पत्रकारों को श्रद्धांजलि देने पहुँचे थे।

# देशभर से 400 संत पहुंचे रामनगरी, राम मंदिर निर्माण को देखकर हुए भावविह्वल

**राजेश तिवारी / दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या । भगवान राम की नगरी अयोध्या का नाम सुनते ही लोगों के मन में भगवान रामलला के प्रति श्रद्धा के भाव दिल में उमड़ पड़ता है ।सदियों का संघर्ष और लाखों रामभक्तों के बलिदान के बाद करोड़ों हिंदुओं के संकल्प की सिद्धि राममंदिर निर्माण के रूप में हो रही है ।पांच सौ सालों तक चले राममंदिर आंदोलन में जिन रामभक्तों ने अपनी जान गंवाई है उन रामभक्तों का सपना साकार हो रहा है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण पर 400 से अधिक रामनगरी पहुंचे संतों ने रविवार को रामनगरी अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर निर्माण की प्रगति देखी। राममंदिर निर्माण की प्रगति देखकर लौटे संतों के चेहरे पर खुशी थी ।जय श्रीराम का उद्घोष संतों का उत्साह प्रदर्शित कर रहा था ।संत राममंदिर की भव्यता देखकर निहाल नजर आए ।बोले कि राममंदिर के स्थापत्य कला में अयोध्या की मयार्दा, संस्कृति झलक रही है। यह अद्भुत और दुनिया के चुनिंदा मंदिरों में से एक होगा।

बता दें कि रविवार को संतों का जत्था रामजन्मभूमि परिसर पहुंचा ।निमार्णाधीन गर्भगृह में प्रवेश करते ही संत भावुक हो गए ।संतों ने उस स्थल



पर सिर झुकाया जहां प्रभु श्रीराम विराजमान होंगे ।इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए संतों ने अपने मोबाइल में इस क्षण को कैद किया ।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी संतों को मंदिर निर्माण के सभी कार्यों की जानकारी दी।

राममंदिर से बाहर निकल रहे मंदिर आंदोलन के अहम किरदार पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि रामभक्तों की कल्पना साकार हो रही है। जगद्गुरू रामदिनेशाचार्य ने कहा कि राममंदिर के साथ राष्ट्र मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है ।महंत रामभूषण दास कृपालु ने कहा कि राममंदिर की प्रगति और भव्यता संतोषजनक है। राममंदिर आंदोलन का अहम केंद्र रहा ।आचारी मंदिर के महंत विवेक आचारी ने भावुक होते हुए कहा कि राममंदिर आंदोलन के नायकों को आज सुखद अनुभूति हो रही होगी ।उनका संघर्ष सफल जो रहा रहा है।

महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य, जगद्गुरू डॉ. राघवाचार्य, जगद्गुरू श्रीधराचार्य, महंत करुणानिधान शरण, महंत रामकुमार दास, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरूजीत सिंह, पुजारी रमेश दास, ज्योतिषाचार्य पंडित कौशल्यानंदन, महंत शशिकांत दास, महंत जनार्दन दास, महंत गिरीश दास, आचार्य राधेश्याम शास्त्री समेत सभी संत राममंदिर निर्माण का साक्षी बनकर अभिभूत नजर आए ।राममंदिर परिसर में ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, गोपालजी और



शरद शर्मा ने संतों का अभिनंदन किया।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को लगभग तय है ।रवि-वार को राममंदिर निर्माण का साक्षी बनने के बाद कई संतों ने भी कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा और पूजा पद्धति तैयार करने वाली संतों की टीम में शामिल महंत डॉ.रामानंद दास ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो पूरा देश राममय होगा। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने भी इसी तिथि पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बात कही ।कहा कि समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कई अन्य संतों ने भी इसी तिथि पर राममंदिर के उद्घाटन की बात कही। हालांकि अभी तक ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख घोषित नहीं की है।

बताते चलें कि 161 फीट ऊंचा तीन मंजिला राममंदिर 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा ।राममंदिर के भूतल का काम लगभग पूरा हो चुका है ।अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। भूतल दिसंबर तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। राममंदिर के प्रथम तल का भी 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है। राममंदिर तकनीक और भव्यता के मामले में देश के चुनिंदा मंदिरों में से एक होगा ।राममंदिर प्राकृतिक आपद-ाओं से सुरक्षित रहे और सदियों तक अक्षुण्ण बना रहे, इसके लिए आठ नामी तकनीकि संस्थाओं की मदद ली जा रही है।

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज’

**दैनिक समाज जागरण**

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है’

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है’ अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था’

पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है’ आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है’

पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया है’ विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गों जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए। अभी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के के साथ सामाजिक तथा प्रशासनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सकीय स्तर पर केवल कागजों में दिखाई देती है नारी प्रताड़ना का प्रतिशत अभी भी भारत में बहुत ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में बाल श्रम की स्थिति विकराल है अनाज का पर्याप्त भंडारण होने के बावजूद भूखमरी तथा बेरोजगारी भारत में सिर चढ़कर बोल रही है। इसी तरह भारत में सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं जैसे धार्मिक उन्माद, नक्सलवाद, चरमपंथी विचारधारा तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों से हमें मजबूती से निपटना होगा तब जाकर विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित रूप से बहुत कम है। भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं ।

गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, कवि, रायपुर छत्तीसगढ़**

# यह देश है उन मतवालों का

यह देश है उन रखवालों का
आजादी के मातवालों का,
रखने को शान तिरंगे की
जिन लोगों ने जान गवांई है।

कोड़े खाए नंगे तन पर
हर जुल्म फिरंगी का झेला,
दर - दर भटके भूखे प्यासे
सीने पर गोली खाई है।

वो पागल थे,दीवाने थे
आजादी के परवाने थे,
था इश्क वतन से ही उनको
प्रेम की रीत निभाई है।

कूद पड़े जो समर भूमि में
दे दी प्राणों की आहुति,
अपने शीश की बलि चढ़ा
वतन की लाज बचाई है।

धन्य - धन्य वो मात हमारी
धन्य है उनकी गोद के लाल,
बहा लहू की नदियां फिर
हमने आजादी पाई है।

जब तक तन में प्राण हमारे
और रगों में खून है,
देश की खातिर जीना मरना
यही शपथ दोहराई है।
कसम वतन की खाई है।

**बिंदू अग्रवाल शिक्षिका**
**मध्य विद्यालय गलगलिया।**

# सच्ची मित्रता के गुण

दीपक जब रोशन होता है
तम दूर तभी हो जाता है,
पीतल का हो या सोने का
हर दीपक प्रकाश देता है ।

शुभ ज्योति से क्या रिश्ता है
सोने या पीतल के दीपक का,
जल जलकर जो देते प्रकाश
रिश्ता है चिकनाई बाती का ।

क्या गरीब क्या वैभवशाली,
मित्रता होती है अनमोल वही,
वक्त जरूरत जो काम आये
होता है मित्र सदा बेमोल वही।

जैसा रिश्ता चिकनाई बाती का
मित्रों का रिश्ता बिलकुल वैसा,
जल जलकर मिल देते प्रकाश,
मित्र को ला दें तारे आकाश ।

मित्र मित्र की खातिर तन मन से
हर स्थिति में हर पल तैयार रहे,
आदित्य मित्रता की खातिर जो
अपने प्राणों पन से तैयार रहे ।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र,**
**आदित्य लखनऊ**

# क्या कुर्सी की खातिर सब कुछ गवां दिया जाये

**दैनिक समाज जागरण**

कुर्सी क्या इतनी महत्वपूर्ण वस्तु बन गयी है कि उसके पीछे लोग अपना सब कुछ गवां देने पर उतारु हैं ? ये सवाल आपके मन में आये या न आये किन्तु मेरे मन में बार-बार आ -जा रहा है। कनाडा से बिगाड़ के बाद अब पड़ौसी मालदीव से भी हमारे लिए अच्छी खबर नहीं आ रही ।मालदीव में ' इंडिया आउट ' का नारा देने वाले चीन समर्थक उम्मीदवार मुइज्जू राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं ।मालदीव जनसंख्या और क्षेत्र, दोनों ही प्रकार से एशिया का सबसे छोटा देश है ।और 1965 में आजाद हुआ है।

मालदीव है तो इस्लामिक देश किन्तु भारत के साथ मालदीव के रिश्ते पारम्परिक और भौगोलिक रूप से नए नहीं है। मालदीव की आजादी के पहले से भारत का मालदीव के घरेलू मामलों में दखल रहा लेकिन अचानक भारत ने मालदीव की उपेक्षा करना शुरू कर दी नतीजा ये हुआ कि अब मालदीव चीन की और झुका चुका है। भारत बीते एक दशक से मालदीव के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करने से बच रहा है. इसका सीधा फायदा चीन को मिलता दिख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग जब भारत आए थे तब वे मालदीव और श्रीलंका होते हुए आए थे। दोनों देशों में मैरीटाइम सिल्क रूट से जुड़े एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए लेकिन जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत आए तो इस मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी रहा।

एक जमाना था जब दक्षिण एशिया को लेकर भारतीय विदेश नीति बेहद आक्रामक थी । ये स्थिति राजीव गांधी सरकार से लेकर नरसिम्हा राव सरकार तक रही। भारत ने साल 1988 में मालदीव में तख़्तापलट की कोशिशों को नाकाम किया। लेकिन इसके बाद से भारत का प्रभाव बेहद कम होता गया है। इसके स्थानीय कारण भी हैं क्योंकि मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मामून अब्दुल गयूम भारत के अच्छे दोस्त थे। ये दोनों देशों के बीच गहरे संबंध का कारण था। भारत का प्रभाव इस क्षेत्र में कम हुआ है लेकिन ये कमी चीन के बढ़ते प्रभाव की वजह से ज्यादा दिखाई पड़ती है।

भारत के खिलाफ खड़ा होने वाला मालदीव एक नया देश है। पाकिस्तान ,श्रीलंका,नेपाल,बांग्लादेश ,अफगानिस्तान में इन दिनों भारत का नहीं चीन का डंका बज रहा है । सुदूर कनाडा तक में भारत विरोधी खालिस्तानी आंदोलन ने नए सिरे से सर उठा लिया है और हम हैं कि हमें अपनी विदेशनीति की समीक्षा करने की आवश्यकता ही महसूस नहीं हो रही । हम इस मुद्दे पर कभी घर के भीतर आपस में बैठकर बात ही नहीं करना चाहते । विपक्ष से हमारा अनबोला है। पड़ौसियों से भी हमारा अनबोला बढ़ता ही जा रहा है। हमारी हर नीति में अदावत और अकड़ भर गयी है । विदेश नीति को भूल भी जाइये तो घरेलू नीति में भी हम अपने रिश्तों में कड़वाहट भरते जा रहे है। कितनी हैरानी की बात है कि तेलंगाना में राजनीतिक अदावत की वजह से तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर लगातार छह बार प्रधानमंत्री की अगवानी करने तक नहीं गए। ये कौन सी सियासत है । भारत एक गणराज्य है ,स्वायत्तता सबके लिए महत्वपूर्ण है । एक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी है की वो कम से कम देश के भीतर तो कुर्सी की खातिर रंजिशें न पाले। आज जो तेलंगाना में हो रहा है वो सब पहले पश्चिम बंगाल में हो चुका है । बंगाल की मुख्यमंत्री को अपमानित करने का कोई मौका प्रधानमंत्री जी नहीं छोड़ा।

कभी-कभी देश के भविष्य को देखकर चिंता और घबड़ाहट होती है। हम न देश के भीतर सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं और न देश के बाहर। ऊपर से त्रुरा ये है कि हम विश्व मित्र बन गए है। मौजूदा हालात को देखकर तो ये लगता है की हम विश्वमित्र नहीं विश्वशत्रु बन गए हैं। हमारा शत्रुता का स्वभाव हमसे सब कुछ छीने ले रही हैं। हम न अपनी अकड़ छोड़ने को राजी हैं और न सौजन्य बनाने के लिए। हम अहंकार के आठवें आसमान पर हैं। जहां हमारे बराबर कोई दूसरा है ही नहीं। कनाडा तो चलिए सात समंदर पार है लेकिन नेपाल और मालदीव तो हमारे आसपास है। हमारी भौगोलिक सीमाएं इन दोनों देशों से जुडी है। इन दोनों देशों में भारत विरोधी माहौल बना हुआ है । भूटान जैसे देश से हमारे पारम्परिक दोस्ताना रिश्ते बिगाड़ पर हैं। श्रीलंका हमारे न प्रभाव में है और न दबाब में। बांग्लादेश हमें रोज अपनी अनदेखी का उलाहना दे रहा है। अब हमारे सिर पर न लाल टोपी है और न पांवों में जापानी जूता। हमारी इंग्लिस्तानी पतलून का भी आता-पता नहीं है ।फिर भी हम हिन्दुस्तानी हैं। अलग-थलग पड़ते हिंदुस्तानी । हम अपने पारम्परिक मित्र खोते जा रहे हैं और नए मित्र हमसे बनाये नहीं जा रहे। न घर के भीतर और न घर के बाहर। हमारी तमाम नीतियों का ही नतीजा है कि पंजाब फिर से उड़ता दिखाई दे रहा है। और इस सबके पीछे एक दिल्ली की कुर्सी है। हम कुर्सी को लात नहीं मार सकते। दोस्ती को लात मार सकते हैं। लगातार मार रहे हैं।

देश इस समय जिन दुदि
`नों से गुजर रहा है उनकी चर्चा करना भीअब राष्ट्रद्रोह है। हम गांधी के भारत हैं। हमारी पहचान ही सहिष्णुता और संभव है ,जिसे अब संकीर्णता और अदावत में बदल दिया गया है। मालदीव के नए चीन समर्थक राष्ट्रपति भविष्य में भारत के साथ कैसे निभाएंगे ये हमारी चिंता का विषय होना चाहिए किन्तु हम पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतने की जुगत में बहुत कुछ दांव पर लगा रहे हैं। ईश्वर यदि कहीं है तो हमें देश के लिए प्रार्थना करना चाहिए। अब देश प्रार्थनाओं से ही बच सकता है। देश की राजनीति में भरी कड़वाहट करेले से भी ज्यादा कड़वी हो गयी है । हो भी क्यों न ? करेला भी तो नीम पर चढ़ा हुआ है। हमें यद् रखना चाहिए कि मालदीव के भारत के साथ पहले से ही सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध रहे हैं। मालदीव लंबे समय से भारत के प्रभाव में रहा है। ये माना जाता है कि मालदीव में अपनी मौजूदगी बनाये रखकर भारत हिंद महासागर के बड़े हिस्से पर निगरानी रखता रहा ह। इसलिए हमें मालदीव की फिक्र करना चाहिए।

**@ राकेश अचल**

# क्या भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने जा रही है ?

**दैनिक समाज जागरण**

क्या भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के गढ़ को फतह करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने जा रही है? बीजेपी सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री संजीव बालियान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को यूपी से अलग प्रदेश बनाने जाने की मांग कर इस आंशका को बढ़ा दिया है। बीजेपी से जुड़े जाट नेताओं की मेरठ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद में संजीव बालियान ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश अलग राज्य बने। इसके बाद यह देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा ।केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान भी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक अलग राज्य बने और मेरठ उस राज्य की राजधानी हो। इसकी मांग लंबे समय से हो रही है लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका। बाद में पत्रकारों से रूबरू केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने इस मुद्दे को विस्तार देकर बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश केवल नौ करोड़ की आबादी वाला इलाका है। यूपी में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला इलाका है और यह इलाका शिक्षा, कृषि, उद्योग से समृद्ध भी है। अगर पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनता है तो यह देश का सबसे बेहतरीन राज्य होगा। यहां विकास की अपार संभावनाएं होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजधानी मेरठ बने। सब जानते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासी राजधानी भी मेरठ को कहा जाता है।

बेहतर कानून-व्यवस्था, अयोध्या में श्रीराममंदिर और जन कल्याणकारी योजनाओं को देने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश में बीजेपी की राह आसान नहीं दिखती। घोसी के विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद अब बीजेपी को इंडिया गठबंधन लोकसभा की राह का रोड़ा प्रतीत हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विजय तो उससे पहले ही दूर थी। अब और ज्यादा दुरूह लग रही है ।भाजपा इसी इंडिया गठबंधन की काट निकालने की कोशिश कर रही है ।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग अलग समाज के लोगों से विचार कर मंथन कर रही है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा की चुनावी वैतरणी से कैसे पार लगा जाए । केंद्रीय सेवाओं में जाट आरक्षण बहाली को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट आंदोलन का मूड बनाए बैठे हैं। इस आंदोलन की काट ढूंढने के लिए का रविवार को मेरठ में आयोजन किया। इस आयोजन में हर एक राजनीतिक दल के नेता आमंत्रित किए गए थे।

पश्चिमी यूपी को हरित प्रदेश बनाकर अलग राज्य का दर्जा देने की मांग करीब तीन दशक पुरानी है। इस क्षेत्र में समाज के हर वर्ग के लोग अलग राज्य की मांग के लिए आंदोलन करते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यह इलाका है या यहां उद्योग धंधे नहीं हैं। यहां के लोगों की मुख्य शिकायत प्रमुख प्रशासनिक केंद्रों का विकेंद्रीकरण न होना है। अधिकतर सभी प्रमुख संस्थान लखनऊ और उसके पास ही केंद्रित हैं है ।पश्चिमी उत्तर प्रदेशवासियों को यहां जाने में काफी परेशानी उठानी पडती है ।इलाहाबाद हाईकोर्ट की पश्चिम में अलग बैंच बनाने की मांग तो 1956 से चली आ रही है ।पश्चिम उत्तर प्रदेश के वादकारियों और अधिवक्ताओं की मांग रही है कि लाहोर से ज्यादा दूर उन्हें इलाहाबाद पड़ता है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच बने इस मांग को लेकर 1980 में तीर्व आंदोलन हुआ था। इसे पूरा न होते देख सुझाव आया कि हाईकोर्ट की बैंच की मांग छोडकर अलग प्रदेश की मांग करो। अलग प्रदेश बनेगा तो बैंच नहीं प्रदेशा का अपना ही हाईकोर्ट होगा।

पश्चिमी यूपी का इलाका हर दृष्टि से प्रदेश के अन्य हिस्सों से आगे है। यहां के निवासियों का आरोप रहा है कि हमारे द्वारा दिया गया राज्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास में लग रहा है। प्रदेश में लगभग छह साल से भाजपा की सरकार है ।इस दौरान भी कुछ नही हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में शिकायत रही है कि उनका ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर के विकास पर ज्यादा है ।पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपेक्षा के कारण कभी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कभी हरित प्रदेश के नाम से लोगों ने संघर्ष किया है, पर आज तक मांग नहीं सुनी गई। उत्तराखंड को अलग किए जाने के बाद यह मांग और ज्यादा मुखर हुई थी ।मायावती अगर अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव ला चुकी हैं। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के बारे में प्रधानमंत्री कोभी अपने मुख्यमंत्री काल में पत्र लिख चुकी हैं।

बिजनौर के स्वामी ओमवेश ने 1989 में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़, मुरादाबाद, अमरोहा, बंदायू, आगरा, बरेली व शाहजहांपुर समेत 17 जिलों को मिलाकर गंगा प्रदेश बनाने की मांग की थी। इस मांग को लेकर उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर इसके लिए प्रदर्शन भी किया था। स्वामी ओमवेश के साथ इस आंदोलन में पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, वीरेंद्र वर्मा, सोहनवीर सिंह समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम नेता शामिल हुए थे। इस मुद्दे पर ये तमाम नेता एकजुट हो गए थे ।स्वामी ओमवेश ने 1996 तक गंगा प्रदेश को अलग राज्य बनाने का आंदोलन चलाया था। बाद में ये मुद्दा दब गया। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह ने हरित प्रदेश बनाने की मांग करते हुए 1992 में इस मुद्दे को फिर हवा दी। उन्होंने जोर शोर से अलग प्रदेश बनाने का यह मुद्दा उठाया था।

लगभग दो साल पहले बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाकर इसे फिर से हवा दे दी है। उन्होंने छोटे राज्य के फायदे भी बताए। सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग राज्य बनने से राजस्थान सरकार ने पिछड़ों के साथ जो अन्याय किया है, उसकी भरपाई की जा सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की पहले भी मांग उठती रही है।

लोकसभा चुनाव से साल में भाजपा के राज्य मंत्री की इस मांग से ऐसा लगता है कि भाजपा के उच्च नेतृत्व में कुछ चल रहा है। मंथन हो रहा है। हो सकता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विपक्ष को चित्त करने के लिए लंबे समय से चली आ रही पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग पूरी कर दे।



**अशोक मधुप**

# वन्यजीवों के साथ जियो और जीने दो

आज पृथ्वी पर मनुष्य नामक जीव ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इसीलिये अब मनुष्य यह भूल बैठा है , कि पृथ्वी में अन्य जीव जंतुओं को भी रहने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्य को। मनुष्य और वन्यप्राणी एक सिक्के के दो पहलू हैं। सृष्टि के प्रारंभ से वे एक दूसरे के पूरक रहे हैं। हमारे पौराणिक ऐतिहासिक ग्रंथो में यदाकदा मानव और वन्य प्राणियों के प्रगाढ़ संबंधों के प्रमाण मिल जाते हैं। वस्तुतः मनुष्य जीवजगत और वनस्पति एक दूसरे के पूरक भी हैं। इनके हितों में कोई टकराव नहीं है। किन्तु मानव जैसे-जैसे सभ्य होता गया, वह सह-विकास, सहसृजनात्मकता और सहयोग की भावनाओं को नजर अंदाज कर उनकी जान का दुश्मन बन गया, वह उन्हें मनोरंजन, शानो-शौकत और धन जोड़ने का साधन समझने लगा! परिणामस्वरुप वन्यप्राणियों की खालें और उनसे बनने वाली अन्य वस्तुयें सजावट के काम आने लगीं। वन्यजीव विनाश का बाजार गर्म हो गया! वन्य प्राणियों की संख्या न्यून होते लगी और उनका जीवन ही नहीं अब तो उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है! हमारे देश में जीवन संरक्षण की परंपरा बहुत पुराना है, धर्म कला आदि सभी में जीवनधारियों. का समान महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति तथा दर्शन में तो मानव सहित अन्य जीवधारियों को प्रकृति की सृजन योजना का अभिन्न अंग माना गया है! आदिकाल में शिकार जोखिम और बहादुरी का प्रतीक था, तो मध्यकाल में यह शान-शौकत का काम समझा जाने लगा तथा आजकल तो यह व्यवसाय में बदल गया है। यह एक सुखद अनुभव है कि अब पूरी दुनिया के अधिकांश लोग वन्यप्राणी संरक्षण की जरूरत महसूस करने लगे हैं। यह एक शुभ लक्षण है। प्रदेश में वन्व प्राणियों के संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। प्रदेश में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारणों में प्राकृतिक रहवास, संरक्षण तथा विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक रुप से सफलतापूर्वक वन्यप्राणियों का प्रबंध किया जा रहा है। इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान केन्द्रीय सहायता प्राप्त प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत प्रबंधित है। अभ्यारणों में बसे ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए भी विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। वन्यप्राणी संरक्षण की समूची योजना को जनता से जोड़ने, पारस्परिक समझ और सहयोग के मुद्दे को व्यवहारिक ढंग से जनता तक प्रचारित किया जा रहा है। प्रदेश में वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं विकास के फलस्वरुप इनकी संख्या में वृद्धि हुई है। इन वनों में विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के लिये समुचित पानी, चराई, नियंत्रण एवं सहान गश्त के माध्यम से वन्य प्राणियों के. रिहायशी स्थानों को सुरक्षित रखकर बन अपराधों पर नियंत्रण रखा जा रहा है! अभ्यारणों एवं राष्ट्रीय उद्यानों में स्थित अथवा उनके सीमावर्ती ग्रामों का पर्यावरणीय विकास भी किया जा रहा है! वन्य प्राणियों से जो जनहानि अथवा पशुहानि होती है, उसकी क्षतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है! हिंसक वन्य प्राणियों के द्वारा व्यक्ति के घायल होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति की राशि अधिकतम पांच हजार प्रतिव्यक्ति देने का प्रावधान है। इसी प्रकार हिंसक वन्य प्राणियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों के परिवार को क्षतिपूर्ति की राशि दस हजार रुपये प्रति व्यक्ति देने का प्रावधान है।

भारत सरकार ने वन्य प्राणियों के अस्तित्व की अनिवार्यता को महसूस कर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1971 में पूरे राष्ट्र में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर प्रभावी कदम उठाया. राज्य सरकारों ने वर्ष 1974 में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम बनाकर उन्हें प्राकृतिक वातावरण में स्वछंद रहने के लिये उनकी संख्या में वृद्धि करने के लिये राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की! इस दिशा में निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरुप अब राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों की संख्या पर्याप्त बढ़ चुकी है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण स्थापित करने के लिये उन क्षेत्रों का चयन किया गया है, जो वन्य प्राणियों के लिये उपयुक्त है अथवा जहां लुप्त हो रही वन्य प्रजातियां थी !वन्य प्राणियों के संरक्षण का एकमात्र तरीका संबंधित वन क्षेत्र को राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण के अंतर्गत लाकर वहां उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करता है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की गई है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# कलेक्ट्रेट परिसर में मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती

## जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्र का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि भेंट की गई

**इस अवसर पर सभी अपर जिलाधिकारी गण, उप जिला अधिकारी गण तथा अन्य अधिकारियों के द्वारा भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को पुष्प भेंट करते हुए शत-शत नमन किया गया**

**गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दोनों महान विभूतियों के विचारों को अनुसरण करने के लिए विचार गोष्ठी का भी हुआ आयोजन**

**जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत के लिए जनपद के सभी नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने की की अपील**

**गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया पौधारोपण**

गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्रों का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि भेंट की गई। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के आदर्श एवं विचारों का अनुसरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बृहद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



एवं लाल बहादुर शास्त्री कोई साधारण व्यक्ति नहीं है। यह दोनों एक विचार हैं, जिसे भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में गांधी विचारधारा एवं लाल बहादुर शास्त्री का सादा जीवन उच्च विचार का अनुसरण किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए एक आदर्श हैं सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों से हमको निरंतर स्तर पर उनके विचार आदर्शों से शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने जीवन में उतार कर अपने पथ पर आगे बढ़ना चाहिए, जिससे कि समाज एवं प्रदेश तथा देश का विकास तीव्र गति के साथ संभव हो सके। इस अवसर पर उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि वह सादगी के एक उदाहरण हैं। उन्होंने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया। सादा जीवन उच्च विचार ही दोनों महापुरुषों की एक भारत में पहचान है। अतः आज हमको संकल्पित होकर इन महापुरुषों के विचारों एवं आदर्शों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में नित्य कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था, जिसका अनुसरण करते हुए हमारा दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि हम सभी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए आमजन को प्रेरित करें। यही दोनों महापुरुषों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, डिप्टी कलेक्टर भैरपाल सिंह, चारुल यादव अन्य अधिकारी गणों एवं कर्मचारियों के द्वारा भी जिलाधिकारी की प्रेरणा से दोनों महान विभूतियों के जीवन चरित्र पर अपने अपने माध्यम से प्रकाश डाला गया। गोष्ठी से पूर्व सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला खान अधिकारी रंजीत निर्मल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार अन्य संबंधित अधिकारी गण एवं कलेक्ट्रेट स्टॉफ उपस्थित रहा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य :मुख्यमंत्री जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

समाज जागरण

गोरखपुर, 2 अक्टूबर ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

सीएम योगी ने उक्त हिदायतें सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान दीं। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने जनपद समेत अन्य जिलों से आए लोगों की समस्याएं



सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पार मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दर्शन में इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सोमवार प्रातःकाल मंदिर के गोसेवा केंद्र (गोशाला) में गोसेवा की। सीएम ने गोवंश को सभी दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

# देश व धर्म को समर्पित होता है संत का जीवन : सीएम योगी

## युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 54वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह

गोरखपुर, 2 अक्टूबर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक संत का अपना व्यक्तिगत जीवन नहीं होता। वह देश व धर्म के लिए समर्पित होता है। देश और समाज की आवश्यकता ही संत की प्राथमिकता होती है। महंत दिग्विजयनाथ जी ऐसे ही संत थे। उन्होंने अपने समय की चुनौतियों के लिए संघर्ष किया।

सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धाजंलि समारोह के अंतर्गत सोमवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी का संबंध राजस्थान के मेवाड़ के उस राणा कुल से है, जिसने देश के स्वाभिमान के लिए लड़ते हुए अपना जीवन मातृभूमि को समर्पित कर दिया। उन्होंने यहां पर अनेक धार्मिक राजनीतिक अनुष्ठानों से जुड़कर कर समाज के लिए कुछ नया करने का प्रयास किया।

### शिक्षा पर रहा ब्रह्मलीन महंत जी का सर्वाधिक जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों के आश्रमों में विज्ञान के शोध होते थे इसलिए राक्षसगण उस पर आक्रमण करते थे। महंत दिग्विजयनाथ जी ने गोरक्षपीठ से जुड़कर सबसे पहले शिक्षा पर जोर देते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। युवा पीढ़ी राष्ट्रभावना से ओत प्रोत हो, इसके लिए उन्होंने अपने संस्थानों का विस्तार किया। उनके द्वारा स्थापित शिक्षा परिषद एक विश्वविद्यालय की स्थापना में योगदान देने के साथ एक अपना विश्वविद्यालय स्थापित कर चुका है। साथ ही ही चार दर्जन शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करके राष्ट्र व समाज से जुड़े ज्वलंत चुनौतियों के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने का काम कर रहा है।

नेतृत्व के साथ कदम मिलाकर चलें

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक नया भारत है। इसमें नेतृत्व का ही नहीं, हम सभी का दायित्व है कि हम देश के नेतृत्व के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। इसके लिए हमें शिक्षा पर ध्यान देना होगा । राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसके लिए एक संकल्प पत्र है। इसके आधार पर हम देश के साथ-साथ अपने जीवन के सपनों को साकार कर सकते हैं। महंत दिग्विजयनाथ जी न केवल शिक्षा में ही अपितु राजनीति के जरिए राष्ट्र के अभियान



से जुड़े। उन्होंने बिखरे हुए नाथ योगियो को संगठित करने के लिए योगी महासभा का गठन किया। देश के उत्थान के लिए उन सभी आंदोलनों से जुड़कर उन्होंने कार्य किया, जिनके द्वारा समाज व राष्ट्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हो। सीएम



ने कहा कि अपने पूर्वजों के लिए हम भारतीय पूरे 15 दिन कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इसलिए हमसे अच्छा अपने महापुरुषों के प्रति भाव को कौन समझ सकता है। हम उनके मूल्यों व आदर्शो पर चलते हुए उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### योग्य गुरु थे महंतद्वय : जगद्गुरु रामानंदाचार्य

इस अवसर पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य डॉ राजकमल दास वेदांती जी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं महंत अवद्यनाथ जी महाराज, दोनों ही योग्य गुरु रहे। किसी व्यक्ति में योग्यता देखते ही पहचान लेते थे।अयोध्या से पधारे महंत कमलनयन दास जी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी ने रामजन्म भूमि तथा हिंदुत्व के लिए आगे आकर नेतृत्व किया। आज उनके संकल्प तथा तपस्या के फलस्वरुप प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

जूनागढ़ गुजरात से पधारे महंत शेरनाथ बापू जी ने कहा कि पूज्य महंतद्वय ने शिक्षा तथा चिकित्सा के माध्यम से समाज में अदभुत योगदान दिया। जबलपुर से पधारे महंत नरसिंह दास जी महाराज ने कहा कि जिस दिन राजसत्ता के शिखर पर धर्म सत्ता बैठेगी उसी दिन भारत विश्व गुरु बन जाएगा। ब्रह्मलीन युगपुरुष महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी ने राष्ट्र को उन्नत करने के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य सहित सभी आयामों पर कार्य किया। गाजियाबाद से पधारे स्वामी नारायण गिरी जी महाराज ने कहा कि पूज्य दिग्विजयनाथ जी महाराज ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई और पूज्य अवेद्यनाथ जी सामाजिक समरसता के साथ हिंदू जागरण के लिए प्रयास करते रहे। आज योगी आदित्यनाथ के रूप में दिग्विजयनाथ जी का दर्शन होता है जो कि उनके सपनों को साकार कर रहे हैं। अयोध्या से पधारे जगतगुरु स्वामी दिनेशाचार्य जी महाराज ने कहा कि गुरु की महिमा का वर्णन करना कठिन होता है। मां अपनी गोद में बैठाती है, पिता कंधों पर बैठाता है किंतु गुरु सर्वप्रथम अपने शिष्य को स्वयं के पैरों पर खड़ा होना सिखाता है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो उदय प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की यात्रा 1932 से प्रारंभ हुई। धीरे-धीरे हम आगे बढ़ते गए आज लगभग पांच दर्जन संस्थाएं हो गई हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न आयामों से संबंधित है। इन 91 वर्षों में परिषद द्वारा दो विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना में हमारा सहयोग है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने मैकाले की शिक्षा नीति से लड़ाई लड़ने के लिए इसकी स्थापना की, बाद में वामपंथी विचारधारा से भी शिक्षा परिषद ने लड़ाई लड़ी। आज हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आदर्श रूप में लागू करने के लिए प्रयासरत है। राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने इस शिक्षा परिषद को अपेक्षाओं के अनुरुप पुष्पित व पल्लवित किया। इस आयोजन में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रास कन्ट्री सीनियर वर्ग बालक/बालिका प्रतियोगिता की गयी आयोजित।

## प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, एशियन मेडलिस्ट प्रमोद कुमार एवं यू0पी0 ओलंपिक बाक्सिंग सेक्रेटरी द्वारा किया गया।

**क्रास कन्ट्री सीनियर वर्ग बालक/बालिका प्रतियोगिता में 120 बालक एवं 80 बालिकाओं द्वारा किया गया प्रतिभाग।**

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेशों के क्रम में एवं जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्धनगर के तत्वाधान में आज मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में क्रास कन्ट्री सीनियर वर्ग बालक/बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपक्रीड़ा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अनीता



नागर ने जानकारी देते बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में 120 बालक एवं 80 बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, एशियन मेडलिस्ट प्रमोद कुमार एवं यू0पी0 ओलंपिक बाक्सिंग सेक्रेटरी द्वारा किया गया। आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में चंदन ठाकुर प्रथम, सोमित द्वितीय, अंकुश नायक तृतीय, आफताब चतुर्थ, मनोज पंचम, सनी ने षष्ठ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर बालिक वर्ग में लक्ष्मी प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय, रिया गौतम तृतीय, आराध्या चतुर्थ, तनु नागर पंचम, स्पंदन ने षष्ट स्थान प्राप्त किया। आयोजित प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ियों को उप निदेशक खेल लखनऊ मुद्रिका तिवारी, एशियन मेडलिस्ट प्रमोद कुमार एवं यू0पी0 ओलंपिक बाक्सिंग सेक्रेटरी द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जूडो प्रशिक्षक परवेज अली, कुश्ती प्रशिक्षक अनुज चौधरी, बाक्सिंग प्रशिक्षक ज्योति नागर, कम्प्यूटर ऑपरेटर नितिश सक्सेना भी उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री

## जयंती पर बापू व शास्त्री जी को याद किया सीएम योगी आदित्यनाथ ने दोनों विभूतियों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

### गांधी आश्रम में चलाया चरखा और खरीदे वस्त्र

गोरखपुर, 2 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। बापू के सत्य व अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

बापू (महात्मा गांधी) की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के टाउनहॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर रामधुन के बीच माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सीएम योगी ने शास्त्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री गोलघर के गांधी आश्रम भी पहुंचे और चरखा चलाकर उन्हें याद किया। सीएम ने गांधी आश्रम में सूत कातने की



विधि को देखने, जानकारी लेने , खादी व ग्रामोद्योग के उत्पादों का अवलोकन करने के बाद खादी के वस्त्र भी खरीदे।

लोकतांत्रिक मूल्यों से झुकाया जा सकता है बड़ी से बड़ी ताकत को : सीएम योगी

गांधी आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है। बापू ने उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों व निकायों में स्वच्छांजलि का कार्यक्रम चल रहा है। स्वदेशी, स्वावलंबन, सत्य व अहिंसा का जो मार्ग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिखाया था, उसके साथ ही उनके लिए स्वच्छता का अभियान भी बहुत महत्वपूर्ण था। स्वच्छांजलि का कार्यक्रम बापू के इसी अभियान से प्रेरित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि जय जवान-जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता के प्रति आह्वान करने वाले शास्त्री जी बापू के परम अनुयायी भी थे। आज देश व समाज में उनके योगदान को नमन करने का भी अवसर है।

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा, बांटे गये साढ़े चार लाख लंच पैकेट

समाज जागरण

लखनऊ, 2 अक्टूबरः योगी सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये।

### प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादात्तर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदेलखंड के जिले शामिल हैं। वहीं 31 जिलों में सामान्य यानी 80 से 40 प्रतिशत बारिश हुई है। उधर, प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य से कम यानी 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में उन्होंने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनमानस और मवेशियों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये थे। इसके लिए पहले से पूरी पुख्ता तैयारियों रखने के आदेश दिया था ताकि जन हानि को शून्य किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का असर भी देखने को मिला। प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 37 जनपदों में राहत कार्यों के चलते जन हानि काफी कम रही।

### साढ़े चार लाख से अधिक लंच पैकेट किए गए वितरित

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के 37 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इनमें से 34 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे। वहीं प्रदेश के 20 जिले अत्याधिक बाढ़ प्रभावित रहे, जहां पर युद्धस्तर पर राहत कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि इन 20 जिलों में पश्चिम यूपी के 14 जिले मुजफ्फनगर, बिजनौर, फरुर्खाबाद, सहारनपुर, आगरा, अमरोहा, मेरठ, बागपत, मथुरा, शामली, बदायूं, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और गाजियाबाद शामिल हैं जबकि अवध के पांच जिले बाराबंकी, खीरी, हरदोई, गोंडा और सीतापुर बाढ़ से प्रभावित रहे हैं। वहीं पूर्वांचल

**– प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले सीएम योगी की समीक्षा बैठक का दिखा असर**

**– सीएम योगी की मॉनिटरिंग से इस वर्ष बाढ़ प्रभावित जिलों में काफी कम हुई जनहानि**

**– प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिश, बाढ़ से प्रभावित हुए 34 जिले**

**– अत्याधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में बनाई गई तेरह सौ से अधिक बाढ़ चौकियां**

का एक जिला बस्ती अत्याधिक बाढ़ से प्रभावित रहा है। इन जिलों की 84 प्रभावित तहसील के 1287 गांव के करीब पांच लाख लोगों को राहत पहुंचाने के लिए 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। वहीं मेडिकल संबंधी समस्या से निपटने के लिए 2647 मेडिकल टीमों को एक्टिव किया गया। इसी तरह बाढ़ पीड़ितों को भोजन की समस्या न हो इसके लिए 69,726 खाद्यान्न पैकेट सामग्री के बांटे गये। इस दौरान 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये। अत्याधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में फरुर्खाबाद पहले स्थान पर रहा, जहां 116 गांवों के 75,453 लोग बाढ़ की चपेट में आएं। यहां पर 52 बाढ़ चौकियों को स्थापित किया गया जबकि 1003 मेडिकल टीम को गठित किया गया।

# गांधी जयंती के अवसर पर राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में किशोर न्याय समिति, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पायलट प्रोजेक्ट के क्रम में 7 दिवसीय बाल मेले का हुआ शुभारंभ।

## बाल मेले के माध्यम से किशोर में उनकी रुचि के अनुसार स्किल डेवलपमेंट कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा।

गौतम बुद्ध नगर 2 अक्टूबर 2023

किशोर न्याय समिति, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पायलट प्रोजेक्ट के क्रम में आज 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर



राजकीय संप्रेषण गृह किशोर गौतम बुद्ध नगर में



सात दिवसीय बाल मेला (मेरा हुनर मेरी पहचान) कार्निवल 2023 के तहत योग, मेडिटेशन, खेल, थिएटर, पेंटिंग, वोकेशनल, ट्रेनिंग आदि कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय जिला जज अवनीश सक्सेना, डीएम मनीष कुमार वर्मा, सचिव पूर्ण कालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय, एडिशनल पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा प्रीति यादव, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड दिव्याकांत सिंह राठौर, बेनेट विश्वविद्यालय के कुलपति, शारदा लॉ कॉलेज के पदाधिकारी एवं अन्य स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बाल मेले का मुख्य उद्देश्य राजकीय संप्रेषण गृह किशोर गौतम बुद्ध नगर में निरुद्ध किशोर में उनकी रुचि के अनुसार स्किल डेवलपमेंट कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले सात दिवसीय बाल मेले का समापन 8 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध

# कायस्थ समाज के लोगों ने शास्त्री जी की जयंती धूम धाम से मनाई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के संयुक्त तत्वाधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर सिविल लाइन स्थित शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने भाग लिया। तो वहीं गोष्ठी का भी आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता चित्रांश महासभा के जिला अध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और कहा गया कि लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री रहते हुए भी अपनी सादगी को नहीं छोड़ा यही कारण है कि कायस्थ समाज लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने घोषणा किया की शास्त्री चौराहा का सुंदरीकरण अपने निधि



से करवाएंगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महामंत्री संजय लाला, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिला महामंत्री सावन श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव,चित्रांश महासभा के युवा अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, संजय लाला ठेकेदार, हिमांशु श्रीवास्तव,हृदेश श्रीवास्तव, डॉक्टर ए के श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिद्धराज, अन्नू श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, राम जी श्रीवास्तव, भूपेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, राघवेंद्र शास्त्री, शरद श्रीवास्तव,विवेक श्रीवास्तव धीरू, बबलू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों ने गांधी मैदान पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वी जयंती(02 अक्टूबर) एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास एवं सादगी से मनाया गया।

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वी जयंती(02 अक्टूबर) एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास एवं सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री सूरज पटेल ने कलेक्ट्रेट में झंडारोहण कर अधिकारियो/ कर्मचारियों को अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास की शपथ दिलाई। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, अम्बेडकर पार्क में डा0 भीमराव अम्बेडकर एवं महात्मा बुद्ध जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया, के अलावा अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री धीरेन्द्र प्रताप, अपर उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित अनेक अधिकारियो/कर्मचारियों ने मल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किये।

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री सूरज पटेल ने महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर मल्यार्पण किया और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने अधिकारियो/कर्मचारियों से कहा कि आप सरलता एवं सहजता को दृष्टिगत रखते हुए कार्य को चुनौती के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि पटलो से संबंधित कार्य को



कराने के लिए दूर दराज से आने वाली जनता आती है मृदुल भाषा का प्रयोग करते हुए कार्य को नियमानुसार करे, तभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने उक्त महापुरुषों के जन्मदिवस पर समस्त अधिकारियो/कर्मचारियों को बधाई दी।

अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) श्री विनय कुमार पाठक ने कहा कि देश के दो महान विभूतियों को जयंती मना रहे है, गांधी जी का मुख्य उद्देश्य सत्य, अहिंसा, प्रेम के साथ जीवन व्यतीत किया जाय तभी देश और प्रदेश का विकास होगा और आप में भाईचारा बना रहेगा।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अगुवाई करके देश को आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि हम सब लोगो को संविधान के दायरे में रहकर अपने अपने दयित्यो का निर्वाहन करना चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है के तहत अपने घरों व आस पास की साफ सफाई करे ताकि अनेक प्रकार की बीमारियों से बचा जा सके।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कहा कि गांधी जी दक्षिण अफ्रीका जाकर सत्य, अहिंसा एवं प्रेम का प्रचार किया, के उपरांत भारत लौटकर स्वतंत्रता के आन्दोलन को आगे बढ़ाया और बेरोजगारी, कुटीर उद्योग, स्वराज्य की स्थापना की और स्वच्छता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कई आंदोलन चलाकर लोगो को जागरूक कर आजादी दिलाने का काम किया और देश का बटवारा हुआ जिसे स्वीकार नहीं किया। हमे गांधी जी और शास्त्री जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर कार्य करे।

# जिले की संसद ने धूमधाम से मनाया महात्मा गांधी का 154 वी जयंती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वी जयंती(02 अक्टूबर) एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर प्रेक्षागृह में सफाई मित्र सम्मान समारोह का शुभारंभ सांसद/केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार, साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का स्वागत भजन गाकर किया।

मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता ग्राहियो/सफाई मित्रो का सम्मान करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है, कोई कार्य छोटा,बड़ा नही होता है, होती है तो नियत छोटी बड़ी हो सकती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने एक सपना देखा था एक स्वच्छ भारत का जिसको साकार करने के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाकर साकार कर रहे है। महात्मा गांधी जी ने अहिंसा के मार्ग को चुनकर देश की आजादी दिलाने में अपना अहम योगदान दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री ने राजनीति में सुचित्ता एवं समानता के लिए जाने जाते है। उन्होंने कहा की संकल्प से बड़े से बड़े कार्य आसान हो जाते है कोई भी कार्य धरातल पर शत प्रतिशत होता है जब जन भागीदारी होती है। हमारे स्वच्छता ग्राही साफ सफाई का कार्य करते है जिसका सम्मान हमारे प्रधानमंत्री जी ने पैर धोकर किया है। उन्होंने कहा कि हम सबका कर्तव्य है की अपने आस पास की साफ सफाई रखे। साफ सफाई से स्वास्थ्य जीवन मिलता है और बीमारियां नही पनपती है। स्वच्छता के साथ साथ अपनी मानसिकता की भी सफाई जरूरी है जैसे अपने वृद्ध माता पिता का सम्मान करना, दूसरे की बहन बेटियों को अपना मानना, दहेज नहीं लेना जैसे कुरीतियों को अपने समाज से हटाना हम सबका परम कर्तव्य है।

विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि स्वच्छता ग्राहियों का स्वच्छता के प्रति योगदान स्वागत योग्य है। स्वच्छता से ही स्वस्थ जीवन की कल्पना कर सकते है,



जब स्वच्छ जीवन होगा तभी हम अपना अपना भविष्य बेहतर बना सकते है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मा0 भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मुखलाल पाल ने कहा कि महात्मा गांधी जी के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए अपने देश को स्वच्छ बनाना है, जो हमारे प्रधानमंत्री जी का आह्वान है कि अपने आस पास साफ सफाई करके गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे।

मुख्य प्रभारी जिलाधिकारी/विकास अधिकारी श्री सूरज पटेल ने कहा कि साफ सफाई करने वाले ईश्वर तुल्य है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी पत्तल उठाकर साफ सफाई के कार्य को छोटा नही समझा इसलिए कोई भी कार्य छोटा बड़ा नही होता है। उन्होंने कहा कि अपने परिवेश की साफ सफाई व अपना कूड़ा व जिम्मेदारी निभाएं तो स्वच्छ एवं स्वास्थ्य भारत होगा। उन्होंने कहा कि भारत देश की भविष्य नीव दो बातो पर टिकी है एक तो साफ सफाई , दूसरी शिक्षा के दम पर हम अपने आपको सुन्दर व स्वास्थ्य भविष्य का निर्माण कर सकते है।

इस अवसर पर जनपद के 13 विकास खंडों से 5-5 सफाई मित्रो कुल 65 व नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के 5-5 सफाई मित्रो कुल 50 को शील्ड, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ईओ सदर सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

इसके पूर्व सांसद/केन्द्रीय राज्यमंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेयी ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# राष्ट्रगान के पश्चात सभी प्रकार के आतंवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने एंव सभी वर्गों के बीच शान्ति एवं सामाजिक सद्भाव बनाये

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिला कारागार, फतेहपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लालबहादुर शास्त्री जी के जयन्ती पर मुख्य द्वार पर प्रभारी जेल अधीक्षक/ कारापाल सुरेश चन्द्र के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। राष्ट्रगॉन के पश्चात सभी प्रकार के आतंवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने एंव सभी वर्गो के बीच शान्ति एवं सामाजिक सद्भाव बनाये रखने की सपथ दिलायी गयी। उसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं स्व० लालबहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण एवं माल्यार्पण किया गया। कारागार के अन्दर बंदियों के बीच उनके जीवन परिचय व विचार धाराओं के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जेल में निरूद्ध पुरुष एवं महिला बंदियों द्वारा गीत-संगीत भी प्रस्तुत किया गया और पुरूष बंदी वर्ग, महिला बंदी वर्ग,



किशोर बंदी वर्ग के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला जिसका विषय था " बिना देखे राष्ट्रपिता महत्मा गाँधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लालबहादुर शास्त्री जी का चित्र बनाना । चित्रकला प्रतियोगिता में कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा बढ-चढकर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम के बाद कारागार के अन्दर व बाहर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उप कारापाल के0पी0 सिंह अरिवार, श्रीमती माया सिंह, वरिष्ठ सहायक माजिद अली, लेखाकार अनिरुद्ध कुमार एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें। बंदियों के मध्य उल्लास का माहौल रहा।

# गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम आयोजित किया गया है

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर नित्या पाण्डेय अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर ने बताया कि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानसुार गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम आयोजित किया गया है उक्त स्वच्छता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील विधिक सेवा समितियो इत्यादि द्वारा अपने कार्यालय एवं समीपवर्ती परिसर में गहन स्वच्छता अभियान, स्वच्छता कार्य सम्पादित किया गया एवं दिनांक-15.09.2023 से 02.10.2023 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम भी चलाया गया। आज दिनांक-02.10.2023 को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर, अध्यक्षता में जनपद न्यायालय फतेहपुर में सर्वप्रथम एन0सी0सी0



के बच्चो, स्कूल व कालेज के बच्चो व पराविधिक स्वयं सेवको द्वारा स्वच्छता जागरुकता अभियान की प्रभात फेरी का आयोजन हरी झण्डी दिखा कर रैली को रवाना किया गया तत्पश्चात समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर मल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया एवं जनपद न्यायाधीश द्वारा महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के विचारो को विस्तार से बताते हुये उसे आत्मसात करने की आवश्यकता पर उद्बोधन व्यक्त किया गया।

इसी क्रम में जनपद न्यायालय फतेहपुर में कार्यरत उत्कृष्ट कोटि का स्वच्छता कार्य सम्पादित करने वाले कर्मचारी रतन लाल को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहपुर द्वारा एक सजीव पौधा भेंट कर पुरस्कृत किया गया एवं माननीय महोदय द्वारा दशहरी आम का वृक्ष भी रोपित किया गया जिसे गांधी वृक्ष का नाम दिया गया।

# ऐतिहासिकता को स्पर्श करता दिखा निश्चल भारत सम्राट का विमोचन कार्यक्रम

**मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने समाचार पत्र को प्रगतिवान बनने का दिया शुभाशीष**

**भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को दी भव्यता**

**जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मान**

**संपादक जेम्स पॉल व उप संपादक मैसर अब्बास ने अतिथियों का सम्मान कर जताया आभार**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। महात्मा गांधी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर दोआबा में बसे ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहरों व मान्यताओं को संजोए हुए फतेहपुर जनपद के गौरवशाली पत्रकारिता के क्षेत्र में अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जन्मस्थली से 02 अक्टूबर को अस्तित्व में आए हिन्दी साप्ताहिक निश्चल भारत सम्राट के विमोचन कार्यक्रम की साक्षी जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति बनी। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची केंद्रीय मंत्री साध्वी ने ज्योति ने हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र निश्चल भारत सम्राट के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में इसे मील का पत्थर बताया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने निश्चल भारत सम्राट परिवार को शुभकामनाएं देते हुए समाचार पत्र में



समाज से जुड़ी हुई समस्याएं, शासन प्रशासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बीच की मजबूत कड़ी बनकर जनमानस को विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने हेतु लेखनी के माध्यम से जागरूक करने की अपील की। इसके पूर्व कार्यक्रम में आए सभी अतिथि गणों का बुके भेंट कर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का भी फूल माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निश्चल भारत सम्राट के संपादक जेम्स पॉल ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार सीबी सिंह त्यागी ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से तेलियानी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक त्रिवेदी, भाजपा नेता पंकज त्रिपाठी, हिंदुस्तान समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ दिलीप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार करुणा सिंधु चतुर्वेदी, प्रभात व्यूज के कार्यकारी संपादक रोहित माहेश्वरी, प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा, पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष विकास त्रिवेदी राहुल, वरिष्ठ पत्रकार नितेश श्रीवास्तव, लोकेंद्र सिंह, दिलीप सैनी, शकील सिद्दीकी, कुलदीप जैन जॉन, इसरार अहमद, पारुल सिंह, जरेर्याब खान, डा. इलियास, मनीष पाल, अखिलेश यादव, मुकीम अहमद, लइक अहमद, जगन्नाथ, इरफान काजमी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों का निश्चल भारत सम्राट के उप संपादक मैसर अब्बास, शारिब कमर अजमी, प्रदीप मिश्रा आदि ने फूलमाला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आभार जताया।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई गांधी और शास्त्री जी की जयंती

**गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2014 को हुआ था राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन का शुरूआत**

**देश की आजादी में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का अनंत है योगदान**

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। मोहन दास करम चंद्र गांधी यानि महात्मागांधी आदर्श राजनेता और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पूरे भारत देश में मनाई जाती है। इसी क्रम में इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा धन्धरा में स्थित श्री राम प्यारेलाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। उक्त विद्यालय के प्रबंधक गिरीश कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्हें हम बापू और राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं वे महान महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी थे। यदि हम यह कहें कि आज के भारत के निर्माण में गांधी जी का सर्वाधिक योगदान था तो कुछ भी गलत नहीं



है। क्योंकि भारत की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उन्होंने सभी धर्मो के लोगों को एक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। महात्मा गांधी ने तमाम उम्र सिर्फ देश के विकास के बारे में सोचा। इसलिए उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी भी कोई राजनीति पद नहीं लिया। वहीं विद्यालय प्रबंधक ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को नमन करते हुए कहा कि उनके ही कुशल नेतृत्व में भारत ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। और लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री होते हुए जय जवान जय किसान का नारा देकर दुश्मन देश के दांत खट्टे किए थे। और उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने का भी काम किया था। बताते चलें कि गांधी जयंती के अवसर पर सरकार की तरफ से 2 अक्टूबर 2014 को राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन की शुरूआत किया गया था। कार्यक्रम के अवसर पर उक्त विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी, सहायक अध्यापक संजय चौधरी, सहायक अध्यापका ममता वर्मा, कृष्णावती, सोनमती, कृष्णकांत श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

# उम्र की बंदिशों को तोड़ सी.पी.एस. में नन्हे-मुन्नों के संग उछले दादा- दादी ,नाना – नानी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर परंपरा एवं आधुनिकता का समन्वय करने की क्षमता विकसित करना शिक्षा का अहम उद्देश्य है उम्र की बंदिशों को तोड़कर बुजुर्गों ने खूब जौहर दिखाए। मौका था शहर के स्थानीय चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में दादा झ दादी, नाना - नाना अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस सम्मेलन, गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती का । सर्वप्रथम हमारे मुख्य अतिथि अरविंद कुमार श्रीवास्तव विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर इंजी. प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या डॉ. पद्मालया दास चौधुरी , हेड




मिस्ट्रेस रीना शुक्ला, विद्यालय प्रशासक श्री लाल जी श्रीवास्तव, श्री आशुतोष पाण्डेय ने सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की ,गांधीजी व शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए हुए दादा दादी नाना-नानी एवम् माता - पिता का भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर शुभकामना दशार्ते हुए कार्ड देकर स्वागत किया गया । इसके बाद नन्हें - मुन्नों द्वारा प्रस्तुत स्वागत, गीत और स्वागत नृत्य के माध्यम से सभी बुजुर्गों व अभिभवकों का स्वागत किया। पहचानो तो जाने गीत प्रतियोगिता में बुजुर्गों का यह खेल देखकर बच्चे खिलखिला कर हंस पड़े और तालियों की गडगड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया । दादा - दादी , नाना - नानी रैंप वॉक प्रतियोगिता में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बुजुर्गों ने नातिन नातियों के साथ इस मनोरंजक खेल में सहभागिता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एक बार फिर बचपन याद आ गया बच्चों के संग खेल कूद व उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर कई बुजुर्गों की आंखों में खुशी के आंसू छलछला आए।

मुख्य अतिथि अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने अपने इस कार्यक्रम के प्रति अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए यह बहुत बड़ा मंच है और बुजुर्गों को अपने विचार और क्रियाकलापों को प्रदर्शित करने का एक अवसर मिलता है जिसमें वे प्रसन्नता का अनुभव करते हैं , अपने बचपन को पुनः अनुभव करते हैं इनका आशीर्वाद विद्यालय परिवार और बच्चों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है । प्रधानाचार्या ने अपने वक्तव्य में कहा दादा - दादी, नाना - नानी की परिवार में बहुत अधिक महत्ता है , बच्चों के विकास में प्रेरक की भूमिका निभाते हैं, संस्कारों का बीजारोपण करते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के संरक्षण से आत्मबल, संस्कार और जीवन जीने के लिए आदर्श गुणों की प्रेरणा मिलती है उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए दादा दादी नाना-नानी की लम्बी उम्र की कामना करते हुए उन्हें प्रतीक चिह्न स्वरूप पुरस्कार देकर सम्मानित किया । साथ ही महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती की महत्ता बताते हुए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की महत्ता बताते हुए बताया सी . बी. एस. सी. पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने से बच्चों में देश भक्ति की भावना और देश के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में समर्थ होंगे। उत्कृष्ट कार्यक्रमों के प्रदर्शन व प्रस्तुति में शिक्षकवृंद लगातर सहभागिता,मार्गदर्शन और सहयोग से आज के कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आए।

# नवागंतुक जिला अधिकारी ने लिया चार्ज

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर नवागंतुक जिलाधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती ने दिन सोमवार को कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों से बताया कि वर्ष 2012 बैच की आई0ए0एस0 अधिकारी हूं। उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली से प्रशासनिक सेवा शुरू की, सहारनपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, फतेहपुर एवं मुरादाबाद में मुख्य विकास अधिकारी, सचिवालय में पर्यटन विभाग, महिला कल्याण विभाग एवं कुंभ मेले में, सुल्तानपुर में जिलाधिकारी, लखनऊ में



स्वयं सहायता समूह के मिशन निदेशक के पद पर सेवाए दी है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास परक योजनाओं, जन कल्याणकारी योजनाओं, बेसिक बुनियादी ढांचे का सुद्रीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश के कार्य प्राथमिकता से किया जायेगा और जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता से किया जायेगा।

इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बापूजी के जन्मोत्सव मनाने के बाद शुरू हुआ सत्याग्रह

**सत्याग्रह आन्दोलन से थरार्या सत्ता धारी नेताओं का दल**

**सत्याग्रह आन्दोलन के सुरू होते ही फूले जिला प्रशासन के हाँथ पाँव**

**जिला प्रशासन ने जल्द सत्याग्रह आंदोलन बन्द करने का दिया आदेश**

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेयी**

विजयीपुर से गाजीपुर को जाने वाली सड़क पूरी तरीके से बदहाल और जर्जर पड़ी है । जिसको लेकर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडे व सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित सड़क बनवाने की मांग को लेकर नरैनी चौराहे पर अनिश्चितकालीन करने पर बैठ गए हैं । आम जनमानस की मांग को लेकर धरने में बैठने के बाद सत्ताधारियों को जमकर किरकिरी हो रही है ।



गांधी जयंती के दिन सत्याग्रहियों ने से पहले महात्मा गांधी को याद किया इसके बाद धरने की शुरूआत हुई । धरने का आगाज रामचरितमानस पाठ के साथ किया गया रामचरितमानस के साथ हो रहा है यह अनिश्चितकालीन धरना विजयीपुर से गाजीपुर मार्ग को बनवाने के लिए किया जा रहा है जिस पर सैकड़ो गांव के लोग सहमति जता रहे हैं । सोमवार की सुबह 11 बजे से धरने की शुरूआत की गई और फिर पहले दिन का यह धरना प्रदर्शन देर शाम तक शांतिपूर्वक ढंग से चला । लोकसभा चुनाव से पहले यह धरना सत्ताधारियों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है जिसको सत्ताधारी जल्द से जल्द खत्म कराना चाह रहे हैं । वही धरने पर बैठे बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडे ने पुलिस पर सत्ता की दबाव में आकर धरने को खत्म कराने का आरोप लगाया है । प्रवीण पांडे ने बताया कि नरैनी चौराहे पर रोड से हटकर शांतिपूर्वक ढंग से रामचरितमानस के पाठ के साथ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है । जिसमें किसी भी आम जनमानस को कोई समस्या नहीं आ रही है बावजूद इसके प्रशासन सत्ता के दबाव में आकर परमिशन मांग रही है । परमिशन न देने पर धरने को खत्म करने की धमकी दे रही है । प्रवीण पांडे ने यह भी कहा कि धरना शुरू होने से पहले प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ व जिले के उच्च अधिकारियों को रजिस्ट्री कर सूचना दे दी गई थी बावजूद इसके भी प्रशासन सत्ता के दबाव में आकर धरने को खत्म कराना चाह रही है ।

वहीं प्रवीण पांडे ने कहा कि आम जनमानस की आवाज उठाने से सत्ताधारी बौखलाए हुए हैं जो अपने विकास को न देखकर आम जनमानस की आवाज को दबाना चाहते हैं ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह का 2 अक्टूबर से हुआ शुभारंभ।

**दैनिक समाज जागरण**



स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सूर्य प्रकाश केसरवानी माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद / मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वर्चुअल तरीके से प्रातः 8:30 बजे किया गया। इसके पश्चात जनपद गौतम बुद्ध नगर में स्वच्छता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन श्री अवनीश सक्सेना जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया तथा महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर गांधी जी के जीवन चित्रण पर प्रकाश डाला गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान की कार्य योजना के अनुसार न्यायालय परिसर में तथा कलेक्ट्रेट परिसर तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमे न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ, पराविधिक स्वंय सेवक एवं ईश्वरचंद इन्टर कालेज बादलपुर एवं सिटी हार्ट इंटर कालेज दादरी के विद्यार्थी द्वारा बैंड प्रस्तुति के साथ प्रभात फेरी के माध्यम से जन सामान्य को स्वच्छता जागरूकता विषय पर जागरूकता के संबंध में संदेश दिया गया। 2 अक्टूबर के अवसर पर न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिला अस्पताल गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सा की टीम के साथ रक्तदान के लिए वैन उपलब्ध कराई गई रक्तदान शिविर में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ एवं प्राविधिक स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया। इस के साथ ही न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ एवं पराविधिक स्वंय सेवको द्वारा सफाई अभियान में प्रतिभाग किया गया। उक्त अवसर पर श्री अवनीश सक्सेना मा0 जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर, श्री विकास नगर अपर जिला जज पोक्सो कोर्ट, श्रीमती ऋचा उपाध्याय अपर जिला जज सचिन पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर, श्री सुशील कुमार मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट, श्री नीरज तंवर सचिव जिला बार एसोसिएशन, श्री उमेश भाटी अधिवक्ता जिला बार एसोसिएशन गौतम बुद्ध नगर एवं अधिक संख्या में अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवक तथा न्यायालय स्टाफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित हुए।

# बापू और शास्त्री जी धूमधाम से मनाई गई जयंती: कोतवाली परिसर में किया गया ध्वजारोहण।



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 154 वीं जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए याद किया। पुलिस गारद की सलामी के उपरांत सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन चरित्र तथा उनके द्वारा दिखाये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने, उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को कोतवाली प्रांगण में पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार सोनकर व प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन में अपनाना होगा। जो घर,आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म मे भी हो।गरीब व असहाय लोगों के प्रति उदारता एवं सहानुभूति के साथ उनका आदर सत्कार करें। ईश्वर नें हम सबको यह अवसर दिया है कि हम सब ऐसे सभी लोगों की सेवा कर सकें। यह वर्दी हम सबकी शान है और सदैव इसकी गरिमा को बरकरार रखना हम सबका प्रथम कर्तव्य है। हमें अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से प्रत्येक व्यक्ति की सहायता व सहयोग करना है।ऐसे महान व्यक्तित्व का सपना तभी पूर्ण होगा जब हम सब शांति,अहिंसा, सत्य,समानता,महिलाओं के प्रति सम्मान जैसे आदर्शों पर चलेंगे। इस अवसर पर सीओ भरत सिंह सोनकर ,प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह,एसआई गोपाल सिंह,सोहन सिंह, पुंडीर, विवेकानंद चौकी प्रभारी कासमपुरगढ़ी संदीप सिंह,एसआई मुकेश कुमार समस्त पुलिसकर्मी मौजूद थे। उधर कुंवर हरिशचंद्र स्मारक इंटर कॉलेज कासमपुरगाढ़ी में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर ध्वजारोहण के उपरांत कॉलेज प्रबंधक कमेटी के मैनेजर मेघनाथ सिंह चौहान, प्रधानाचार्य श्याम सिंह जी, मास्टर विपिन कुमार सहित स्कूल के अध्यापकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके पद चिन्ह पर चलने का संदेश दिया साथ ही क्षेत्र के तमाम सरकारी गैर सरकारी कार्यालय व संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वह प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक आ-फर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का रामपुर में गठन

**शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का रामपुर में गठन हो गया हैं। सर्वसम्मिति से यूनियन का जिलाध्यक्ष शावेज अहमद को बनाया गया हैं जबकि संयोजक शुऐब सिद्दीकी को बनाया गया हैं। वहीं जिला उपाध्यक्ष मिलक के मनोज कुमार, परवेज अहमद को जिला महासचिव, यासीन खां को जिला सचिव, शाहबाद के विनोद कुमार गुप्ता को संगठन मंत्री, गुलजार आलम खां को कोषाध्यक्ष बनाया गया हैं। बिलाासपुर के मोहम्मद यासीन अहमद सदस्य, सैफनी के सिंहराज सागर सदस्य तथा पटवाई के आर्यल गौतम को सदस्य बनाया गया हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पत्रकारों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शावेज अहमद ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से लेकर शासन तक उठाने का काम किया जायेगा। पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर संयोजक शुऐब सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों के खिलाफ दर्ज हो रहे झूठे मुकदमों से समाज में प्रशासन और सरकार का संदेश अच्छा नहीं जा रहा हैं। पत्रकारों के साथ आये दिन अभद्रता और उनके मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं जिसे किसी भी हालत में अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# रेल मंत्रालय ने सत्याग्रह 411 को बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड देश में अन्य स्टेशन पर दे रहा ट्रेन स्टॉपेज

***ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी***
***दैनिक समाज जागरण बिजनौर***




किरतपुर रेलवे स्टेशन बसी किरतपुर उत्तर रेलवे से रन थ्रो होकर निकल जाती सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12037 अप 12038 डाउन के स्टोपेज की मांग को लेकर आज सत्याग्रह संकल्प अभियान संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व रेलवे स्टेशन के बाहर निजी जगह पर बैठकर तीन आदमी ने 411 वा साप्ताहिक सांकेतिक लगातार धरना दिया।
धरना प्रदर्शन स्थल से संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ने कहा रेलवे बोर्ड नई दिल्ली इस महा अन्य स्टेशन पर दिए जा रहे हैं ट्रेन ठहराव ट्विटर पर उनकी समय सारणी आ रही है और हम उसको देख रहे हैं जब अपने बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन पर एक दशक से सत्याग्रह साप्ताहिक लगातार शान्ति पूवर्क धरना देकर व अन्य कोशिशें कर के दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रायल स्टोपेज की मांग की जा रही है और मांग का नाम नहीं देखे तो हमें बड़ी मायूसी होती है

**रेल मंत्रालय ने सत्याग्रह 411 को बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड सत्याग्रह धरना देश में अन्य स्टेशन पर दे रहा है लगातार ट्रेन स्टॉपेज**

जबकि देश में जहाँ जहाँ ट्नो के स्टोपेज की आवश्यकता होती है वहा लगातार रेल मंत्रालय नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टोपेज दे रही है क्या हम नगर किरतपुर वासी किसी राजनीति के शिकार हो रहे हैं। धरने के पश्चात स्टॉपेज मांग पत्र स्टेशन मास्टर अरविंद कुमार राठी को दिया गया आरपीएफ व जीआरपीएफ बिजनौर के इंचार्ज धरने की निगरानी में रहे । धरना स्थल पर संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ,नन्हा आंदोलनकारी सुल्तान याहिया, खुर्शीद अहमद भाई जी, इमरान सिददीकी, सचीन आदि

# मदरसा ज़ियाउल उलूम में गाँधी एवं शास्त्री जयन्ती मनाई

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर सरायतरीन बारादरी स्थित मदरसा ज़ियाउल उलूम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्रधानाचार्य मौलाना राशिद अली ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं एवं मदरसा स्टॉफ को दोनो महान विभूतियों के बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस अवसर पर मदरसे का समस्त स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने अफजलगढ़ में मंडी समिति व तहसील को लेकर चर्चा



**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण** अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला किसान नेता मदन सिंह राणा के आवास पर पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता गौरव टिकैत ने किसानों के विभिन्न समस्याएं पर चर्चा की यूनियन के संगठन पर भी विचार विमर्श किया तथा गन्ना सट्टा श्रेणी परिवर्तन करने सहित कुछ समस्याओं पर चर्चा की गई और उन्होंने मौजूद किसानों को संगठन के माध्यम से सभी मुद्दों पर कार्य करने के लिए आश्वासन दिया और कहा की इस समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण जाएगा तथा तहसील के विषय पर चर्चा हुई जिसमें अफजलगढ़ को तहसील बनाने तथा अफजलगढ़ में मंडी समिति बनाना मुख्य रहा किसानों के बिजली की समस्याओं पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन के मुख्य कार्यकताओं में भाग लिया जिम विशेष तौर से ज्ञान सिंह कादरबाद, चरणजीत,अनिल राठी, मदन सिंह राणा,अतुल शर्मा , बाबू सिंह अनवरपुर चंडिका, जोगिंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे

# जीजा हुआ साली को लेकर फरार इससे पहले बड़ी बहन को भी भाग कर ले गया था पिता



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ थाना कोतवाली के गांव झाड़पुरा निवासी भगवन सिंह पुत्र हौरी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि एक अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 बजे उसकी पुत्री मीनाक्षी आयु लगभग 17 वर्ष किसी कार्य वंश अफजलगढ़ गई थी जब घर वापस नहीं पहुँची तो परिजनों ने युवती की तलाश की तो पता चला की मीनाक्षी को उसका जीजा लोकेश कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी गुल्लर गौजी थाना जसपुर जिला उधम सिंह नगर बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है मीनाक्षी को रवि कुमार ने लेजाते हुए देखा है परिवार वालो ने लौकेश को जसपुर घर जाकर देखा तो यह दोनो वहाँ भी नही है पीड़ित की बड़ी बेटी मनीषा को भी लोकेश तीन वर्ष पहले भगाकर ले गया था और गांव नादेही में शादी कर ली थी पीड़ित भगवान सिंह ने अपनी बेटी मीनाक्षी की जान माल व इज्जत का खतरा बताते हुए कार्यवाही करने की गुहार लगाई है पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर लोकेश कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम गूल्लगौजी थाना जसपुर जनपद उधम सिंह नगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

# जिला कमांडेंट ज्ञान प्रकाश के नेतृत्व में जनपद के समस्त ब्लॉक में किया गया श्रमदान

**दैनिक समाज जागरण**



संभल।जिला कमांडेंट ज्ञान प्रकाश के नेतृत्व में सभी कंपनी कमांडर ने अपने सभी होमगार्ड संभल द्वारा जनपद के समस्त ब्लॉक में वृहद श्रमदान किया गया जिसके अंतर्गत रायसत्ती पुलिस चौकी निकट माता के थान पर सफाई करने का कार्य जिला कमांडेंट ज्ञान प्रकाश, कंपनी कुमार कमांडर संजय कुमार गुप्ता, अनवर, सुनील सिंह, कंपनी कमांडर अमरपाल अपने सभी होमगार्ड व अधिकारियों ने 1 घंटे सफाई कार्य किया । जिसमें नालियों के आगे घास कूड़ा साफ किया गया । किनारो पर चूना डाला गया। लोगों से अपील की गई की आप भी अपना शहर साफ सुथरा रखें ज्ञान प्रकाश जिला कमांडेंट ने भी श्रमदान किया। उन्होंने समस्त होमगार्ड को अपना नगर ग्राम व घर साफ सुथरा रखने को कहा। "स्वच्छता ही सेवा है" की गाईडलाइन को पूरा किया गया। जिला कमांडेंट ज्ञान प्रकाश जी के नेतृत्व में हिलाल अनवर कंपनी कमांडर,संजय कुमार गुप्ता कंपनी कमांडर, सुनील कुमार गुप्ता कंपनी कमांडर,सलीम खा कंपनी कमांडर,भानु प्रताप , श्याम सिंह, रामप्रसाद ,होमगार्ड मरगूब, अमरपाल ,प्रीतम, संजीव व सभी कंपनियों के होमगार्ड , ट्रैफिक होमगार्ड ने भी श्रमदान किया।

# साफ-सफाई कर बीमारी दूर भगाएं:गांधी जयंती कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान के साथ सेवा पखवाड़ा का हुआ समापन।



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ सोमवार को नगर के मोहल्ला गौहर खां स्थित बाल्मिकी धर्मशाला में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री तथा भारत स्वच्छ अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की । प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारत 15 सितंबर से 2अक्टूबर तक स्वच्छ अभियान सेवा पखवाड़ा व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार सुशांत सिंह व भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं ने दोनों नेताओं के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी एवं उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। विधायक कुंवर सुशांत सिंह पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री सहित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्रों का माल्यार्पण किया तथा बाल्मिकी समाज धर्मशाला को ग्यारह हजार भेंट के रूप दी ।गांधी जयंती पर भारी संख्या में वाल्मीकि समाज की महिलाओं,पुरुषों एवं भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना तथा संचालन कर रहे सत्य प्रकाश पवार ने किया ।इस अवसर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली,भूपेन्द्र चौहान अतुल कुमार, सत्यप्रकाश पवार , एडवोकेट पूर्व चेयरपर्सन सलीम अंसारी ,नीतिन चौहान उर्फ पाटू , मनीष चौहान,वसीम अंसारी ,भीम सिंह रावत, पूर्व चेयरमैन नफीस अहमद , एडवोकेट अफजाल अंसारी ,सभासद मुकीब खान सूरी,कलवा कुरेशी ,महफूज खान, शाहनवाज हसन,कादिर अंसारी,अनीस अंसारी,रोहिताश आदेश पवार,राजवीर पंवार रंजीत पंवार ,आदेश पवार सहित भारी संख्या लोगों मौजूद रहे

प्रचार नही तो व्यापार नहीविज्ञापन के लिए संपर्क करे.

# जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंसुरिया दीन पासी की मनाई गई जयंती

**दैनिक समाज जागरण**



संभल। चंदौसी नगर कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंसुरिया दीन पासी की जयंती मनाई कांग्रेस के सभी पदाधिकारी कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि देते हुए श्रद्धांजलि दी गई सभी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विचार गोष्ठी की गई तथा चंदौसी फवारा चौक गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को शांति और अहिंसा सत्य और ईमानदारी के सफल प्रयोग करता के रूप में याद किया जाता है आज जब जब जब हिंसा बढ़ती दिखाई देती है तब तब उनके विचार अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं

**महात्मा गांधी प्रासंगिक है और हमेशा रहेंगे**

इस अवसर पर मुनेश कुमार जोशी सुनील शर्मा दुष्यंत कुमार सिंह सरदार बलवीर सिंह रामगोपाल सिंह एडवोकेट मोहम्मद सगीर सैफी एडवोकेट मंजर अब्बास,साहु संजीव कुमार पवन गिरी मोहर सिंह नेताजी सफीक ठेकेदार संजय नागर मौ मोमिन रुखसार हुसैन मोहम्मद साजिद कुरैशी एडवोकेट इंजमाम अली एडवोकेट मोहम्मद अब्बास आदि लोग मौजूद रहे

# "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी" व "पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री" के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण

**दैनिक समाज जागरण**



बहजोई।"गांधी जयंती" के अवसर पर पुलिस लाईन्स बहजोई में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सम्भल, कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी" व "पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री" के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में इन महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदान को याद करते हुए समस्त पुलिसकर्मियों को उनके सम्पूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सदमार्ग के रास्ते पर चलने की अपील करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को सत्य, अहिंसा व सदमार्ग पर चलते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा हेतु अपना योगदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पुलिस विभाग के समस्त चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण जो निरन्तर विभाग में अपनी सेवाएं दे रहें है, उन्हें उपहार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन व क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक सम्भल व अन्य अधिकारीगण के साथ-साथ पुलिस लाईन से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।इसके साथ ही पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं रक्तदान कर अमजान व पुलिस कर्मियों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया।



# श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान, हल्लू सराय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान, हल्लू सराय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई । सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलदीप कुमार गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल, हल्लू सराय वार्ड के सभासद वेद प्रकाश ठाकुर, प्रबंधक दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा और कल्कि सेना के जिलाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर बच्चों ने दोनों महापुरुषों के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक कविताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।इस अवसर पर विद्यालय द्वारा



गांधी जी के दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनीभी लगाई गई। इसके बारे में छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य ने विस्तार से जानकारी दी,

साथ ही कक्षा एक से आठ तक के बच्चों ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र भी बनाए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलदीप कुमार गुप्ता ने अपना विचार रखते हुए कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक महान व्यक्ति थे, उन्होंने सत्य और अहिंसा के बल पर समस्त विश्व में जो संदेश दिया। वह विश्व शांति के लिए उदाहरण बन गया । उन्होंने भारत को आजाद कराने में अनेकों आंदोलन चलाए।जिनके बल पर अंग्रेजों को देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। सभासद वेद प्रकाश ठाकुर उर्फ पप्पू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लाल बहादुर शास्त्री जो भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विषम परिस्थितियों में भी देश को संभाला। वह सादा जीवन और उच्च विचार पर विश्वास रखते थे।

अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम उपरांत बच्चों को फल वितरित किए गए। इस दौरान पूनम शर्मा, ज्योति, सौरभ कुमार, अक्षय कुमार शर्मा, संजू, प्रियांशु अग्रवाल, यश गुप्ता, शेखर कुमार, दीपक शर्मा, कनिका ठाकुर, नंदनी ,अनीता श्रीवास्तव ,रूपाली, शिवानी ,पारुल ,सुधा आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सभासद वेद प्रकाश ठाकुर और संचालन आकांक्षा ठाकुर ने किया।

# भारत की आजादी के लिए बापू का योगदान देश कभी नहीं भूल सकता है। अरशद अली खान गुड्डू

शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण

रामपुर ।2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी के जन्म दिन पर काजी गली में कांग्रेस विशेष कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अरशद अली खान गुड्डू एडवोकेट ने तिरंगा फहराया । इस अवसर पर अरशद अली खान गुड्डू एडवोकेट ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था।भारत की आजादी के लिए बापू का योगदान देश कभी नहीं भूल सकता है। यही कारण है कि हम हर साल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के रूप में मनाते हैं।

श्री अरशद गुड्डू ने कहा कि महात्मा गांधी का मानना था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं. अगर तुम्हारे मन में लक्ष्य तक पहुंचने को लेकर कोई नकारात्मक भाव रहता है तो असल जिंदगी में भी वैसा ही होने लगता है- गांधी जी मानते थे कि ऐसी स्थिति में हमें नकारात्मक विचारों को मन से हटा देना चाहिए और सिर्फ सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करते रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि गांधी जी ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ने के लिए अपने दुष्टात्माओं ,भय और असुरक्षा जैसे तत्वों पर विजय पाना है। गांधी जी ने अपने विचारों को सबसे पहले उस समय संक्षेप में व्यक्त किया जब उन्होंने कहा भगवान ही सत्य है बाद में उन्होंने अपने इस कथन को सत्य ही भगवान है में बदल दिया।

इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक महासचिव साहिर खान,नगर अध्यक्ष वारिस मियां,पीसीसी सदस्य शारिब अली खाँ,अध्यक्ष एनएसयूआई अर्सलान खां,उमेश दुबे, अता उर्रहमान खां गुड्डू, मोहम्मद अली खान एडवोकेट, मीनू खां, पीसीसी सदस्य निक्कू पंडित, हारून खां,फहीम खा, रिहान खां चुन्ना,नसीम मामू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे- अरशद गुड्डू की ओर से बड़ी संख्या में गरीब बस्तियों में फल वितरण किए गए

# नोडल अधिकारी ने काशीराम कालोनी पहुंच सफाई कार्य का लिया जायजा

शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण



रामपुर ।प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण/नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने शाहबाद गेट क्षेत्र में स्थित काशीराम कॉलोनी पहुंचकर वहां सफाई कार्य का जायजा लिया। वहां पर सफाई कार्य कर रहे सफाई कर्मियों से उन्होंने बातचीत की और उनसे सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता कराए जाने के संबंध में भी जाना। स्थानीय लोगों से भी उन्होंने स्वच्छता को लेकर बातचीत के दौरान उनसे कहा कि वह अपने आसपास साफ सफाई की स्वयं जिम्मेदारी लें और सरकार की स्वच्छता की इस मुहिम को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। इसके बाद वे रामपुर शहर में स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता मोहित राय से प्लांट के बारे में जानकारी प्राप्त की और जिले में 02 अन्य बंद पड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति और कारणों के बारे में भी जाना।

इसके बाद नोडल अधिकारी जिलाधिकारी के साथ रामपुर में स्थित आदर्श दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने दिव्यांग जनों के लिए उपलब्ध संसाधनों व सुविधाओं के बारे में फिजियोथैरेपिस्ट, मैनेजर और टेक्नीशियन से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुनर्वास केंद्र के बेहतर संचालन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों को इसके संचालन से लाभ मिलना चाहिए, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी यह सुनिश्चित करें।

पुनर्वास केंद्र के मैनेजर ने पुनर्वास केंद्र के लिए सरकारी भवन उपलब्ध कराने के बारे में कहा जिस पर प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी से यथोचित प्रबंध करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

प्रचार नही तो व्यापार नही- विज्ञापन के लिए संपर्क करें.

## सीएमएस द्वारा गांधी जयंती पर ध्वजारोहण कर भर्ती मरीजों को वितरित किए गए फल

लखीमपुर खीरी । जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में सीएमएस डॉक्टर आईके राम चंदानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसके पश्चात उनके व एमसीएच विंग अधीक्षक डॉक्टर एके श्रीवास्तव द्वारा गांधी व शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए इसके पश्चात सीएमएस डॉक्टर आईके रामचंदानी और सीएमएस डॉक्टर एक श्रीवास्तव सहित बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरपी वर्मा व वरिष्ठ परामर्शदाता एसके मिश्रा द्वारा इमरजेंसी वार्ड चिल्ड्रन वार्ड मेल मेडिकल वार्ड फीमेल मेडिकल वार्ड और जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए इस कार्यक्रम में जिला पुरुष चिकित्सालय व एमसीएच विंग में तैनात डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य स्टाफ द्वारा भी गांधी व शास्त्रीजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

# ज़िलाधिकारी रामपुर ने ध्वज फहराकर महत्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

शावेज अहमद /
दैनिक समाज जागरण



रामपुर ।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलेक्टर परिसर में गांधी जयंती के अवसर पर ध्वज फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपने पदीय दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें, यही उनके लिए सच्चे अर्थों में देश सेवा है। जरूरतमंद लोगों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सशक्त बनाना सरकार की मंशा है और उस मंशा को साकार बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति को सशक्त बनाने की जो परिकल्पना की थी उसे मूर्त रूप देने के लिए हर जरूरतमंद व्यक्ति का सशक्तिकरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

इस दौरान उन्होंने सभी को शपथ भी दिलाई।

# गांधी जयंती के अवसर पर न्यायालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत किया गया श्रमदान

शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण



रामपुर ।उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर दीवानी न्यायालय परिसर, कचहरी जनपद-रामपुर में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में व प्रधान न्यायाधीश कमल किशोर पांडे कि उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत समस्त अधिकारीगण व कर्मचारियों द्वारा कचहरी परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई कर व जनपद न्यायाधीश द्वारा समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एंव अधिवक्तागणों को साफ-साफई रखने हेतु शपथ दिलाई गयी साथ ही लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक ह्लस्वच्छता ही सेवाह्ल का प्रचार प्रसार किया गया साथ ही स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट कोटि का स्वच्छता कार्य करने वाले व्यक्ति को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सजीव पौधा भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

रश्मि रानी पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा 2 अक्टूबर से सम्पूर्ण जिले में विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सम्पूर्ण जनपद व तहसील स्तर व ब्लॉक स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयो तथा महाविद्यालयों द्वारा जनपद के आमजन के मध्य स्वच्छता के महत्व का प्रचार प्रसार करने हेतु एवं जागरूकता हेतु प्रभात फेरी एवं रैलियां निकाली जायेगी तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

साथ ही जनपद के समस्त विद्यालयो में स्वच्छता के महत्व के सम्बन्ध में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा विद्यालयों द्वारा अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टयां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामपुर को प्रेषित की जायेगी, दोनो संवर्गो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रविष्टियों को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व निर्वाचन मण्डल समिति रामपुर द्वारा चयनित व पुरस्कृत किया जायेगा।

# गांधी जयंती के अवसर पर सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित

शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण

रामपुर शहर स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में गांधी जयंती के अवसर पर सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण/नोडल अधिकारी रामपुर सुभाष चंद्र शर्मा, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, विधायक शहर आकाश सक्सेना और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने प्रतिभा किया।



सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में जिले की नगर पालिका और नगर पंचायत से 100 और ग्राम पंचायत से 100 सहित कुल 200 सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शासन के निदेशों के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि जमीनी स्तर पर जो सफाई कर्मी सफाई कार्य को बेहद गंभीरता पूर्वक कर रहे हैं उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी, सांसद, विधायक और जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों के कार्यों को प्रोत्साहित किया और कहा कि वह अपने दायित्व को गंभीरता पूर्वक निभाएं और स्थानीय लोगों को भी साफ-सफाई का महत्व बताएं ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप स्वच्छता के इस कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा सके। इसके बाद सभी ने थाना सिविल लाइन के सामने खाली स्थान पर वृक्षारोपण करके लोगों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल, अपरजिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेमसिंह, नगर मजिस्ट्रेट सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बापू – शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई, स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर स्वच्छता अभियान के प्रति किया जागरूक

## बापू को सच्ची श्रद्धांजलि हम देश व समाज की सेवा का संकल्प ले - संजीव शुक्ला

बिसौली आई एम खान। नगर व क्षेत्र में गांधी-शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी व जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया। कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया व राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री शुक्ला ने कहा कि जिस प्रकार दोनों महान हस्तियों ने राष्ट्र के प्रति पूरी ईमानदारी व कर्मठता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई उसी का अनुसरण कर हमें भी देश व समाज की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। यहां क्राईम इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, सनी चौधरी, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। संविलित विद्यालय पैगा भीकमपुर में बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। प्रधानाध्यापिका अर्चना वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया। ग्राम प्रधान विमला देवी ने मिष्ठान वितरित किया। शिक्षक सुमित कुमार व मोरपाल मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय रायपुर जगमन में छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक सुधांशु सक्सेना, गुलाब शंकर, शेफाली गोयल, ब्रह्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे। कायस्थ सभा के तत्वावधान में वेदप्रकाश सक्सेना एड. के आवास पर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। महेश चंद्र सक्सेना व वेदप्रकाश सक्सेना ने मां सरस्वती, चित्रगुप्त भगवान व शास्त्री जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया। रामबाबू सक्सेना ने समाज को संगठित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि एकता में ही शक्ति है। विजय सक्सेना ने अपनी कविताओं के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। मनोज व कौशल जौहरी ने स्वलिखित कविता पाठ किया। दीपक व सुनील सक्सेना ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अनिल सक्सेना, अवनीत, बंटी, सुधाकर सक्सेना, अरविंद, देवांश सक्सेना, पीयूष, राजीव, सुभाष सक्सेना, यशनंदन, सुशील गुल्ली, विवेक, चित्रा, सीमा, अशोक आदि मौजूद रहे।



# प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा ने मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

## निश्चित समयान्तराल पर निरन्तर संवासनियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाये

### संवासनियों को उनके परिवार के पास भिजवाने एवं पुनर्वासित करने हेतु प्रयास किये जाए

### विभागीय योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के दिये निर्देश

02 अक्टूबर 2023 लखनऊ।



प्रदेश के प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग व पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा ने जनपद बरेली में बीसलपुर रोड स्थित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बरेली चमन सिंह एवं उनके कार्यालय तथा संस्था के कर्मी उपस्थित रहें। संस्था में निरीक्षण के समय 51 संवासनियां मौके पर उपस्थित पायी गयी।

प्रमुख सचिव द्वारा संस्था में जाकर सबसे पहले संवासनियों से उनका हाल-चाल पूछा गया। भोजन के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी एवं उनसे काफी देर तक संवाद किया गया। साथ ही संस्था में लगे सीसीटीवी, टेलीविजन, स्वच्छ पानी एवं शौचालय की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। संवासनियों द्वारा बताया गया कि भोजन एवं आ-रओ के पानी की उचित व्यवस्था हैं। उन्होंने संक्रामक रोगों के सम्भावनाओं को देखते हुए सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि निश्चित समयान्तराल पर निरन्तर संवासनियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाये जिससे कोई संक्रामक रोग न फैलने पायें। संस्था में मच्छरों आदि से बचाव के लिए निरन्तर फॉगिंग कराते रहने के निर्देश दिये गये। संवासनियों से वार्ता के पश्चात उनके माता-पिता आदि का पता लगवाने एवं उन्हें परिवार के पास भिजवाने हेतु एवं कुछ संवासनियों की काउंसलिग कराकर उन्हें जीवन में नये सिरे से पुनर्वासित करने हेतु उनके विवाह इत्यादि के प्रयास महिला कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर कराये जाने के निर्देश दिये गये। संवासनियों को फल वितरण किया गया तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं कार्मिकों को संस्था की व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के उपरांत प्रमुख सचिव ने उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बरेली मण्डल, बरेली एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बरेली से विभागीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गयी तथा योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये ।

# जिलें में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी गांधी व शास्त्री जयंती



लखीमपुर खीरी । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्रीजी की जयंती पर सोमवार की प्रातः डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया फिर राष्ट्रगान हुआ और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जय घोषों से परिसर गूंज उठा डीएम ने राष्ट्रगान गाने वाली बलिकाओं को पुरस्कृत किया इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी सर्वप्रथम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एडीएम संजय सिंह ने गांधी व शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों मनोज श्रीवास्तव ध्रुव पुरी मनीष धवन नंद कुमार मिश्रा ब्रह्मऋषि नागर को शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी व शास्त्री विचार धारा का अनुकरण करना चाहिए इनके विचारों से समाज में परिवर्तन आयेगा क्योंकि गांधी गीरी एक भावना हैं हम सबको गांधीजी के बताये मार्ग पर चलना चाहिए इन दो विभूतियों ने देश को गौरवान्वित किया है गांधी ने सत्य अंहिसा के बल पर भारत को स्वतंत्र कराया जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने देश को विश्व पटल पर पहचान दिलायी गांधीजी ने नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया वे सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर थे गांधी व शास्त्री ऐसे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे जो सदियों तक प्रेरणा श्रोत बने रहेंगे हमें उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए एडीएम ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा एवं नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अतुलनीय योगदान रहा है सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्वलित की देश की राजनीतिक सांस्कृतिक सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो कर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया उन्होंने शास्त्रीजी के भी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने गांधी व शास्त्री के विषय में सारगर्भित विचार व्यक्त किये इस मौके पर कलेक्ट्रेट कर्मी ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर पत्रकार एनके मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये इस मौके पर एसटीओ अमित कुमार राय डीएसओ अंजनी कुमार सिंह डीपीओ संजय निगम डिप्टी कलेक्टर विधेश राजीव निगम प्रशासनिक अधिकारी एवं नाजिर मो. सलीम सहित कलेक्ट्रेट कैम्पस के कार्यालयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने गांधीजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर में स्थित गांधी बालोद्यान कन्या जूनियर हाईस्कूल विघालय में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया विद्यालय की नर्सरी की छात्रा ने डीएम का माल्यार्पण किया विद्यालय के छात्राओं ने रामधुन सहित तमाम देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किये इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी के सत्य अंहिसा तथा शांति के संदेश की प्रासंगिता और अधिक बढ़ गयी है ऐसे में गांधी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमें तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए नये सोपानों को प्राप्त करे आप सभी बाल्यकाल में है और देश में आने वाले भविष्य है बापू के बताए रास्ते पर चलकर गांधी के मूल्यों और आर्दशों को अपनाये शिक्षा वह रास्ता है जो आसपास एवं परिवार का भविष्य संवार सकता है डीएम ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया इस मौके पर एसडीएम श्रद्धा सिंह विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाए व बच्चें मौजूद रहें।

# सफाईकर्मियों के सम्मान के साथ नोडल ने किया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : शहरी क्षेत्र के 25 तो ग्रामीण क्षेत्र के 35 सफाई कार्मिक हुए सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर खीरी । स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का कलेक्ट्रेट में सफाई कार्मिकों के सम्मान समारोह के साथ समापन हुआ कार्यक्रम का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर नोडल अधिकारी आयुक्त वाणिज्यकर मिनिष्ती एस. ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ महात्मा गांधी एवं शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की नोडल अधिकारी ने सफाईकर्मियों को सम्मानित करते हुए जनपद वासियों से आह्वान किया कि स्वच्छता का कार्य सिर्फ सफाई कर्मियों पर छोड़ने की बजाए जन-जन का अभियान बनाना होगा स्वच्छता के लिए सामूहिक रूप से अभियान चलाने का संकल्प लेना होगा उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त बनाने में प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शास्त्रीजी का जन्मदिन हमारे देश के उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक बेहतर अवसर है जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों सिद्धांतों एवं उनके सभी विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों पर चलने का शुभ अवसर प्रदान करता है उन्होंने जिला प्रशासन की पूरी टीम के कार्यों की सराहना की कहा कि जब जब वह खीरी आई तो उन्हें कुछ सीखने को मिला डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता बचपन से ही मुझे स्वच्छता का शौक है सफाई कार्मिकों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है शास्त्रीजी समाज के लिए कम संसाधन से बड़े लक्ष्य हासिल करने का एक बड़ा उदाहरण है शिक्षा एक ऐसा साधन है जिससे ऊंचे से ऊंचा मुकाम आसानी से हासिल किया जा सकता है बच्चों को जरूर पढ़ाए बच्चों को प्रेरणा दें कि वह बड़ा लक्ष्य लेकर मेहनत से उसे हासिल करें नोडल अधिकारी ने डीएम सीडीओ संग पंचायती राज विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत 35 सफाई कार्मिकों एवं नगरीय क्षेत्र के 25 सफाई कार्मिकों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया स्वच्छता पखवाड़ा के तहत माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को नगद धनराशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया प्रतियोगिता के संयोजक जीआईसी के अध्यापक विष्णु दत्त भार्गव एवं डॉक्टर प्रेमपाल को भी सम्मानित किया कार्यक्रम में सीडीओ संजय कुमार सिंह एडीएम संजय कुमार सिंह एसडीएम श्रद्धा सिंह डीडीओ दिनकर विद्यार्थी डीपीआरओ सौम्यशील सिंह डीसी मनरेगा विपिन चौधरी ईओ नगर पालिका संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।

# गांधी जयंती पर जिला जज ने किया स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकली प्रभात फेरी, किया जागरूक

दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर खीरी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर 02 से 08 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शुभारम्भ सोमवार को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया महात्मा गांधी जयन्ती के अवसर पर जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उपस्थित सम्मानित न्यायिक अधिकारियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला 02 से 08 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद के आमजनमानस को स्वच्छता के लिए जागरूक करने हेतु प्रभात फेरी का आयोजन हुआ इस अवसर पर जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज एंव धर्मसभा इंटर कॉलेज के उपस्थित छात्रों को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस प्रभात फेरी के माध्यम से शहर के मुख्य मुख्य स्थानों पर जाकर स्वच्छता जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार करने व अधिकाधिक संख्या में जनसामान्य को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया उक्त कार्यक्रम के दौरान जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे इसके साथ ही जनपद खीरी की तहसील विधिक सेवा समितियों एवं समस्त तहसीलों द्वारा भी स्वच्छता के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने हेतु प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

# जीवन बदलने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है शिक्षा : गिरीश चन्द्र यादव

## *मेधावी छात्र–छात्राओं को सद्भावना क्लब द्वारा किया गया सम्मानित*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बनाने वालों को अनुदान व सरकारी नौकरी प्रदान कर बढ़ावा दे रही है। अब 'खेलोगे–कूदोगे तो होगे खराब' की धारणा बदल रही है, फिर भी शिक्षा अपने जीवन स्तर को बदलने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। यह बातें सामाजिक संस्था सद्भावना क्लब द्वारा नगर के शिया इंटर कॉलेज में आयोजित 26वें मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने कही। विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विधि संकाय के पूर्व डीन डा. पीसी विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान में गुणवत्ता व संस्कारयुक्त शिक्षा की महती आवश्यकता है। शिक्षा में कोई शार्ट कट भी नहीं चलता। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि डा. रामसूरत मौर्य ने सम्मानित होने वाले सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दिया। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलन से किया। इसे बाद संस्था के ईश वंदना के पश्चात सृष्टी साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत सचिव विकास अग्रहरि व विवेकानंद मौर्य ने बैच लगाकर किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों/कालेजों के हाईस्कूल के 80 व इंटरमीडिएट के 95 छात्र–छात्राओं को जिन्होंने



अपने विद्यालय व संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया था, मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा कि संस्था पिछले 25 वर्षों से समाज के हर वर्ग व सम्प्रदाय के मेधावियों को सम्मानित करती चली आ रही है जिसका उद्देश्य निःस्वार्थ भाव से बच्चों का उत्साहवर्धन करना है। सभी का स्वागत करते हुये संस्थाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि संस्था मानव जाति एक है कि भावना के तहत कार्य करती है। संस्था का परिचय पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव ने दिया। कार्यक्रम संयोजक/पूर्व अध्यक्ष डा. अलमदार नजर ने सभी सम्मानित बच्चों को बधाई देते हुये सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य डा. सत्यराम प्रजापति, शिवशंकर साहू, जियाराम साहू, डॉ गुलाब चन्द मौर्य, नरसिंह अवतार जायसवाल, मो० रजा खां, सह संयोजक चन्द्रशेखर गुप्ता, कोषाध्यक्ष हफीज शाह, चन्द्रेश मौर्य, आशुतोष शर्मा, महेंद्र प्रताप यादव, सन्तोष अग्रहरि, आकाश साहू, हर्षित बैंकर, प्रधानाचार्य सुबाष सिंह, विवेक सिंह, सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सेठ, राजेश अग्रहरि, नियाज ताहिर, प्रियंका गुप्ता, पत्रकार जनार्दन मिश्रा सहित सैकड़ों शिक्षक, अभिवावक, गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद डाक्टर सानंद सिंह के जन्मदिन पर शुभकामनाओं की बारिश

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के गाधिपुरम् बोरसिया स्थित सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के प्रबन्ध निदेशक डाक्टर सानंद सिंह के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही शुभकामना देनें वालो का तांता लग गया।लोगों ने डाक्टर सानन्द सिंह को उनके जन्मदिन पर दिघार्यु की कामना की। प्रखर वक्ता, शिक्षाविद.समाजसेवी.डा० प्रोफेसर सानन्द सिंह को जन्मदिन के अवसर पर डुमरांव महाराज चन्द्र बिजय सिंह. राजीव राय राष्ट्रीय सचिव एव प्रवक्ता समाजवादी पार्टी.राधेमोहन सिंह पूर्व सांसद.योगी आनंद संस्थापक गीता गुरूकुल फाउण्डेशन.डा० आनंद सिंह महा प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज.आनंद सिंह प्रबन्ध निदेशक आई डी मेमोरियल ग्रुप्स आफ कालेजेज. डा० राकेश राय प्रबन्ध निदेशक जय बजरंग ग्रुप्स आफ कालेजेज.डा०विरेंद्र यादव विधायक जंगीपुर.राजीव उपाध्याय वरिष्ठ कांग्रेस नेता. डाक्टर रजनीश राय. डा०मुकेश सिंह निदेशक वर्ल्ड ग्रीन हास्पिटल एवम ट्रामा सेण्टर सैदपुर. पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह.राजेश राय पप्पू प्रबन्धक जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर.रामधारी सिंह यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक.सदानंद यादव.रामधारी यादव. डा०सुधीर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर.फादर आनंद प्रधानाचार्य सेण्ट जान्स स्कूल गाजीपुर. सिस्टर अल्फोंसा प्रिंसिपल लूर्दस कान्वेंट बालिका इंटर कालेज गाजीपुर. अजीत सिंह संपादक भोजपुरी संगम पत्रिका,फादर पी विक्टर प्रधानाचार्य सेण्ट जान्स स्कूल सिद्धिकपुर जौनपुर.हिमांशु सिंह अध्यक्ष चन्द्र शेखर फाउंडेशन.राधेश्याम राय वरिष्ठ पत्रकार सहारा समय.प्रदीप राय वरिष्ठ समाजसेवी एवम डायरेक्टर वैष्णवी ग्रुप.अशोक सिंह पप्पू प्रबंधक खाकी बाबा कालेज.सुशील राय प्रवक्ता भाजपा किसान मोर्चा बिहार. हर्ष राय निदेशक डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर.डाक्टर मसूद अहमद निदेशक ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर.हर्ष राय प्रबन्धक डालिम्स सनबीम गांधीनगर. हिमांशु राय पूर्व प्रधान करकटपुर प्रबन्धक जय बजरंग आई टी आई लट्ठूडीह दुबिहां मोंड.नेहाल अहमद निदेशक ए के इण्टरनेशनल स्कूल मुहम्मदाबाद.अब्दुल कादिर खान प्रबंधक एस के नेशनल कान्वेंट स्कूल महेन्द.श्याम बहादुर राय सपा सचिव मुहम्मदाबाद विधानसभा



क्षेत्र.राजेन्द्र यादव. वासुदेव पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा नेता.दिनेश राय गुडु विनायक प्रोडक्ट.श्रीकांत यादव अध्यक्ष जन जागृति फाउण्डेशन लखनऊ.राजा राम प्रसाद निदेशक मां निस्तारनी कोल्ड स्टोर प्रा० लि०उतरांव. टुनटुन राय.शिव प्रकाश राय.विश्राम यादव. मुरली सिंह.विनोद राय गुडु भाजपा नेता.अम्बरीश पाठक डुमरांव. मृत्युंजय राय प्रबन्धक बब्बन राय महिला महाविद्यालय कनुवांन. आनन्द राय संकृत कांग्रेस नेता.चंदा यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख मुहम्मदाबाद.सुरेन्द्र यादव पूर्व सदस्य जिला पंचायत.राम सागर यादव सदस्य जिला पंचायत.सदरे आलम पूर्व सदस्य जिला पंचायत. कौशल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बाराचंवर.दिग्विजय उपाध्याय काउंसलर सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज गाधिपुरम्.राम चन्द्र दूबे प्राचार्य सत्यदेव डिग्री कालेज गाजीपुर,इंजी.अजीत यादव प्रधानाचार्य सत्यदेव पालिटेक्निक कालेज.अमित रघुवंशी. दिनेश सिंह.तेजप्रताप सिंह प्रधानाचार्य सत्यदेव फामेर्सी कालेज. प्रशान्त सिंह सोनू.राम जी गिरी.कृष्णा यादव.इन्द्रजीत सिंह.सुनील यादव प्रधानाचार्य.नवनीत वर्मा.डा०सुनील कुमार सिंह प्रधानाचार्य. राम जी गिरी.चन्द्र भूषण सिंह.रंजीत यादव. दिनेश यादव. प्रमोद सिंह निदेशक राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज अध्यात्मपुरम.अवधेश यादव.राकेश यादव युवा सपा नेता.सुनील राय.कृष्णा नन्द उपाध्याय. अविनाश उपाध्याय. शशांक शेखर दूबे.बी डी उपाध्याय. शकील अहमद.दया कुशवाहा. अरबिन्द ओझा. आलोक मिश्रा. जेश कुमार सिंह.डा०संजीव वर्मा. दिनेश यादव. नवनीत वर्मा.विवेक सौरभ अध्यक्ष सपा जहूराबाद.जनार्दन साहनी.धनंजय यादव.सम्पूर्णानन्द उपाध्याय. देवेन्द्र सिंह देवा.विपिन विहारी सिंह टुनटुन.यशवंत सिंह.आशुतोष राय,राम चन्द्र सिंह.गोपाल यादव.आनन्दी त्रिपाठी.समेत ढेर सारे लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# निर्भीक लोग ही नैतिक हो सकते हैं - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**सेंट जॉन्स स्कूल में गाँधी जयंती मनाई गई**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर में महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी जयंती मनाई गई।इसके लिए विद्यालय में सद्भावना हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।-विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेमशंकर यादव ने गाँधी जी एवं नीरज मिश्र ने लालबहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कक्षा 7 वीं की छात्रा आदिश्री ने गाँधी जी एवं यशी गुप्ता ने शास्त्री जी के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।आस्था गौतम ने आज के समय में शांति एवं सद्भाव बनाए



रखने के लिए गाँधी जी के विचारों को उपयुक्त बताया।यशी गुप्ता ने कुशल मंच संचालन किया।इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पौधारोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने गाँधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर अपने संदेश में कहा कि निर्भीक लोग ही नैतिक होते हैं।गाँधी जी एवं शास्त्री जी निर्भीक थे।उनकी निर्भीकता का कारण उनका चरित्र था।गाँधी जी की निर्भीकता ने अँग्रेजी सत्ता को झुकने के लिए बाध्य कर दिया।गाँधी जी के सत्य एवं अहिंसा का विचार विश्व शांति के लिए आवश्यक है। दोनों नेताओं ने देश के प्रति जो त्याग किया वह अतुलनीय है।उनके आदर्शों पर चलना ही सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि है।

# सिध्दार्थ राय को जम्मू कश्मीर सरकार ने किया सम्मानित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। गाजीपुर के युवा समाजसेवी और भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित सिद्धार्थ राय ने एक बार फिर गाजीपुर ज़िले का नाम रोशन किया है।इस बार सिद्धार्थ राय को जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा राज्य अतिथि का दर्जा देते हुए श्रीनगर आमंत्रित किया गया और उन्हें जम्मू एवं कश्मीर सरकार के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर श्रीनगर में उपस्थित सैकड़ों लोगों के बीच सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार जम्मू एवं कश्मीर सरकार की तरफ से दिया गया है। सिद्धार्थ राय को यह पुरस्कार उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिये दिया गया है । सिद्धार्थ राय को पहले भी भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार , उत्तर प्रदेश की राज्यपाल , केरल के राज्यपाल व अनेकों संथाओं द्वारा दर्जनों पुरस्कार पहले भी प्राप्त हो चुके हैं । अपनी श्रीनगर की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान सिद्धार्थ अलग झ अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए और लोगों का उत्साहवर्धन किया । सिद्धार्थ राय ने बताया कि कश्मीर का बदलता हुआ स्वरूप बहुत खूबसूरत है और इस बदलाव से यहाँ के रहने वाले लोग भी बहुत खुश हैं और सभी लोग एक साथ अपने प्रदेश को विकास की तरफ कदम से कदम मिला कर बढ़ाने में यहाँ की सरकार के साथ लगे हुए हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता , राजीव भटनागर , अरुण कुमार , पद्मश्री से सम्मानित एसपी. वर्मा , यश भारती से सम्मानित रमेश भैया व देश के अलग झ अलग प्रदेशों से आये सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री दुर्गा पूजा महासमिति का 44वां पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति का 44वां पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह मां के जयकारे के साथ मुख्य अतिथि श्रीकला धनन्जय सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत एवं विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह सदस्य विधान परिषद की उपस्थिति एवं अध्यक्ष अनिल अस्थाना की अध्यक्षता में हुई। आयोजन के प्रथम चरण में मां भगवती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ। तदुपरान्त मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ तथा विशिष्ट अतिथि को माल्यार्पण करके अध्यक्ष सहित सदस्यों ने स्वागत किया। वहीं जनपद के भजन गायक रविन्द्र सिंह ज्योति, अभिषेक मयंक, आशीष पाठक की देवी गीतों ने आयोजनों को भक्ति में सराबोर कर दिया। आयोजन की द्वितीय चरण में महासमिति के निर्णायक मण्डल के सदस्य विवेक सिंह, अवनींद्र तिवारी, योगेश प्रताप सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, अल्पना जायसवाल सहित जनपद की समाजसेवी संगठनों, धार्मिक संगठनों, लंगर समितियों, विश्व रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। वक्ता के रूप में समाजसेवी डा. कमर अब्बास, संरक्षक इन्द्रभान सिंह, श्रीकांत महेश्वरी, निखिलेश सिंह, संतोष सिंह, पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह, मोती लाल यादव, विजय सिंह ने महासमिति की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह सदस्य विधान परिषद ने कहा कि पूजन समितियां पूरे अनुशासन और विधि विधान से मां की पूजन अनुष्ठान को संपन्न करें शासन एवं जिला प्रशासन से जो भी सहयोग होगा, उसके लिये मैं प्रयासरत रहूंगा। इसी क्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनन्जय सिंह ने महासमिति की संगठनात्मक संरचना की प्रशंसा करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि की तैयारी में पूर्ण सहयोग रहेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष अनिल अस्थाना ने पूजन समितियों को आश्वस्त किया कि जनपद की किसी भी पूजन समिति को पूजन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। समारोह के अंतिम चरण में वर्ष 2022 के शारदीय नवरात्र में आकर्षक सजावट हेतु पूजन समितियां को सम्मानित किया गया जिसमें पूजन व पण्डाल व्यवस्था में प्रथम पुरस्कार नवयुग संस्था श्री गोसाई रामलीला मैदान उर्दू बाजार, द्वितीय पुरस्कार महाशक्ति संस्था गौशाला परिसर, तृतीय संयुक्त रूप से त्याग संस्था कोतवाली चौराहा, नवयुग धर्म कल्याण समिति अहियापुर पाये। झांकी व्यवस्था में प्रथम मां अष्टभुजी संस्था कन्हईपुर, द्वितीय पुरस्कार जय मां शीतला दुर्गा पूजा समिति रसूलाबाद, तृतीय संयुक्त रूप से श्री रासमण्डल दुर्गा पूजा समिति, भारतीय दुर्गा पूजा समिति जहांगीराबाद, चतुर्थ पुरस्कार नवीन नाव रात्रि संस्था भण्डारी माल गोदाम आये। दैनिक मार्ग सजावट में प्रथम मायांजलि संस्था मियांपुर, द्वितीय बजरंग दुर्गा पूजा समिति ताड़तला, तृतीय संयुक्त रूप से श्री दुर्गा पूजा समिति फल वाली गली ओलन्दगंज, भारतीय दुर्गा पूजा समिति जहांगीराबाद, चतुर्थ मां अष्टभुजी संस्था कन्हईपुर आये। शोभायात्रा में झांकी व्यवस्था हेतु प्रथम कल्याण संस्था, द्वितीय सरस्वती बल ज्ञान संस्था ढालघर टोला, तृतीय बाबा बफार्नी दुर्गा पूजा समिति एडवोकेट कालोनी, चतुर्थ सर्वोदय संस्था आये। मां की भव्य शोभायात्रा हेतु प्रथम सरस्वती बल ज्ञान संस्था ढालगर टोला, द्वितीय मां का दरबार बाल संस्था, तृतीय पुष्पांजलि संस्था अलफस्टीनगंज, चतुर्थ पुरस्कार संयुक्त रूप से महाशिव शक्ति संस्था महादेव टोला, बाबा बफार्नी दुर्गा पूजा समिति एडवोकेट कॉलोनी पाये। इसी क्रम में ग्रामीण अंचल की पूजा व्यवस्था हेतु प्रथम नवयुवक दुर्गा पूजा समिति जफराबाद, द्वितीय बाल दुर्गा पूजन उत्सव समिति धनियामऊ, तृतीय जय मां विंध्यवासिनी दुर्गा पूजा समिति, चतुर्थ पुरस्कार संयुक्त रूप से सेवा समिति श्री दुर्गा पूजा समिति जफराबाद, श्रीराम जानकी दुर्गा पूजा समिति यूनियन बैंक के सामने नेवादा बाजार आये। धन्यवाद महासचिव राहुल पाठक ने ज्ञापित किया। संचालन उपाध्यक्ष मनीष देव एवं मनीष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जेसीआई, लायन्स क्लब, बोल बम कांवरिया संघ के पदाधिकारियों सहित मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष शौकत राजा, समाजसेवी राधेरमण जायसवाल, दिलीप सिंह, डा. संदीप पाण्डेय, डा. रामसूरत मौर्या, सलमान शेख, विशिष्ट सदस्य महेन्द्र देव विक्रम, राधेकृष्ण ओझा, अरविन्द बैंकर, नीरज सिंह, विनय बरौतिया, लालजी यादव, लालचन्द्र निषाद, डा. विजय रघुवंशी, राम प्रकाश यादव, महेश जायसवाल, गौरव श्रीवास्तव, आनन्द अग्रहरि, रामरतन विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, अतुल प्रताप सिंह, रत्नेश सिंह, राजन अग्रहरि, विजय गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्रा, चन्द्रशेखर गुप्ता, निशाकान्त द्विवेदी, अमित गुप्ता, सुमित उपाध्याय, संजय मोदनवाल, मयंक मिश्रा, रोसी सोनकर, श्रीपाल यादव, विष्णु गुप्ता, धीरज जायसवाल, आशीष रावत, डा. नितीश सिंह, पंकज श्रीवास्तव, आलोक वैश्य, लालता सोनकर, चन्दन कुमार, मनोज कुमार, रवि शर्मा, अरविन्द यादव, सचिन दीपक श्रीवास्तव, नवजीवन, रतनदीप, मो. शाहिद, करन बिन्द, महेन्द्र अग्रहरि, पंचम मौर्य, ज्ञानेन्द्र दुबे सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती उत्साह के साथ मना

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सुप्रसिद्ध शिक्षा केंद्र सत्यदेव ग्रुप का. कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती को पूर्ण आदर व उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ख्यातिलब्ध लेखक, हिंदी साहित्य को नई दिशा प्रदान करने वाली कृति 'अथर्वा' के जनक एवं सत्यदेव ग्रूप ऑफ कॉलेजेस के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉक्टर आनंद सिंह थे।सर्वप्रथम आदरणीय मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात उन्होंने सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रतिनिधि कंदर्प तिवारी के जन्मदिन पर उनको आशीर्वाद देते हुए अपने भाषण में गांधी जी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया तथा उनके जन्म से लेकर मैट्रिक परीक्षा के बाद उनकी बैरिस्टर बनने तक के सफर को साझा किया।आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को भारतीयों पर हुए भेदभाव का सामना करना पड़ा तभी दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर हो रहे अन्याय को देखते हुए गांधी जी ने अंग्रेजी साम्राज्य के अंतर्गत देशवासियों के सम्मान तथा देश में स्वयं अपनी स्थिति के लिए प्रश्न उठाए। अंग्रेजी साम्राज्य के अंतर्गत देशवासियों के सम्मान तथा देश में स्वयं अपनी स्थिति के लिए प्रश्न उठाने के साथ ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों पर विचार व्यक्त किया । आगे मुख्य अतिथि ने लाल



बहादुर शास्त्री के संघर्षपूर्ण जीवन से अवगत कराते हुए बताया की छोटे कद होने के बावजूद देश के लिए लोहा लेना और एकता की बात करते हुए देश में अनाज की तंगी में स्वयं से शुरूआत कर भारत देश में हरित क्रांति जैसे अनेक बदलाव लाना आम आदमी के कल्पना से परे है ।अंत में मुख्य अतिथि ने प्यारे छात्रों और सम्मानित शिक्षकों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने का संदेश दिया साथ ही उन्होंने भारत के युवा पीढ़ी को कुछ असामाजिक विद्वान लोगों द्वारा भारत में क्षणभंगुर संस्कृति, झूठी संस्कृति या दिशा विहीन संस्कृति परोसी जा रही है, से बचते हुए अपनी गरिमामय संस्कृति में विश्वास रखने तथा उसको सुदृढ़ रखना भारत के हर एक युवक की जिम्मेदारी है का मजबूत संदेश दिया ।अंत में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर आनंद सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कीये । उक्त अवसर पर सत्यदेव इंटरनेशनल परिवार से उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार, शिवांगी सिंह, अक्षय उपाध्याय, अवनीश राय, श्रेया सिंह, सूर्यकुमार उपाध्याय, प्रकाश सिंह, अमित सिंह, इन्दू कला, दुबे जानकी गुप्ता, हेगा, पेइडो, निशा, श्वेता सिंह, श्वेता पांडे ,विष्णु दत्त, अभिमन्यु, ऋतंभरा, विशेश्वर तिवारी, नीतिश शर्मा, कोकिला तिवारी, अंकिता निषाद, कुशाल सिंह, गुरु चरण, शिवानी, चित्रांश राय, एवं सुनील सिंह उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम ढोटारी में 2 अक्टूबर को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के द्वारा पूरे महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की गई। स्वच्छता रैली निकाली गई। उनको बताया गया कि आज पूरे भारत में महात्मा गांधी के जयंती को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ.मनोज सिंह भूगोल विभाग टी डी कॉलेज जौनपुर ने बताया कि आप इन महान विभूतियां के आदर्शों पर चलकर ही अपना एवं समाज की प्रगति कर सकते हैं। स्वच्छता को केवल अभियान के रूप में न मनाए बल्कि आप संकल्प ले कि जीवन पर्यंत अपने तन मन एवं समाज को स्वच्छ




रखेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए आप अपने साथ-साथ पूरे वातावरण को स्वच्छ रखें तब जाकर भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री के "स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत" की संकल्पना सरकार होगी। और एक स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ तत्पश्चात महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं निदेशक के द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रमोद सिंह निदेशक कमलेश यादव यशपाल सिंह विश्वकर्मा प्रसाद रविंद्र कुमार जंगली प्रसाद पटेल राजेश सिंह उपेंद्र भार्गव गोवर्धन पासवान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह ने किया।

# उत्तर प्रदेश के हाईटेक सिटी में शुमार लखनऊ के मरीज को जौनपुर में मिली राहत

*लखनऊ के चिकित्सक ढाई महीने तक आपरेशन के लिये टहलाते रहे मरीज को*

*डा. विकास यादव लैप्रोस्कोपिक सर्जन ने मरीज का आपरेशन कर पहुंचायी राहत*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। किसी भी बीमारी के समुचित उपचार हेतु अमूमन लोग छोटे शहरों से निकलकर वाराणसी, इलाहाबाद, लखनऊ जैसे बड़े शहरों की ओर जाते हैं, क्योंकि छोटे की अपेक्षा बड़े शहरों में व्यवस्था सुदृढ़ मिलती है। वहीं एकाध बार ऐसा मामला सामने आ जाता है कि बड़े शहरों को छोड़कर लोग छोटे की ओर इसलिये चल देते हैं, क्योंकि उन्हें अच्छी सलाह, उपचार, व्यवहार के साथ अच्छे ढंग से आपरेशन की व्यवस्था मिल जाती है। ऐसा ही एक मामला नगर के नईगंज में स्थित वासुदेव अस्पताल में सामने आया है जहां सूबे की राजधानी लखनऊ जैसे हाईटेक शहर से एक मरीज आकर अपना आपरेशन कराये जो पूरी तरह से सफल रहा। इस बाबत पूछे जाने पर अस्पताल के संचालक



सर्जन डा. विकास यादव ने बताया कि राजीव जायसवाल नामक एक मरीज लखनऊ से उनके यहां आये। पूछताछ एवं जांचोपरांत में पता चला कि उनकी पिथ की रैली में पथरी है जो पूरी तरह से चिपकी हुई है। इतना ही नहीं, अब वह सड़न की ओर बढ़ रही थी। डा. यादव ने बताया कि बीते 18 जुलाई को राजीव जायसवाल के पेट में दर्द शुरू हुआ जिस पर परिजन लखनऊ के एक बड़े सरकारी अस्पताल ले गये जहां पता चला कि पिथ की थैली में पथरी है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद शूगर की समस्या आयी तो आपरेशन टाल दिया गया जिसके बाद पेट में सूजन होने पर आपरेशन टाला गया। कुछ दिन बाद पुनः भर्ती होने पर पथरी चिपकी हुई है, कहकर टाला गया जिसके कुछ दिन बाद पुनः परिजन अस्पताल में भर्ती कराये जहां 3 दिन भर्ती करने के बाद आपरेशन की तिथि तय हुई लेकिन आपरेशन थिएटर तक जाने के बाद चिकित्सकों ने आपरेशन से मना कर दिया। सर्जन डा. यादव ने बताया कि राजीव जायसवाल के एक रिश्तेदार उन्हें जौनपुर लाये जहां मुझसे मिलने पर जांचोपरांत परिजन की संस्तुति पर उनका आपरेशन हुआ जो पूरी तरह से सफल रहा। शूगर को नियंत्रित करते हुये पिथ की थैली में चिपकी पथरी को दूरबीन के माध्यम से निकाला गया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि वह लैप्रोस्कोपिक मिनिमल इनवासिव सर्जन हैं। वह नायर अस्पताल मुम्बई, संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल दिल्ली, वर्ल्ड लैप्रोस्कोपिक अस्पताल गुरूग्राम जैसे संस्थान में सेवा देने के बाद अब जौनपुरवासियों की सेवा करने के लिये यहां आ गया हूं।

# ऋषि यादव ने समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। समाजवादी पार्टी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के जनपद आगमन पर सोमवार को सपाजनों ने जगह–जगह जोरदार स्वागत किया। इसी क्रम में गौराबादशाहपुर बाजार के पास जिउली मोड़ पर समाजवादी कुटिया के संस्थापक ऋषि यादव के नेतृत्व में श्री कुशवाहा का स्वागत किया। इस मौके पर श्री यादव ने श्री कुशवाहा को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही उपस्थित तमाम युवाओं के साथ श्री यादव ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस



मौक पर उनके साथ शैलेश यादव, विकास यादव, शशिकांत जी, मुन्ना जी, राकेश जी, सुरेश जी, विवेक जी, मुकेश गिरी, पवन, साहिल, मुस्तफा, विनीत, विशाल, शिवानन्द, सरफराज, सुजल, हर्षित, धीरज, रोहित, सोहन, पंकज, राज, शुभम, शनि, मुकेश, छोटू, अभय, आशीष, आदित्य, राजू, खामिस सहित तमाम सपाजन उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित की पुष्पांजलि। हापुड़ से वापस लौटे अधिवक्ताओं का हुआ माल्यार्पण।

**आशु खरवार**

खबर बलिया जनपद के रसड़ा से है जहां आज 2 अक्टूबर को अधिवक्ता बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट रसड़ा के अधिवक्ताओं द्वारा गांधी जयंती की अवसर पर सिविल कोर्ट रसड़ा में गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के फोटो पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके पश्चात अधिवक्ता बार एसोसिएशन के सदस्यों ने हापुड़ अधिवक्ता महा सम्मेलन से भाग लेकर लौटे अधिवक्ताओं को अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। हापुड़



अधिवक्ता महा सम्मेलन में अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशब्द यादव, महामंत्री भुवनेंद्र सिंह एवम सयुक्त मंत्री अजय कुमार सिंह द्वारा भाग ले कर आने पर अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने अपना कार्य वहिष्कार खत्म कर तीन अक्टूबर से काम पर लौटेंने की घोषणा किया। चेताया कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान के लिए अधिवक्ता समाज कोई भी कुबार्नी देने को तैयार है। इस मौके पर इंद्रदेव प्रसाद, भगवती प्रसाद सिंह, राजेश यादव, राज राघवेंद्र तिवारी, प्रेमसागर सिंह, सुशील कुमार सिंह, रविकांत शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, नवरत्न यादव, सविता सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे

# इंद्रासन मेमोरियल जनसहयोग कॉलेज द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर किया गया कार्यक्रम

बलिया जनपद के रसड़ा क्षेत्र के पकवाइनार नवापुरा स्थित इंद्रासन मेमोरियल जनसहयोग कॉलेज द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राणा सिंह ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो व्यक्ति गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलेगा वह अपने भलाई के साथ समाज और देश का भी भला करने में सक्षम होगा। उन्होंने सभी से अपील की गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। इस मौके पर डॉक्टर काशीनाथ सिंह जी ने कहा कि गांधी जी की आलोचना करना आसान है लेकिन उनके विचारों को समझने और उनको अपने जीवन में अपनाना बहुत कठिन हैं इसलिए सभी से उन्होंने आग्रह किया कि गांधी जी के बताएं सत्य अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश हित में अपना सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर विनय सिंह प्रबंधक निर्देशिका रेनू सिंह प्रधानाचार्य रजत तिवारी सहित अन्य अध्यापक अध्यापिका शाहिद छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनता की सेवा और उनके दुख दर्द दूर करना ही मेरे जीवन की सार्थकता है,,,, सीएम शिवराज सिंह

*रायसेन जिले के बम्होरी और सुल्तानगंज को तहसील बनाया जायेगा, गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी और रायसेन नगर के विकास के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए,*

*100 करोड़ रुपए लागत की सेमरी जलाशय समूह नल-जल प्रदाय योजना का शुभारंभ*

रायसेन। जिले के बेगमगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि रायसेन जिले के बम्होरी और सुल्तानगंज को तहसील बनाने के साथ ही गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी और रायसेन नगरों के विकास के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए जायेंगे उन्होंने बेगमगंज में शानदार एडिटोरियम, बम्होरी और बेगमगंज में कन्या शालाओं के नए भवन के लिए समुचित राशि स्वीकृत करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान सोमवार को बेगमगंज में 100 करोड़ रुपए लागत की सेमरी जलाशय आधारित समूह नल-जल प्रदाय योजना का शुभारंभ सहित 153 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, क्षेत्रीय विधायक रामपाल सिंह भी उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 100 करोड रुपए लागत की सेमरी जलाशय योजना का शुभारंभ किया उन्होंने लगभग 30 करोड रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और 25 करोड रुपए से अधिक राशि के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समूह बैंक लोन तथा प्रधानमंत्री पथ विक्रेता योजना (लाड़ली बहना योजना) अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को एक करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक राशि का हितलाभ वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों के बिजली के बड़े बिल माफ कर दिए गए है और अब 100 यूनिट के 100 रुपया बिल भी आएगा। उन्होंने कहा कि कोई गरीब अब बिना घर की जमीन के नही रहेगा और जिनके नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल नहीं है उन्हे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के आवेदन लेने का काम चालू है। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुआ बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके जीवन की सार्थकता भी जनता की सेवा और उनके दुख दर्द दूर करके भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 9 करोड़ जनता उनकी भगवान है और उनके जीवन की सार्थकता इनका कल्याण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी नही सोच सकता था कि लाडली बहना जैसी योजना भी मूर्त रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि यह पैसा से ज्यादा बहनों का मान सम्मान और इज्जत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बहनों को बच्चो की इच्छाएं और अन्य छोटी-छोटी जरूरत के लिए पैसों की कमी से मजबूर होते देखा है। उन्होंने कहा कि अभी 1250 रुपए राशि की है और इस बार दो चार दिन में राशि डाली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता की सेवा करने वाली सरकार है और किसान, युवाओं सहित हर वर्ग के कल्याण में लगी है। मुख्यमंत्री ने किसान सम्मान और किसान कल्याण निधि के रूप में मिलने वाली 6-6 हजार की राशि का उल्लेख करते हुए कहा कि एक-एक परिवार को एक लाख रुपए की सहायता विभिन्न योजनाओं से मिल जाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए एक लाख सरकारी नोकरियों के अलावा स्वरोजगार योजनाओ तथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से काम धंधे से जोड़ा जा रहा है। सेमरी जलाशय आधारित समूह नल-जल प्रदाय योजना से 12 हजार परिवार लाभान्वित



सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि बेगमगंज में विकास की स्वर्णनिम गाथा लिखी गई है और इस सबका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को है आज भी मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा लगभग 100 करोड़ रू लागत की सेमरी जलाशय आधारित समूह नल-जल प्रदाय योजना की सौगात दी है। इस योजना में बेगमगंज क्षेत्र के 46 ग्रामों और गैरतगंज क्षेत्र के 49 ग्रामों कुल 95 ग्रामों के 12061 परिवारों को प्रतिदिन स्वच्छ जल मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान का विधायक श्री सिंह ने क्षेत्र को दी गई विकास सौगातों के लिए नागरिकों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित अनेक अधिकारी और क्षेत्र के आम जनता के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 2 अक्टुबर को महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बाल भारती पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया श्रमदान

**समाज जागरण ब्यूरो**

शिवारिया। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के आदेशानुसार, शिवरिया टाउनशिप में स्थित चाइल्ड एजुकेशन सोसायटी, दिल्ली द्वारा संचालित बाल भारती पब्लिक स्कूल, खंडवा (एसएसटीपीपी) में 2 अक्टुबर को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। गांधी जयंती को पूरे भारत में स्वच्छताझदिवस के रूप में मनाया जाता है। अतः विद्यालय के बच्चों ने पूरे विद्यालय परिसर में साफ सफाई की। बच्चों ने अपनी कक्षाओं के डेक्स बेंच भी साफ किए। छात्रों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकझ शिक्षिकाओं ने भी आज साफझ सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। साफझसफाई के उपरांत छात्रों ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग भी किया। तत्पश्चात छठवीं और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के महत्व पर आधारित एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की विज्ञान विभाग की अध्यापिकाओं द्वारा नील, हरे, लाल और पीले रंग के डस्टबिन के उचित उपयोग को सविस्तार समझाया गया। उन्होंने बताया कि हरे डस्टबिन का प्रयोग गीले कचरे के लिए, नीले डस्टबिन का प्रयोग सूखे कचरे के लिए, पीले डस्टबिन का प्रयोग बायो मेडिकल कचरे के लिए और लाल डस्टबिन का प्रयोग रेडियो एक्टिव कचरे के लिए किया जाता है। विद्यालय के वाइस चेयरमैन आरके साहू ने बच्चों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता दिवस में अपनी सहभागिता दी और अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व से बच्चों को अवगत कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति गुप्ता ने भी स्वच्छता दिवस पर बच्चों के साथ साफझसफाई में अपना योगदान दिया और साफझसफाई पर जोर देने की बात कही। इस अवसर पर विद्यार्थियों की अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अभिभावक बालचंद दांगी और अरुण विश्वकर्मा ने भी साफ-सफाई पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन में सभी विद्यार्थियों शिक्षकझशिक्षिकाओं और अभिभावकों ने स्वच्छता की शपथ ली और राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।



# श्रीमद् भगवत गीता ही योग शास्त्र है- ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मनसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा योग के महत्व विषय पर गांव गांव जाकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि गीता ही योग शास्त्र है हर एक अध्याय के अंत में लिखा है कि श्रीमद् भगवत गीतासु उपनिषदसु ब्रह्माविद्याया योग शास्त्रे। उन्होंने योग विषय का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया की आत्मा में स्थित होकर सहज ही परमात्मा से मन को जोड़ना अथवा परमात्मा से संबंध स्थापित करके आंतरिक सुख की स्थिति में स्थित होना ही योग है गीता अध्याय 6 श्लोक 28, अध्याय 7 श्लोक 1, अध्याय 6 श्लोक 19, अध्याय 6 श्लोक 15, गीता में योग शब्द के लिए युज्ज अर्थात जोड़ना शब्द का प्रयोग किया गया है। गीता में योगी के लिए कहा गया है कि जिस प्रकार वायु से रक्षित होने पर दीपशिखा अपने स्थान पर अचल हो जाती है वैसे ही जो पुरुषार्थ अपने मन को व्यर्थ संकल्पों से रक्षित करके परमात्मा की स्मृति में एक टिक कर देता है और आत्मा के स्वरूप में स्थित हो जाता है वही योगी है अध्याय 6 श्लोक 19, जो मुझे अनन्य भाव से याद करता हैं वही योगी हैं अध्याय 8 श्लोक 14, जो मेरी मत पर चलता है वही योगी है अध्याय 10 श्लोक , जो कर्म इंद्रियों पर विजय प्राप्तकर्ता वही योगी है अध्याय 2 श्लोक 61,62, गीता में योग के लिए आवश्यक नियम भी बताए गए हैं अहिंसा, ब्रह्मचर्य, आत्मशुद्धि, अन्न शुद्धि, संघ शुद्धि हर प्रकार की शुद्धि प्रतिदिन प्रातः ज्ञान अध्ययन आदि नियमों का पालन करने की बात कही गई है अध्याय 16 श्लोक 1,2,3, अध्याय 6 शोक 14, गीता में योग अभ्यास के लिए आसन के बारे में कहा गया है आत्मा का आसन स्थिर हो अध्याय 6 श्लोक 11, हमारा मन शांत हो अध्याय 6 श्लोक , भगवान ने किसी विशेष आसन के लिए नहीं कहा योगाभ्यास के लिए किसी हट क्रिया की आवश्यकता नहीं है इसके अतिरिक्त भगवान ने यह भी कहा है कि जो शरीर को कष्ट देते हैं वह आसुरी नियम वाले और दम्भी हैं अध्याय 17 श्लोक 5,6, ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने योग के लक्षण बताते हुए कहा कि गीता में कहा गया है कि उसकी सभी से मैत्री होती है, विश्व के प्रति करुणा भाव रखता है, वह निमोर्ही तथा निरंहकार होता है, क्षमाशील होता है, सुख-दुख में सदा समान होता है, वह सदा संतुष्ट होता है, वह स्वयं ना दुख लेता है ना दुख देता है, वह बाहर भीतर से पवित्र होता है अध्याय 12 श्लोक 13, 14, 15, 16, गीता में योग लक्षण बताते हुए कहा गया है की आत्मा और परमात्मा का ज्ञान प्राप्त करने से ही इस योग का अभ्यास किया जा सकता है इसलिए इसका नाम ज्ञान योग भी है अध्याय 3 श्लोक 3, कर्म करते हुए योग में स्थिर हो अतः यही योग कर्म योग भी है अध्याय 2 श्लोक 48, योग मार्ग में मन को प्रभु ही में लगाना होता है इसलिए यह मनोयोग भी है अध्याय 18 श्लोक 65, बुद्धि को परमात्मा को अर्पण करना होता है इसलिए बुद्धि योग भी है अध्याय 8 श्लोक 7, इस योग के अभ्यास के लिए शरीर को कष्ट देने की जरूरत नहीं है इसलिए सहजयोग भी है अध्याय 17 श्लोक 5 और 6, भगवान ने कहा है कि कर्मों का संन्यास नहीं करना कर्म सन्यास से कर्मयोग उत्तम है अध्याय 5 श्लोक 2, उन्होंने बुद्धि द्वारा ही सन्यास करने का आदेश दिया है इसलिए यह सन्यास योग भी है अध्याय 3 श्लोक 30, अध्याय 6 श्लोक 2, गीता में कहा गया है कि स्वर्ग को प्राप्त होकर पृथ्वी का राज्य भोगेगा इसलिए यह राजयोग भी है अध्याय 2 श्लोक 37, यह सब एक ही योग के नाम है गीता में योग के द्वारा सिद्ध बताते हुए कहा गया है कि बुद्धि का योग परमात्मा से हो तो मनुष्य के दुखों का अंत हो जाता है अध्याय 2 श्लोक 65, योग द्वारा कर्मों में कुशलता आती है अध्याय 2 श्लोक 50, ईश्वरीय अनुभूति करता है अध्याय 12 श्लोक 8, अंत में परमधाम को लौट जाता है अध्याय 5 श्लोक 6,24,25,26, अध्याय 6 श्लोक 45, योग के सही विधि विधान को जानकर मनुष्य को चाहिए अब परमात्मा से योग युक्त होवे। अधिक संख्या में लोगों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।



# गाँधी जयंती पर बिजली कर्मचारियों रखा मौनव्रत,06 अक्टूबर से करेंगे हड़ताल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(03 अक्टूबर )विगत लंबे समय से मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के नियमित, संविदा, आउटसोर्स और पेंशनर अपनी विभिन्न मांगो के निराकरण को लेकर संघर्षरत हैं और विभिन्न माध्यमों से सरकार से मांगो के निराकरण की मांग भी कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने से विद्युत कर्मचारी नाराज और आक्रोशित है। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मध्यप्रदेश यूनाईटेड फोरम फॉर पावर इंजीनियर्स एंड एम्पलाईज के द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में विद्युत विभाग के नियमित, संविदा और पेंशनर, अधिकारी-कर्मचारियों ने मांगो के समर्थन में मौन व्रत आंदोलन किया गया। प्रदर्शन को लेकर प्रांतीय उपाध्यक्ष आई.डी. पटले ने बताया कि यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाईटेड फोरम फॉर पावर एम्पाइज एवं इंजीनियर, पावर इंजीनियर्स एवं एम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। जिसमें सभी कंपनियों के कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनर मौजूद हैं। जिनकी पूर्व निर्धारित मांग नियमित और रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी देकर कोषालय से उसके भुगतान की व्यवस्था की जाए, बिजली कर्मचारियों को चौथा वेतनमान लागू किया जाए, अपना बहुमूल्य समय देकर कम पैसे में अधिक काम कर रहे संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए, अत्यधिक काम और जोखिम उठा रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को जोखिम भत्ता सहित उनका विभाग में संविलियन कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। बिजली कर्मचारियों की इन प्रमुख मांगो के अलावा और भी कई मांगे है, जिनके निराकरण की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है,जिसके कारण गांधी जी द्वारा किए गए अहिंसात्मक आंदोलन की तरह सभी ने मौन व्रत रख कर प्रदर्शन किया। यदि सरकार जल्द ही हमारी मांगो के निराकरण को लेकर कोई विचार नहीं करती है तो आगामी 6 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में विद्युत विभाग की सभी कंपनियों के अधिकारी, कर्मचारी और कार्यरत स्टाफ कामबंद हड़ताल करेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।



# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली को उनकी जयंती पर किया नमन

**समाज जागरण ब्यूरो**

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। वास्तव में वे सच्चे गांधीवादी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और ह्यजय जवान-जय किसानह्न का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया, जिससे सारा देश एकजुट हो गया। श्री बघेल ने कहा कि शास्त्री जी जैसे कर्मयोगी सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने श्री हसन के उर्दू भाषा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को याद करते हुए कहा है कि श्री हाजी हसन अली ह्यहसनह्न ने उर्दू भाषा को जनप्रिय बनाने के लिए कई काम किए। श्री हाजी हसन ने हिन्दी से उर्दू पढ़ना-लिखना सीखने के लिए कई किताबें लिखी, इससे दोनों भाषाओं को सीखने और समझने में रूचि रखने वालों को आसानी हुई है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में राज्य अलंकरण की स्थापना की है। श्री बघेल ने कहा है कि उनका साहित्य उर्दू भाषा को जानने और जनसामान्य में प्रचलित करने के लिए हमेशा रौशनी देता रहेगा।



# गांधी जयंती पर कानपुर में भाजपाईयों ने झाड़ू लगा दिया स्वच्छता का संदेश

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी- शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा मनाई जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा दक्षिण जिले में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सांसद, एवं विधायकों ने हाथों में झाड़ू थामकर कही। इस बीच सफाई कर्मियों को सम्मानित करने के साथ ही कई जगह पर आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया गया। भाजपायों ने इस दौरान मंदिरों, गुरुद्वारों, गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस सेवा पखवाड़ा के तहत गोविंद नगर स्थित अमर शहीद राम प्रसाद त्रिपाठी धर्मशाला एवं आसपास के क्षेत्र में भाजपाइयों ने हाथों में झाड़ू लेकर साफ सफाई की। इसके बाद भाजपायों ने एकत्र कूड़े को हाथ कूड़ा गाड़ी में भरकर डंपिंग स्थल तक ले गए। भाजपायों ने के इस कार्य की मोहल्ले वालों ने खूब प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपायों ने सफाई कर्मचारियों को पट्टा व माला पहनकर सम्मानित किया। इसके पूर्व भाजपाइयों ने भारत माता की प्रतिमा की साफ सफाई कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर दक्षिण जिले के प्रमुख जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक महेश त्रिवेदी, देवेंद्र सब्बरवाल, प्रकाश वीर आर्य, अनिल त्रिपाठी, सरदार अजीत सिंह छाबड़ा, राजेश श्रीवास्तव, दिव्यांशु बाजपेयी, धर्मेंद्र राय, अनुराग अग्निहोत्री, मनोज पाल, नीतू सिंह और शम्मी भल्ला आदि रहे।



# मनमोहक छटा से भरपूर तीरथगढ़ जलप्रपात में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो**

जगदलपुर। मनमोहक छटा से भरपूर तीरथगढ़ जलप्रपात के परिसर में ह्यह्यस्वच्छता पखवाड़ा वर्ष 2023ह्यह्य का शुभारंभ गत दिवस एक अक्टूबर को किया गया। इसका आयोजन कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, जगदलपुर, भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय, 241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सेडवा, अन एक्सप्लोर्ड बस्तर, युवोदय वन मितान और इको




विकास समिति तीरथगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। इस अभियान में विभिन्न संस्थानों से 500 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें उक्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राएं और ईको विकास समिति के सदस्यों द्वारा स्वच्छता एवं साफ-सफाई का कार्य बढ़-चढ़ कर किया गया एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। गौरतलब है कि तीरथगढ़ वॉटरफॉल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में जगदलपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर कांगेर नेशनल पार्क में कांगेर नदी की सहायक नदी मुनगा और बहार नदी इस खूबसूरत झरने का निर्माण करती है। इसकी ऊंचाई लगभग 300 फीट है और यह छत्तीसगढ़ का सबसे ऊँचा जलप्रपात है। यह जलप्रपात पहाड़ी के सीढ़ी नुमा प्राकृतिक संरचनाओं पर गिरता है। इस कारण पानी दुधिया दिखाई देता हैं जो देखने में बहुत ही मनमोहक होता है।

# मेजर ध्यानचंद कप ऑल इंडिया वूमेन हॉकी टूनार्मेंट में राज्य खेल अकादमी बहतरई बिलासपुर की टीम ने जीता फाइनल

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर। मेजर ध्यानचंद कप ऑल इंडिया वूमेन हॉकी टूनार्मेंट 2023 में छत्तीसगढ़ की टीम स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल अकादमी छत्तीसगढ़ (आवासीय एक्सीलेंस सेंटर) बहतरई बिलासपुर ने सोमवार को एक रोमांचक मुकाबले में साई मुंबई को 4 के मुकाबले 5 गोल से पराजित कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। अमरावती तेलंगाना में आयोजित इस टूनार्मेंट में छत्तीसगढ़ की टीम शुरूआत से ही बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंची थी।




फाइनल मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गीता यादव, रुक्मणी, अनीता, संपदा और ममता सभी ने 1-1 गोल दागे। इस जीत पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का, संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित कोच, मैनेजर एवं खेलप्रेमियों ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले हुए मुकाबले में स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल अकादमी छत्तीसगढ़ (आवासीय एक्सीलेंस सेंटर) बहतरई बिलासपुर की टीम ने पटना को 4-0 से , कोलकाता को 2-0 से पराजित किया और स्टील प्लांट दिल्ली से 1-1 गोल की बराबरी कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में गीता यादव ने 2 गोल, दूसरे मैच में जाह्नवी ने 01 गोल और सेमीफाइनल में मधु सीडर ने 01 गोल दागे थे। इसके अलावा टीम के अन्य सदस्य संप्रदाय निर्मलकर, ममतेश्वरी लहरे, रुक्मणी खुसरो, अनीता खुसरो, यशोदा, मीनाक्षी उमरी, भूमिका धनकर, दामिनी खुसरो, करुणा साहू, अक्षिता आहूजा, अंजलि बंजारे, ट्विंकल, डोली, स्मिता ने भी पूरे टूनार्मेंट में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के साथ टूनार्मेंट के हेड कोच विकास पाल, मैनेजर आरती शेंडे, अनीस अहमद की भी इस टूनार्मेंट में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिलासपुर कलेक्टर ने जयंती पर गांधी जी एवं शास्त्री जी को किया नमन

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को नमन किया। उन्होंने जिला कार्यालय परिसर में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी को भी आज उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, एडीएम आर ए कुरुवंशी, शिवकुमार बनर्जी सहित जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सीईओ मस्तुरी जनपद पीयूष तिवारी ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए किया प्रेरित

*डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सीईओ मस्तुरी ने सचिवों और नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश*

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। बिलासपुर कलेक्टर संजीव झा के आदेश पर व जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल के निदेर्शानुसार तथा मस्तुरी एसडीएम बजरंग वर्मा के मार्गदर्शन में, 2 अक्टूबर से होने वाली ग्राम सभा के लिए मस्तुरी जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ पीयूष तिवारी(डिप्टी कलेक्टर)द्वारा सचिवों और नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। जिनमें वे व्यक्ति जिनके पास जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज नही है, उनकी जाति के संबंध में ग्राम सभा से प्रस्ताव किया जाना है, जिसके पश्चात उनका जाति प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इस संबंध में संकुल प्रभारियों, प्राचार्यो और प्रधानपाठको की बैठक ली गई और शिक्षकों के माध्यम से अध्ययनरत विद्यार्थियों का ग्राम सभा प्रस्ताव के लिए आवेदन भराने के लिए निर्देश दिया गया । साथ ही डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्रेरित किया गया व उसके महत्व को बताया गया, जिसके बाद से विद्यार्थी जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बहुत उत्साहित नजर आए ।



# कांग्रेस के द्वारा मनाई गांधी गाँधी जयंती,गाँधी एवं शास्त्री जी को दी गयी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(03 अक्टूबर )महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।अहिंसा, सत्य और स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस ने महान हस्तियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्वाजंलि दी गई। जिसके बाद कांग्रेस पदाधिकारी



एवं कार्यकर्ता, हनुमान चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पहुंचे। जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। संगठन मंत्री शफकत खान ने कहा कि एकत्रित होना बड़ी बात नहीं है, बड़ी बात यह है कि हम किसके लिए एकत्रित हो रहे हैं। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए मार्गों पर हमें चलना है। जिन्हें आज भी दुनिया मानती है और उनके बताए गए रास्तों का अनुसरण करती है। उन्हें आज भी पढ़ा जाता है, सुना जाता है, आज भी कई ऐसे लोग है, जो उनसे प्रभावित होकर उनके बताए गए रास्तों पर चल रहे हैं। महात्मा गांधी का सबसे बड़ा और दमदार हथियार था सत्य, जिनसे वह कभी डिगे नहीं और हमें भी सत्य की राह पर चलते हुए प्रदेश की सत्ता में बैठे झूठे लोगों को बेनकाब करना है।
इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी भीम फुलसुंघे, सुशील पालीवाल, संगठन मंत्री शफकत खान, अंजु जायसवाल, महिला जिलाध्यक्ष रचना लिल्हारे, शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी, राजेश ठाकुर, पन्ना शर्मा आदि शामिल हुए।

# काशी में बनेंगे नए घाट, रविदास घाट से आगे बढ़ेगी काशी की खूबसूरती

**दैनिक समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी। मां जाह्नवी के तट पर बसे काशी नगरी के अद्भुत और मनोरम घाटों का विस्तार होने वाला है। विश्वभर के पर्यटकों का मन मोहने वाले अद्धचंद्राकार घाटों की खूबसूरती और बढ़ेगी। लंका क्षेत्र में स्थित रविदास घाट से लेकर आगे तक के कच्चे घाटों को अर्धचंद्राचार घाटों की श्रृंखला का हिस्सा बनाया जाएगा। कच्चे घाटों के कायाकल्प के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय की पहल पर बृहद कार्य जाएगी। इसमें रविदास घाट के बाद वाले कच्चे घाटों को पक्का किया जाएगा। इसे पर्यटकों के लिहाज से खूबसूरत बनाया जाएगा।
गंगा में जल परिवहन का प्रमुख केंद्र बन चुके वाराणसी के रविदास घाट पर बढ़ रही यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए उसके आगे के कच्चे घाटों को विकसित किया जाएगा। विगत दिनों प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्र ने रविदास घाट का दौरा किया था और यहां की विकास संभावनाओं पर चर्चा भी की थी।



रविदास घाट को पूर्ण रूप से विकसित करने की योजना शासन की तरफ से बन चुकी है। वाराणसी में जल परिवहन के बढ़ते क्रेज को देखते हुए रविदास घाट के पास के करीब तीन से चार घाट को पक्का कर जल परिवहन के लिए तैयार किए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रशासन कच्चे घाटों को पक्का करने और वहां सुविधाएं विकसित करने के लिए विभाग को नोडल बनाकर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर रहा है।

# शिवगंगा एक्सप्रेस की चपेट में आकर दो की मौत, बनारस से मटर खरीदने आए थे व्यापारी

**दैनिक समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो**
इटावा जिले में रेलवे स्टेशन पर रविवार की देर रात दो व्यापारी शिवगंगा एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। यह दोनों बनारस के रहने वाले हैं। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात साहब सिंह (55) व गुड्डू (40) गांव छितौनी, थाना चौबेपुर जनपद बनारस चार-पांच व्यापारियों के साथ मटर लेने इटावा आए थे।
रविवार की रात इन्हें किसी ट्रेन से बनारस जाना था। रात 11:24 बजे साहब सिंह लघुशंका करने प्लेटफार्म नंबर तीन को पार कर दूसरी ओर गए थे। लौटकर प्लेटफार्म नंबर तीन पर चढ़ना चाह रहे थे। उसी दौरान प्लेटफार्म नंबर तीन पर कानपुर जाने वाली नॉन स्टापेज ट्रेन आ गई। साहब सिंह को प्लेटफार्म पर चढ़ाने के दौरान साहब सिंह व गुड्डू दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए।



इनमें साहब सिंह की मौके पर मौत हो गई, जबकि गुड्डू घायल हो गया। उसकी इलाज के दौरान सैफई में मौत हो गई। देर रात में घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, आरपीएफ के एसआई हीराचंद मीना, जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेश निगम मौके पर पहुंचे। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# वाराणसी से मुबंई जाने वाले विमान ने पांच घंटे देरी से भरी उड़ान

**दैनिक समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो**
वराणसी से मुबंई जाने वाली अकासा एयरलाइन की फ्लाइट रविवार को पांच घंटे की देरी से उड़ान भर सकी। वराणसी हवाईअड्डे पर बोर्डिंग के दौरान सुरक्षा कारणों के कारण यह देर हुई। अकासा एयरलाइन ने रविवार रात ट्वीट कर इसकी जानकारी साझा की।




अकासा एयरलाइन ने ट्वीट में कहा कि सुरक्षा अलर्ट के बाद यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने जांच की। एयरलाइन में कहा कि विमान क्यूपी-1497 रविवार एक अक्तूबर को दोपहर 2.50 बजे वाराणासी से मुंबई के लिए रवाना होने वाली थी। बोर्डिंग के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने अलर्ट जारी किया। इसके बाद यात्रियों को विमान से उतारा गया। एयरलाइन के कर्मचारी यात्रियों की सहायता कर रहे थे। यात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। एयरलाइन ने बताया कि दोपहर 2.30 बजे प्रस्तावित उड़ान रात आठ बजकर छह मिनट पर उड़ान भर सकी।

# पत्नी की मौत का सदमा नहीं सह पाया पति की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण अयोध्या।**
यह दुखद घटना कहीं और की नहीं जनपद के इनायतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हैरिग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के सेमरा निवासी लल्लन तिवारी पत्नी सरस्वती तिवारी जो की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत रामपुर विजयनपुर की थी ।
प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरस्वती देवी की तबीयत अचानक



खराब हुई, जिनको इलाज के लिए स्वशासी मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अयोध्या ले जाया गया
जहां पर इलाज के दौरान हृदयगति रुकने के कारण मौत हो गई वहीं पर मौत का सदमा नहीं सह पाये पति लल्लन तिवारी की भी मौत हो गई जिनका पार्थिक शरीर हैरिंग्टनगंज सेमरा निवास पर लाया जा रहा। घटना से पूरा क्षेत्र सन्न रह गया है।

# बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन छीनी

## मॉर्निंग वॉक से घर लौट रही थी महिला

**दैनिक समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो**
जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के चहारसू चौराहा नगर के व्यस्त इलाके के पास हौसला बुलंद बदमाश ने मॉर्निंग वॉक से लौट रही महिला के गले से सोने की चेन व कीमती मोबाइल छीनकर फरार हो गया है। मोहल्ला ताडतला निवासी कृष्ण कुमार उर्फ बचाऊं सेठ की 55 वर्षीय पत्नी रेखा देवी रोज की भांति सोमवार की सुबह लगभग 5:00 बजे अपने घर से निकली और सद्भावना पुल से होते हुए शाही पुल होते हुए जब वह चहरसू चौराहा से जैसे ही अपने घर जाने वाली गली में घूमी वही कुमुद नर्सिंग होम के पास अचानक एक व्यक्ति जो सर पर गोल टोपी लगाए हुए हैं अचानक आया और महिला के गले से सोने की चेन जो 10 ग्राम की थी उसपर झपट्टा मारा। महिला भी अपनी चेन बचाने के लिए बदमाश से भिड़ गई और काफी देर तक महिला ने अपनी चेन को बचाने का प्रयास करने के लिए बदमाश से लड़ती रही लेकिन महिला के गले की चेन और कीमती मोबाइल छीनकर बदमाश उसी ताडतले की गली में भाग गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। महिला अपने पति के साथ कोतवाली जाकर घटना की सूचना दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सरयू पुल से युवक ने लगाई छलांग, पारिवारिक कलह से था परेशान

**दैनिक समाज जागरण अयोध्या।**
सोमवार की सुबह एक युवक ने पुराने पुल से सरयू में छलांग लगा दी। माजरा देख आसपास के लोगों ने हल्ला गुहार मचाया तो घाट पर मौजूद जल पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने मशक्कत कर उसको बाहर निकाला। युवक ने पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या के कोशिश की बात कही है।



अपना नाम पता संदीप पुत्र राम जनक उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी कटरा भोगचंद्र जिला गोंडा बताया है। जल पुलिस के प्रभारी आरपी मौर्य ने बताया कि युवक के परिवार वालों को मौके पर बुलाया गया तथा भविष्य में दुबारा आत्महत्या की कोशिश न करने की शपथ दिला परिवार के हवाले किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना सुबह 9.20 बजे की है।
युवक के पिता राजगीरी का काम करते हैं और वह अपने माता पिता की इकलौती संतान है। कारवाई में जल पुलिस के कांस्टेबल नित्यानन्द यादव, मुन्ना यादव, सुरेंद्र यादव, सचिन पाल, कमरुद्दीन व एसडीआरएफ के प्रभारी रमेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल शिव बालक सिंह, अनुपम दुबे, मनीष कुमार, विपिन कुमार, अजीत सिंह आदि शामिल रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन

वाराणसी मंडल महात्मा गाँधी की 154 वीं जयंती के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने लहरतारा स्थित अधिकारी क्लब में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वैच्छिक रूप से सफाई ,निवास एवं कार्यस्थल को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने की शपथ दिलाई।
इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री रौशन लाल यादव,अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राजेश कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन) अपूर्व स्वर्णकार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(उ&ह) अनुभव पाठक, ,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण) आर एन सिंह,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम ऋषि श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय अनुज वर्मा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन) अनिल श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बलेंद्र पॉल,मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन) अभिषेक सिंह,मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा,सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री ए के सुमन,सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रशान्त कुमार समेत अन्य मंडलीय अधिकारीयों ने भी महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्पांजली समर्पित कर स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ ली ।
इसी के साथ स्वच्छता ही सेवा थीम के अन्तर्गत 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर,2023 तक मंडल पर आयोजित स्वच्छतापखवाड़ा के समापन दिवस के क्रम में वाराणसी मंडल के अधिकारी क्लब में पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव,मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मोनिका सक्सेना एवं कार्यकारिणी की सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा कार्यकारिणी की सदस्याओं को पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने हेतु प्लान्टर एवं हैण्ड मेड जूट के थैले भेट स्वरूप दिए गये ।
इस अवसर अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा 2014 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरम्भ इस सोच के साथ किया था की अपने देश के लोग जिस प्रकार विदेशों में स्वच्छता नियमों का पालन करते है वैसा अपने देश मे भी करें तो भारत में स्वच्छता कायम की जा सकती है। हम सभी सबसे पहले स्वयं को स्वच्छ रखें अपने मन को स्वच्छ रखें,अपने परिवेश को स्वच्छ रखें और अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखें तो भारत स्वयं स्वच्छ हो जाएगा । उन्होंने बताया महात्मा गाँधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे जो पर्यावरण अनुकूल सादगी से जीवन जीते थे किन्तु आवश्यकता पड़ने पर उतनी ही प्रबलता से विदेशी ताकतों का सामना भी करते थे । आइये हम सभी इस गाँधी जयंती के अवसर पर उनसे प्रेरणा लेते हुए सरलता को अपना कर पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाएं और भारत को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देवें।
इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अ एवं अ१ श्रेणी में सीवान स्टेशन, इ श्रेणी में गाजीपुर





सिटी स्टेशन, सर्वोत्तम व्यवस्थित रेलगाड़ी में 12559/12560 बनारस-नई दिल्ली शिवगंगा एक्सप्रेस सर्वोत्तम व्यवस्थित कार्यालय में छपरा कोचिंग डिपो तथा सर्वोत्तम व्यवस्थित रेलवे आवासीय कालोनी में बनारस रेलवे कालोनी के लिए विजेताओं को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया ।इस दौरान स्वच्छता पखवाड़ा में अहम योगदान देने वाले स्वच्छ रेल गाड़ी शिवगंगा एक्सप्रेस के लिए बनारस कोचिंग डिपो अधिकारी विनीत रंजन, पखवाड़े के सर्व श्रेष्ठ कर्मचारी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/भटनी अमित कुमार मिश्रा,स्वच्छ स्टेशन अ1 श्रेणी के लिए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/सीवान राधेश्याम रमन, स्वच्छ स्टेशन इ श्रेणी के लिए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गाजीपुर सिटी उषा यादव, स्वच्छ रेलवे कालोनी बनारस के लिए मुख्य स्वस्थ्य निरीक्षक श्री कमलेश सिंह को,स्वच्छ कार्यलय छपरा कोचिंग डिपो के लिए कोचिंग डिपो अधिकारी/छपरा अजीत कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।
इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंडल कला समिति के सदस्यों द्वारा स्वच्छता गीतों एवं पूर्वोत्तर रेलवे जूनियर हाई स्कूल के बच्चों द्वारा मनोरम नृत्य नाटिका की प्रसतुति दी गई । कार्यक्रम में भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला संघ वाराणसी के सदस्यों द्वारा प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने,स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने एवं प्रकृति अनुकूल आचरण अपनाने की प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया ।कार्यक्रम के अंत में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले कलाकारों एवं बच्चों की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया ।
इसके पूर्व सभी का स्वागत करते हुए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन) अपूर्व स्वर्णकार ने कहा कि आप सभी को ज्ञात है कि आज महात्मा गांधी जयन्ती के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री जी की भी जयंती है। महात्मा गांधी जी के 154वीं जयंती के आलोक में रेल मंत्रालय के निदेशानुसार तथा मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी के कुशल मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के ईएनएचएम विभाग द्वारा 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने हेतु वाराणसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं कालोनियों में विशेष अभियान चलाये गये तथा प्रतिदिन कोई न कोई कार्यक्रम रखा गया जैसे- स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, उपयुक्त स्थानों पर प्लांटेशन की व्यवस्था की गई, सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु प्रदर्शनी आयोजित किये गये, प्लॉगेथॉन स्वच्छता रैली किया गया, कॉटन बैग एवं कूड़ेदान का वितरण स्टेशनों पर किया गया, भोलू हाथी/मिक्की माउस कार्टून के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण के संबंध में यात्रियों को स्टेशनों पर कौंसलिंग की गई। "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं पेंन्टिग प्रतियोगिता इत्यादि कई कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा यात्रियों एवं जनमानस को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके कर्तव्यों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की पर्यावरण और हाउसकीपिंग विभाग आगे भी स्वच्छता की प्रतिबद्धता के लिए कार्य करता रहेगा ।
समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन) अपूर्व स्वर्णकार ने किया ।
इसके साथ ही साथ गाँधी जयन्ती के अवसर पर वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर भारत स्काउट एन्ड गाइड जिला संघ वाराणसी के सदस्यों की मदद से स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई साथ ही यात्रियों को नुक्कड़ नाटकों के मंचन के जरिये भी स्वच्छता बरतने हेतु जागरूक किया गया ।इसी क्रम में महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यूनिटों में स्वच्छता शपथ दिलाई गई और इन पर कार्यरत्त कर्मचारियों को एकल उपयोगी प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई गई ।

# गंगा प्रहरी ने धूमधाम से मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**दैनिक समाज जागरण**
चन्दौली/वाराणसी स्वच्छता पखवाड़ा माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर पूरे भारतवर्ष में हो रहा है
स्वच्छता दूत के रूप में पर्यावरण संरक्षण, डॉल्फिन संरक्षण के लिए कार्य कर रहे निस्वार्थ कार्य कर रहे दर्शन निषाद अपने जन्म दिवस पर गंगा प्रहरी ने प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम डोमरी में जाकर के बच्चों के साथ डॉल्फिन और मां गंगा की स्वच्छता की विशेषता बताइए और शपथ दिलाया गया है शपथ में ग्रामीण सहायक अध्यापक प्रधानाचार्य बच्चे और नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित है गंगा प्रहरी ने बताया कि यह जन्म दिवस बहुत खास है और 1 अक्टूबर को पूरे भारत में स्वच्छता पखवाड़ा और विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है इसलिए हम लोग आज के दिन विशेष रूप से अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं



# वाराणसी पहुंचे बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र शास्त्री, श्रीकाशी विश्वनाथ से की भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की प्रार्थना

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**
वाराणसी। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा का विधि विधान से दर्शन पूजन किया और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बाबा से प्रार्थना की इस मौके पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा की टीम मौजूद रही और बाबा का दर्शन करने के बाद पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री का काशी वासियों ने जोरदार स्वागत किया।

# रेल कर्मियों द्वारा जयंती पर गांधी जी को दी गई श्रद्धांजलि

## स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन

**दैनिक समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो**
02 अक्टूबर सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल (डीडीयू मंडल) में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारियों द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका नमन किया गया।
मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के पैसेंजर एरिया में रेलकर्मियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इससे पूर्व स्वच्छता जागरूकता हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से





पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक प्रभात फेरी भी निकाली गयी। पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेल कर्मियों सहित स्काउट एवं गाइड सदस्य व स्कूली बच्चे शामिल रहे। स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता स्कूली बच्चों तथा स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सराहनीय कार्य हेतु विभिन्न रेल कर्मियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विदित हो कि 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान डीडीयू मंडल के सभी स्टेशनों, अन्य रेल परिसरों, कार्य स्थलों आदि सहित विभिन्न ट्रेनों में गहन साफ सफाई अभियान चलाया गया तथा यात्रियों सहित रेल कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल के साथ विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती के स्मृति के साथ दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।

अयोध्या । गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में गोष्ठी का आयोजन कर महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रबंधक शुक्ला जी ने कहा कि 1944 में सिंगापुर रेडियो से एक संदेश प्रसारित करते हुए सुभाष चन्द्र बोस ने गांधी जी को राष्ट्रपिता तो नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर ने गांधी जी को महात्मा की उपाधि दी।
सन 15 अगस्त 1947 को बंगाल नोआखली में मुल्क में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ २४ घंटे का उपवास रखा। इनकी शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशों में भी गांधी जी के नाम पर ४८ सड़कों का नामकरण हुआ है।
1930 में अमेरिका की टाइम मैगजीन द्वारा 'मैन ऑफ द ईयर' से सम्मानित गांधी जी का जब घर में किसी से अनबन होता था तो उपवास करने लगते थे।



उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि छोटे कद वाले विराट हृदय, निष्ठा, देश भक्ति और शानदार व्यक्तित्व के धनी लगभग 18 महीने देश के प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री ने देश को यशस्वी नेतृत्व प्रदान करने के साथ साथ देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बेहद लोकप्रिय 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया जो आज भी हर भारतीय की जुबान पर है। इस अवसर पर ओ पी मिश्रा,आर डी पांडेय,एस एन तिवारी,विश्वजीत मौर्या, अभिषेक मिश्रा,अंशुमान तिवारी,शिव सागर, मनजीत, सुधा, निशा, प्रिया,प्रकृति,रिया,रुपा सहित अन्य विद्यालय परिवार के प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने बाबा बागेश्वर धाम सरकार पं धीरेन्द्र शास्त्री से की मुलाकात

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी। काशी पधारे संत स्वामी बागेश्वर धाम जी सरकार पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज से शहर दक्षिणी विधायक और पूर्व मंत्री डॉ नीलकंठ



तिवारी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बागेश्वर धाम सरकार को अंगवस्त्रम पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया।
बता दें कि बागेश्वर धाम सरकार पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ से भारत में रामराज्य और हिन्दू राष्ट्र की कामना की है।

# अदालत भवन के लिफ्ट संचालक के खिलाफ दर्ज हुआ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**दैनिक समाज जागरण अयोध्या।**
सिविल कोर्ट के आठ मंजिला अदालत भवन के तीसरे तल पर सीढियां चढ़कर पहुंचे होमगार्ड जवान की शनिवार को दूसरे पहर हुई मौत और वकीलों के हंगामे के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने परिसर के लिफ्ट संचालक अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। यह रिपोर्ट मृतक के बेटे की तहरीर पर दर्ज हुई है। बताया गया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के कुरैयाभारी निवासी 54 वर्षीय सुखदेव वर्मा शनिवार को अपने एक रिश्तेदार की जमानत लेने के लिए कचहरी आए थे। बहुमंजिले अदालत भवन की लिफ्ट खराब होने के चलते वह सीढ़ियां चढ़कर चार बजे तीसरी मंजिल पहुंचे कि बेहोश होकर गिर पड़े थे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। मामले की जानकारी पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष के साथ मौके पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने हंगामा किया था।
हादसे के बाद जिला जज, डीएम व एसएसपी मौके पर पहुंचे थे और समझा-बुझा मामला शांत कराया था। पोस्टमार्टम कराने के साथ पुलिस ने मृतक के बेटे रोहित वर्मा से तहरीर ली थी।
कोतवाली पुलिस का कहना है कि मृतक के बेटे की तहरीर पर लिफ्ट संचालन के जिम्मेदार नाम-पता अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है. दर्ज रिपोर्ट की विवेचना कराई जा रही है।

# अन्तर्राज्यीय 03 शातिर पशु तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरणवाराणसी ब्यूरो**
थाना चकरघट्टा पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना चकरघट्टा पुलिस टीम द्वारा 03 पशु तस्करों को पैदल क्रूरतापूर्ण तरीके से बांध मारते पीटते वध हेतु बिहार के



रास्ते पश्चिम बंगाल ले जा रहे 14 राशि गोवंश के साथ पथरौर तिराहा से गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी चकरघट्टा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियो के विरुद्ध सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# स्वयंसेवकों ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**
वाराणसी। नागरिक सुरक्षा प्रधान कार्यालय चेतगंज में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। सहायक उप नियंत्रक विवेक कुमार, डिप्टी चीफ वार्डेन अविनाश अग्रवाल, डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय,वीवी सुन्दर शास्त्री, ओमप्रकाश श्रीवास्तव,मंगला प्रसाद, अरविन्द विश्वकर्मा, अभिषेक जायसवाल ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वार्डेन और स्वयंसेवकों ने रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर राष्ट्र पिता को श्रद्धांजलि दी। नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड से अजय रोशन,डा.लियाकत अली,ज्योति ने मनोहारी गीत की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कक्षा सात की छात्रा नव्या ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता की प्रस्तुति कर खूब तालियां बटोरी।

# कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की माँग है जायज पर सरकार अधिकारों पर कर रही कुठाराघात- सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**



चंडीगढ़, अक्टूबर। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने पुरानी पेंशन बहाली के लिये अटेवा` व नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े संगठनों द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम ( ओपीएस)` हर कर्मचारी को हक है, कर्मचारियों की मांगें जायज हैं। सरकार इन्हें माने और तुरंत ओपीएसे लागू करे। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ की काँग्रेस सरकारों की तर्ज पर हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार बनने पर हम पहली कैबिनेट में कर्मचारियों की मांगों को पूरा करके तुरंत प्रभाव से ओपीएसे लागू करेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कर्मचारियों को भरोसो दियो कि कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक ओल्ड पेंशन स्कीम के हक में उनकी लड़ाई लड़ेगी।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करने की मांग पूरी तरह से जायज है लेकिन सरकार, जानबूझकर कर्मियों को परेशान कर रही है और उनके हितों पर कुठाराघात कर रही है। जब देश के पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो सकती है, तो पूरे देश में क्यों नहीं। केंद्र सरकार ने जो कमेटी गठित की है, उसमें ओपीएस का कहीं जिक्र तक नहीं है। वह तो एनपीएस में सुधार के लिए है, जबकि कर्मचारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्हें ओपीएस से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। सरकारी कर्मियों की केवल एक ही मांग है, बिना गारंटी वाली ह्यएनपीएसह्ल योजना को खत्म किया जाए और परिभाषित एवं गारंटी वाली ह्यपुरानी पेंशन योजनाह्ल को बहाल किया जाए।

उन्होंने कहा कि एनपीएस में पुरानी पेंशन व्यवस्था की तरह महंगाई राहत का भी कोई प्रावधान नहीं है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में आते हैं, उन्हें महंगाई राहत के तौर पर आर्थिक फायदा मिलता है। एनपीएस में सामाजिक सुरक्षा की गारंटी भी नहीं रही। रिटायरमेंट के बाद सरकारी कर्मियों को जानबूझकर कष्टकारी जीवन बिताने के लिए गर्त में धकेला जा रहा है।

# हरियाणा पुलिस ने अक्टूबर महीना साइबर अपराधों कीरोकथाम और जनचेतना के लिए निर्धारित

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़,02 अक्टूबरः हरियाणा पुलिस डीजीपी के आदेशानुसार अक्टूबर माह को प्रदेशभर में साईबर सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य विभिन्न प्रकार की साईबर अपराधों के प्रकारों के प्रति आमजनता को जागरूक करना है। रविवार को विपिन अहलावत, सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध व निरीक्षक जसवीर, प्रबन्धक थाना साईबर अपराध पूर्व की पुलिस टीम ने सैक्टर-43, गुरुग्राम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम द्वारा लोगों को सम्बोधित करते हुए शुरू हुए इस अक्टूबर माह को सुरक्षा माह के रूप मे मनाए जाने को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को साईबर अपराध से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक की कोई भी निजी जानकारी जैसे एटीएम/क्रेडिट कार्ड नंबर , बैंक ओटीपी व सीवीवी शेयर ना करने से सम्बंधित व मोबाईल फोन पर आए किसी भी अनजान लिंक जैसे-लोन ऑफर, कैशबैक ऑफर पर क्लिक न करने, फोन हैक होने इत्यदि प्रकार से साईबर अपराध का शिकार होने के बारे में बताया गया। इस दौरान साईबर अपराध होने के पर इसकी शिकायत वैबसाइट- www.cybercrime.gov.in पर या हैल्पलाइन नंबर-1930 पर दर्ज करने सम्बंधित जानकारी देकर भी जागरूक किया गया।वहीं सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध ने इस दौरान आमजन को जानकारी देते हुए कहा कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान को गुरुग्राम पुलिस द्वारा 5 चरणों मे विभाजित करके इसकी रुपरेखा/ब्लूप्रिंट तैयार किया है।

प्रथम चरण के दौरान दिनांक 1 से 7 अक्टूबर इन्ट्रोडक्शन टू साइबर सेक्योरिटी, दूसरा 8 से 14 अक्टूबर को ऑनलाइन थ्रैट सप्ताह , तीसरा 15 से 21 अक्टूबर को निजी व गृह सुरक्षा , चौथा 22 से 28 अक्टूबर को व्यापार और कार्य सुरक्षा और 5 वाँ 29 से 31 अक्टूबर को 'लुकिंग टू दा फ्यूचर इत्यादि के बारे में बताकर आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम को माध्यम बनाकर गुरुग्राम पुलिस की सभी टीमें कॉलेजों, स्कूलों, मेट्रो स्टेशनों, बस स्टैंड व मॉल, आदि में जाकर लोगों को साईबर ठगी से बचने के उपायों के बारे में जानकरी देकर जागरूक करेगी। गुरुग्राम पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से, राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन कर और वाल पेंटिंग के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को साईबर अपराध की पहचान कर सके और साईबर ठगी के शिकार होने से बचे।

इस बारे में आमजन को सम्बोधित करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध, गुरुग्राम ने बताया कि त्यौहारों के सीजन में ज्यादातर लोग ऑनलाइन शॉपिंग या पैमेंट आदि करते हैं और कई बार लापरवाही बरतने पर साईबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग ऑनलाईन पेमेंट आदि करते समय जरूरी बातों का ध्यान रखें ताकि साईबर अपराध का शिकार ना हो। साईबर अपराध से बचने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सांझा करते हुए उन्होंने यह भी बताया कि मनी ट्रांसफर एप जैसे एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी बैंकिंग, फोन पे, गूगल पे आदि को काम होने पर तुरंत लॉगआउट करे। एनीडेस्क और क्विक सपोर्ट एप्लीकेशन को डाउनलोड ना करें। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं तो अनजान लोगों और विदेशियों से दोस्ती करने में पूरी सावधानी बरतें। व्हाट्सएप पर आई अनजान नंबर से वीडियो कॉलिंग को रिसीव ना करें। सोशल साईट्स पर अपने नाम का फर्जी, जैसे व्हाट्सएप ,फेसबुक, ट्विटर, टेलीग्राम इंस्टाग्राम अकाउंट पता लगने पर तुरंत अपने दोस्तों व सगे संबंधियों को बताएं तथा साईबर अपराध थाना में व साईबर हेल्पलाईन नम्बर शिकायत दर्ज कराएं ताकि आपके नाम का इस्तेमाल करके कोई किसी के साथ साईबर ठगी ना कर सके। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन अपराध का शिकार होने के बाद संबंधित अथॉरिटी या संस्था से शिकायत करें और तुरंत 1930 पर कॉल करें।

# हरियाणा सरकार ने शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए निर्धारित किये पैरामीटर

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,02 अक्टूबरः हरियाणा में सरकारी कॉलेज टीचरों के लिए सरकार के द्वारा नई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी तैयार की गई है। इस पॉलिसी के तहत परफॉर्मेंस कैटेगिरी में आने वाले टीचरों को कुल 100 अंकों में से अधिकतम 23 अंक दिए जाएंगे। इस श्रेणी में सेवा की अवधि के 10 अंकों को शामिल किया गया है। जबकि 3 सालों में विश्वविद्यालय परीक्षाओं में शिक्षक के परिणाम के 9 अंक दिए जाएंगे।

**इसके साथ ही यूजीसी-सूचीबद्ध पत्रिकाओं में शोध पत्र के लिए एक्स्ट्रा 4 नंबर दिए जाने का प्रावधान किया गया है।**

### स्पेशल कैटेगरी में आएंगे दंपती मामले

नई ट्रांसफर पॉलिसी में वैकेंसी को लेकर टीचरों की उम्र पहला और निर्णायक पैरामीटर होगी, क्योंकि इसमें कुल 100 अंकों में से अधिकतम 57 अंकों का वेटेज होगा। स्पेशल कैटेगरी के अंतर्गत पैरामीटर में अधिकतम 20 अंक होंगे। शिक्षक विधवा, विधुर, तलाकशुदा, विशेष रूप से विकलांग और विकलांग बच्चों के माता-पिता होने जैसे मानदंडों के तहत 20 अंक प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, दंपती मामलों को भी स्पेशल कैटेगरी के अंतर्गत माना जाएगा।

### प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे टीचरों के लिए खड़ी हुई मुसीबत

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि चंडीगढ़ प्रशासन, अन्य राज्यों और अन्य राज्य सरकार के विभागों जहां हरियाणा के टीचर प्रतिनियुक्ति पर हैं, उन्हें प्रत्यावर्तन पर विभाग में शामिल होने वाले कॉलेज शिक्षकों को कार्यभार या खाली पड़े पदों पर किसी भी सरकारी कॉलेज में तैनात किया जाएगा।

इन टीचरों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन ट्रांसफर मुहिम में भाग लेना होगा, भले ही उन कॉलेजों में उनके कार्यकाल की अवधि कुछ भी हो, जहां उन्हें प्रतिनियुक्ति से प्रत्यावर्तन पर तैनात किया गया था।

### 80 पदों वाले विषयों के लिए लागू हुई नीति

नीति में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि कॉलेज शिक्षक कोई बाहरी प्रभाव नहीं लाएंगे। नीति में कहा गया है कि यदि कॉलेज टीचर के मुद्दे का समर्थन करने वाले किसी भी स्रोत से ऐसा कोई प्रभाव प्राप्त होता है तो ट्रांसफर के लिए कॉलेज शिक्षकों के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। नीति में कहा गया है कि ऐसे शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

यह नीति 80 या उससे अधिक स्वीकृत पद वाले विषयों में तैनात कॉलेज शिक्षकों पर लागू होगी। नीति के तहत हरियाणा कैडर के कॉलेज शिक्षकों को राज्य में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लारेंस बिश्नोई द्वारा सोनीपत में शूटर दीपक मान की हत्या

## गैंगवार में दीपक को किया गया धराशायी

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

**चण्डीगढ़, अक्टूबरः आतंकी दुनिया में इन दिनों गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और गुजरात की जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई आए दिन अपने दुश्मनों के लिए खतरनाक होते जा रहे हैं। ताजा जानकारी मिल रही है कि दोनों गैंगस्टर्स ने मिलकर हरियाणा के सोनीपत में शूटर दीपक मान की हत्या करवा दी है।**

**बताया जा रहा है कि हरियाणा के सोनीपत में बड़ी गैंगवार के दौरान गैंगस्टर दीपक मान को गोलियों से भून दिया गया है। उसका शव सोनीपत के गांव हरसाना के खेतों में मिला है।**

**दीपक मान भी कुख्यात गैंगस्टर दीपक मान भी कुख्यात शूटर और गैंगस्टर था। दीपक मान पर हत्या, हत्या की कोशिश समेत दर्जनभर संगीन मामले दर्ज थे। दीपक के शव मिलने की सूचना के बाद सोनीपत सदर थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और जांच शुरू कर दी गई है।**

### गोल्डी बराड़ की असलियत

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में गोल्डी बराड़ का नाम आया था। पंजाब के फरीदकोट जिले का मूल निवासी गोल्डी बराड़ 1994 में जन्मा है। बराड़ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का बहुत करीबी है। गोल्डी बराड़ का



असली नाम सतिंदर सिंह है। गोल्डी बराड़ ए प्लस कैटेगरी का गैंगस्टर है। गोल्डी बराड़ इन दिनों पंजाब राज्य में सक्रिय है। यहाँ हो रही बड़ी वारदातों में गोल्डी बराड़ नंबर वन पर चल रहा है। व्यापारियों, उद्यमियों और अन्य से धन उगाही और धक्का शाही की घटनाओं में गोल्डी बराड़ अगर शामिल नहीं तो भी भ्रष्ट तत्व उसका नाम उछालने में पीछे नहीं रहते।

निसंदेह, गोल्डी बराड़ जबरन वसूली के रैकेट का हिस्सा रहा है। गोल्डी बराड़ पर यूथ कांग्रेस के नेता गुरलाल पहलवान की हत्या में हाथ होने का भी आरोप है और फरीदपुर कोर्ट ने इसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। कनाडा का एक गैंगस्टर गोल्डी वर्तमान में कनाडा से बाहर था जब उसे कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया। कथित तौर पर पंजाब में एक मॉड्यूल के माध्यम से वहाँ से काम कर रहा है।

### गोल्डी बराड़ ने अपना बचाव के बाद पहना गैंगस्टर का चोला

गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल बराड़ को 11 अक्तूबर 2020 में चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया में एक डिस्को के बाहर मार दिया गया था। गुरलाल बिश्नोई और गोल्डी के काफी करीब था। गोल्डी बराड़ और बिश्नोई के बीच गुरलाल ही मजबूत कड़ी था। गोल्डी बराड़ ने कथित तौर पर फरीदकोट में यूथ कांग्रेस नेता गुरलाल पहलवान की हत्या की साजिश रची। जब कानून प्रवर्तन ने बराड़ को मामले में मुख्य कथित संदिग्ध बताया तो वह कथित तौर पर खुद को बचाने के लिए बीए पास गोल्डी बराड़ स्टूडेंट वीजा पर कनाडा भाग गया और वहीं से अपने सभी ऑपरेशन को अंजाम दे रहा है।

# 3 सगी बेटियों की हत्या के आरोप में घिरा पिता

## घर के बाहर बंद पड़े ट्रंक से बरामद हुई तीनों की लाशें

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 02अक्टूबर पंजाब के जालंधर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ एक व्यक्ति ने अपनी तीन बेटियों को मौत के घाट उतार दिया है। पठानकोट हाईवे पर पड़ते एरिया कानपुर में सोमवार सुबह तीन सगी बहनों की लाश घर के बाहर ही एक लोहे के ट्रंक में बंद मिली। तीनों बहनें बीते दिन से लापता थीं। तीनों के लापता होने की शिकायत भी मकान मालिक ने पुलिस में दर्ज करवाई थी।

### पिता के नशेड़ी होने की चर्चा

रविवार देर रात पुलिस मौके पर आई थी और मोहल्ले वालों के साथ बच्चियों को ढूंढा भी था, लेकिन किसी का कोई अता-पता नहीं चला था। मोहल्ले वालों ने आरोप लगाया कि बच्चियों का पिता नशे का आदी है। शराब के नशे में चूर रहता है और उसी ने यह हत्याएं की हैं। बच्चियों की उम्र 4 से 9 साल के बीच है।

जिस घर से बच्चियां गायब थी, सुबह लोगों ने उसी के बाहर एक ट्रंक पड़ा देखा। लोगों ने जब ट्रंक खोल कर देखा तो उसमें तीनों बच्चियों की लाशें पड़ी हुई थीं। पुलिस ने बच्चियों के पिता को हिरासत में ले लिया है।

### काम पर गए थे माता-पिता

जानकारी के अनुसार, रविवार को गांव कानपुर में रहते प्रवासी श्रमिक व उसकी पत्नी काम पर गए थे। पीछे उनकी तीन बच्चियाँ अमृता कुमारी (9), साक्षी (7), कंचन (4) घर पर अकेली थी। रात करीब 8 बजे बच्चियों के परिजन घर पहुंचे तो तीनों बच्चियां घर पर नहीं थी, इसके बाद परिजनों ने बच्चों की तलाश शुरू की।

आसपास पता न चलने के कारण रात लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनप्रीत ढिल्लों, डी.एस.पी. करतारपुर बलबीर सिंह और थाना मकसूदां के एसएचओ सिकंदर सिंह पुलिस फोर्स सहित मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### प्रारंभिक जांच में हत्या नहीं हो पाई साबित

पुलिस अधीक्षक इनवेस्टीगेशन मनप्रीत ढिल्लों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मर्डर नहीं लग रहा। 6.30 बजे पुलिस ने घर में पहुंच कर जांचना शुरू किया तो उस समय बच्चियों के शवों पर कोई घाव नहीं मिला।

प्रारंभिक जांच में संभावना है कि बच्चियां घर में अकेली थी और खेलते हुए ट्रंक में जा बैठी। संभव है कि ट्रंक का ढक्कन बंद हो गया और बच्चियों से नहीं खुला। घटना के हर पहलू को गहराई से जांचा जा रहा है। बच्चियों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जा रहे हैं। पोस्टमार्टम में मौत के कारण स्पष्ट हो जाएंगे।

# एसडीएम व बीडीपीओ की जांच रिपोर्ट डीडीपीओ कार्यालय दादरी ने उड़ाई हवा में राकेश चांदवास

## सीएम विंडो को लंबे समय तक डीडीपीओ कार्यालय रखता है पेंडिंग राकेश चांदवास

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 02अक्टूबरः हरियाणा में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला सचिव राकेश चांदवास ने कहा है कि भाजपा जजपा सरकार में अधिकारी अपना मन माना व्यवहार कर रहे हैं जनता को बुरी तरह से परेशान तंग करते हैं उन्होंने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर दावा करते हैं कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायत का तुरंत समाधान किया जाता है लेकिन यह बात सच्चाई से कई किलोमीटर दूर है सीएम विंडो का उदाहरण देते हुए जिला सचिव राकेश चांदवास ने कहा है कि मैंने एक शिकायत सीएम विंडो पर लगाई थी इस शिकायत की पहले जांच खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व उपमंडल अधिकारी नागरिक बाढ़डा दोबारा अमल में लाई गई थी जांच पूर्ण होने के उपरांत जांच रिपोर्ट दोनों अधिकारियों द्वारा डीसी चरखी दादरी को भेज दी थी उपायुक्त कार्यालय से मार्क होती हुई शिकायत जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी चरखी दादरी के कार्यालय में चली गई। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी चरखी दादरी के कार्यालय में जाने के बाद जांच रिपोर्ट को सात तालों के भीतर रख दिया अधिकारियों के बार-बार चक्कर काटने के बावजूद भी जांच रिपोर्ट के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में प्राप्त सीएम विंडो प्राप्त तो कर ली । लेकिन सीएम विंडो पर भी कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई किसी भी प्रकार की कोई अंतिम फाइनल रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई वही मुख्यमंत्री के आदेश जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी चरखी दादरी कार्यालय हवा में उड़ा देता है।

उन्होंने कहा है कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी चरखी दादरी के कार्यालय में विभिन्न शिकायत से संबंधित 3 महीने में कितने पत्र प्राप्त हुए उनकी जांच कहां तक हुई जांच पेंडिंग रखने के पीछे कौन अधिकारी कर्मचारी दोषी है इसके लिए मुख्य सचिव को लिखेंगे। महानिदेशक कार्यालय से प्राप्त समय सीमा में रिपोर्ट भेजने में भी बड़े सत्र पर लापरवाही हो रही है उसकी भी जांच करवाएंगे तथा दोषी अधिकारी कर्मचारी को सजा दिलवाने के लिए आगामी कार्रवाई करेंगे मेरे पास ऐसे अनेक को सबूत है ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके।

# कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी निजी दौरे पर पहुँचे अमृतसर के गोल्डन टैम्पल

## दरबार साहिब में माथा टेकने के बाद लंगर हाल में साफ किए श्रद्धालुओं के जूठे बर्तन



**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी इन दिनों पंजाब के दौरे पर हैं। उन्होने अमृतसर पहुंच दरबार साहिब यानि गोल्डन टेंपल में सोमवार को माथा टेका है। बताया जा रहा है कि, राहुल गांधी का यह निजी दौरा है। इस बार पंजाब में उनका कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। राहुल केवल दरबार साहिब में आशीर्वाद लेने और सेवा करने पहुंचे हैं।

### माथा टेकने के बाद साफ किए बर्तन

दरबार साहिब में गुरु साहिब के समक्ष माथा टेकने के बाद राहुल गांधी ने लंगर हॉल में जाकर सेवा की। राहुल यहाँ लंगर चखने वाले श्रद्धालुओं के कारसेवा ( झूठे बर्तन साफ ) करते नजर आए। राहुल गांधी के साथ और भी सेवादार बर्तन साफ कर रहे थे। विदित हो कि, इससे पहले राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के वक्त पंजाब आए थे और तब भी वह दरबार साहिब गए थे और यहां माथा टेका था। तब राहुल ने केसरी पगड़ी पहनी थी। हालांकि, इस बार राहुल पगड़ी पहने नजर नहीं आए हैं। इस बार में उन्होने सिर पर गुरु साहिब का नीले रंग का पटका बांधा हुआ है।

### कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा नहीं, सुरक्षा चुस्त

निजी दौरा होने के चलते राहुल गांधी के आसपास कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा नहीं दिख रहा है। राहुल गांधी जब अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचे तो यहां उनके स्वागत में कांग्रेस नेताओं का हुजूम नहीं दिखा। कुछ खास कांग्रेस नेता ही पहुंचे हुए थे। बता दें कि, राहुल के दौरे से पहले पंजाब पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राहुल पहले दिल्ली से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे थे और इसके बाद वहाँ से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए।

# 2024 में हरियाणा में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार- अनुराग ढांडा

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबर हरियाणा में आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा का अपने पैतृक गांव धनौरी में आशिर्वाद जन सभा में शामिल हुए। इस दौरान गांव में पहुंचने पर लोगों ने अपने लाडले अनुराग ढांडा का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व गांव दाता सिंह वाला से धनौरी तक सैकड़ों ट्रैक्टरों और गाड़ियों के काफिला के साथ जन सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव के सम्मानित लोगों ने अनुराग ढांडा को पगड़ी पहनाई।

अनुराग ढांडा ने कहा कि धनौरी गांव की पगड़ी की आन बान और शान को कभी झुकने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बदलाव लाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज कोई भी पार्टी हमारे बच्चों की शिक्षा की बात नहीं करती। कोई भी पार्टी मूलभूत सुविधाओं की बात नहीं करती। उन्होंने कहा की इस मुश्किल लड़ाई में आप लोगों का साथ चाहिए, तभी 2024 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने युवा साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, जबकि 1 लाख 82 हजार पद खाली हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर पहली कलम से युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव ने जो आशीर्वाद दिया है, उसको बढ़ाने का काम करूंगा। आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा।

उन्होंने कहा कि बचपन में इन गलियों में बहुत भागे, शहर में रहते थे और छुट्टियों में आते थे तो यहां के लोगों का बहुत प्यार मिलता था, यहीं के संस्कार लेकर जीवन में आगे बढ़े। आप सब के आशीर्वाद से बहुत नाम किया,

लेकिन आपके बेटे ने कोई ऐसा काम नहीं किया कि कोई उंगली उठा सके। उन्होंने कहा कि लोग पूछते हैं कि पत्रकारिता के बाद राजनीति में कैसे आ गए। राजनीति में भी आपके संस्कार खींच कर लाए हैं। धनौरी की मिट्टी में पैदा हुए, यहां का खून रगों में दौड़ता है। जब किसान आंदोलन चल रहा था और पत्रकारों पर दबाव डाला जा रहा था कि अनाज उगाने वाले किसानों को आतंकी कहें। तब मन नहीं माना की अपने बुजुर्गों को ऐसे शब्दों से बोलें, इसलिए पत्रकारिता छोड़ कर फैसला किया कि राजनीति में आउंगा।

उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के ऑफर आए लेकिन केजरीवाल की पार्टी को इसलिए चुना क्योंकि इस पार्टी में वादे नहीं किए जाते गारंटी दी जाती है। जिसको भी इस पार्टी के नाम पर वादा करोगे वो वादे पूरे होंगे। जब मेरे गांव के लोग दूसरे गांव या शहर में निकलेंगे और लोग कहेंगे कि आपने सही पार्टी को चुना है तुम वादे पूरे करते हो तब समझूंगा कि आप सभी का एक बूंद कर्ज उतार पाया। उन्होंने कहा कि जो पगड़ी आपने पहनाई है, जान दे दूंगा लेकिन इस पगड़ी का मान नहीं जाने दूंगा। उन्होंने बीरेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी कोई नहीं सुन रहा है। वे पांच साल मलाई खा कर चुनाव नजदीक आते ही लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। उनकी ना बीजेपी सुन रही है, ना जनता, और ना आम आदमी पार्टी। इससे पहले भी ऐसे कई कार्यक्रम कर चुके हैं। किस को बता रहे हैं अपनी आवाज। लोगों को भीड़ इकट्ठा करके बहकाने का काम कर रहे हैं।

# भाजपा ने जेजे पी के साथ गठबंधन किया तो छोड़ दूंगा भाजपा- बीरेंद्र सिंह

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 02अक्टूबरः हरियाणा के जींद में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने आज ह्यमेरी आवाज सुनोह्ल रैली में ऐलान किया कि भाजपा ने जजपा से गठबंधन किया तो वे भाजपा छोड़े देंगे। वे अपनी पत्नी पूर्व विधायक प्रेम लता, बेटा सांसद बृजेंद्र सिंह के साथ रैली में थे। रैली का पंडाल लोगों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। बीरेंद्र सिंह ने मंच पर पहुंचकर हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। जहाँ फूल बरसाकर बड़ी भीड़ में उनका स्वागत हुआ। बीरेंद्र सिंह के पक्ष में लगातार नारेबाजी होती रही। लोगों में रैली को लेकर भारी जोश रहा। जींद रैली में सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी आज ज्यादा दिख रही है। यहाँ कोई विधायक नहीं है, यहाँ कोई राजनीतिक हिसाब से नहीं बुलाया गया। यहाँ जो बुलाए गए हैं, वो सारे के सारे बीरेंद्र सिंह के साथी हैं, सहयोगी हैं। इससे पहले रैली में लाल बहादुर शास्त्री, महात्मा गांधी और कुछ दिन पहले ही दिवंगत हुए स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी गई।

" मेरी आवाज सुनो" रैली में सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि आज यहां आए सभी लोग जानना चाहते हैं कि चौधरी बीरेंद्र सिंह आज क्या करेंगे। सांसद ने कहा कि बीरेंद्र सिंह जो करेंगे, वो तो करेंगे, लेकिन जनता की भीड़ ने अपना भरपूर प्यार ० मान सम्मान देकर बता दिया कि जनता का आशीर्वाद चौधरी बीरेंद्र सिंह के साथ है ’ जब किसी व्यक्ति को इस तरह का अपार जन प्रेम मिले तो उसके बाद व्यक्ति की चाल भी चटक हो जाती है और हौसला भी बुलंद हो जाता है।

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी साहब जो भी करो, दिल से




करना। आपने सोच समझ कर राजनीति 50 साल तक कर ली, बहुत है। ये मत सोचना कि किसका फायदा नुकसान होगा। सांसद ने कहा कि मेरा यानी बृजेंद्र सिंह के बारे में मत सोचना कि मेरा फायदा होगा या नुकसान, आपको जो सही लगे, वो ही करना।

रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे भगवतदयाल शर्मा की नाती बेरी से रेणुका पंडित ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह हमेशा से ही किसान, कमेरे वर्ग, दबे हुए लोगों की आवाज उठाने काम किया। उन्होंने आम जनता और रैली में पहुंचे लोगों से आह्वान किया कि बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व को ताकत दें।

जाट आंदोलन में सक्रिय रही पंजाबी गायक सोनिया मान ने इस रैली में कहा कि हरियाणा और पंजाब का नारा हमेशा बुलंद रहना चाहिए। ताकि आने वाले समय में किसान आंदोलन की तरह लड़ते रहें। सोनिया मान ने कहा आज हमारे देश में हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं है। हमारे समाज में बेटियों को बराबर का हक देना चाहिए। वह भी किसानों की बेटी है।

### चाय वाला प्रधानमंत्री बन सकता है तो ट्रैक्टर वाला क्यों नहीं

जींद रैली में पहुंचे कृषि अर्थशास्त्री देवेंद्र शर्मा ने कहा कि बीरेंद्र सिंह बदलाव लेकर आएंगे। हिसार में एक किसान की इंस्टालमेंट लेट हो गई तो उसे जेल हो गई, जबकि अमीर लोगों के 5 हजार करोड़ रुपए माफ कर दिए गए। कोई सवाल तक नहीं किया गया। देश में 16 हजार ऐसे अमीर लोग हैं, जिनके पास पैसा है, लेकिन वो देना नहीं चाहते। किसानों को जागरूक होना होगा। आपके हाथ में वोट है। अगर चाय वाला प्रधानमंत्री बन सकता है तो फिर ट्रैक्टर वाला यानि किसान भी प्रधानमंत्री बन सकता है।

कार्यक्रम में पहुंचने पर चौ. बीरेंद्र सिंह ने मंच से एक मिनट के लिए लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज पहली बार है, जब यहां कोई बडे.राजनेता नहीं आए। यहां आए हैं, गरीब और कमेरे वर्ग के हमदर्द साथी। रैली में भीड़ देख कर खुश हुए बीरेंद्र सिंह ने कहा कि व्यवस्था बनाए रखें। वे स्टेज पर चढ़ते ही एक मिनट के लिए बोले। बीरेंद्र सिंह के अलावा पूर्व विधायक प्रेमलता, सांसद बृजेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी जसमीत कौर भी मंच पर मौजूद रहीं।

जींद में मेरी आवाज सुनो रैली में चौधरी बीरेंद्र सिंह के पुराने साथी जयपुर से पूर्व सांसद विष्णु मोदी, पंजाब यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष जगजीत बराड़ भी पहुंचे । किसान आंदोलन में सक्रिय रही पंजाब से सोनिया मान भी मंच पर मौजूद थीं। इसके अलावा पूर्व डीजीपी हरियाणा महेंद्र सिंह मलिक भी रैली में आए।

# पर्यटन नीति के नाम पर प्रशासन लापरवाह और सरकार नजर आ रही फेल।

**दैनिक समाज जागरण**

कालका(संदीप शर्मा)पर्यटन नीति के नाम पर प्रशासन लापरवाह और हरियाणा सरकार नजर आ रही फेल । जी हाँ हिमाचल और हरियाणा के बॉर्डर सीमा पर लगे फटे हुवे बोर्ड बयां कर रहे हैं अपना दर्द,आखिर उपलब्धियो के नाम पर खट्टर सरकार और स्थानीय प्रशासन कुछ यही साबित करने की कोशिश कर रहा है। हरियाणा प्रदेश में आये दिन प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लाखों करोड़ों का राजस्व सरकार की उपलब्धियो के नाम पर खुले हाथों से लुटाया जा रहा है। कालका हल्का धार्मिक मान्यताओं व पहाड़ी क्षेत्र से घिरा होने के कारण पर्यटन का केंद्रबिंदु माना जाता है। हर प्रदेश व पर्यटन क्षेत्र में प्रवेश पर स्वागत के स्लोगनों से बने बोर्ड पर्यटन को बढ़ावा देने व मार्गदर्शन हेतु लगाए जाते हैं ।अक्सर इस प्रकार से बार्डर साइन बोर्ड की अनदेखी दो प्रदेशो के बीच सीमा विवाद का कारण भी बनते हैं। हरियाणा प्रदेश का कालका शहर हिमाचल को जोड़ने वाला पांडवकालीन धार्मिक मान्यताओं वाला शहर है ।यहाँ बॉर्डर सीमा पर विश्वप्रसिद्ध महामायी काली माता





का सिद्ध पीठ है ।इस सीध पीठ पर हर रोज देश प्रदेश से हजारों लोगों का आवागमन होता है व इसमे कुछ कदमो की दूरी पर दोनों प्रदेशों कि बार्डर सीमा है जहाँ इस बॉर्डर सीमा पर पहले दोनों प्रदेशों का विवाद भी रहा है। लेकिन फिर भी स्थानीय प्रशासन व हरियाणा सरकार इस और लापरवाही की नींद सो रही है। प्रत्येक प्रदेश अपने टूरिज्म को रिझाने और आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं और टूरिस्टों के लिए साइन बोर्ड की व्यवस्था करता है ।जिसमे अक्सर अन्य प्रदेशों से आये टूरिस्टों के स्वागत व उस प्रदेश के धार्मिक और दार्शनिक स्थलों बारे साइन बोर्ड लगाकर इस तरफ ध्यान दिया जाता है ताकि उनको कोई असुविधा न हो ।परन्तु यहाँ न स्थानीय प्रशासन को इसकी परवाह है और न ही सरकार को। आपको बता दे पिंजौर से बायां कालका शहर से होते हुवे हिमाचल को जाने वाला यह एकलौता राजमार्ग है जिससे यहा प्रतिदिन हजारों की तादात में सैलानियों का आवागमन होता रहता है । आम आदमी के साथ -साथ इस राजमार्ग से प्रदेश और केंद्रीय स्तर के माननीयो का आये दिन आना जाना लगा रहता है । लेकिन हैरानी ये है कि इस और किसी का ध्यान ही नही जाता । जबकि कुछ कदमो की दूरी पर हिमाचल प्रदेश द्वारा टूरिज्म आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए अनेको स्लोगन व साइन बोर्ड लगाएं गए हैं। लेकिन हरियाणा में साइन और स्लोगन तो दूर बोर्ड भी फटा हुवा है जो मानो प्रशासन की खाना पूर्ति की गवाही दे रहा हो।

पवन कुमारी शर्मा(प्रदेश महासचिव कांग्रेस महिला मोर्चा व अम्बाला प्रभारी):- हल्के की बार्डर सीमा पर साइन बोर्ड और स्लोगन बोर्ड का न होना प्रशासन की लापरवाही और सरकार की अनदेखी है ।कालका हल्का पहाड़ी व पांडवकालीन समय से बसा होने के कारण धार्मिक व पर्यटन की नजर से प्रदेश में विशेष स्थान रखता है। अतः यह बहुत चिंतनीय व खेदपूर्ण है ।सरकार ने पर्यटन क्षेत्र की अनदेखी के साथ साथ कालका हल्के में शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़क,रोजगार और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर हल्के की जनता के साथ भेदभाव किया है। इस सरकार में प्रशासन भी जनहित के मुद्दों पर लचीलापन दिखा रहा है । हल्के में सरकार हर क्षेत्र में फैल नजर आ रही है। कालका हल्के को इस सरकार ने अति पिछड़ा हल्का बनाने में कोई कसर नही छोड़ी। प्रदेस की जनता बदलाव चाहती है और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी और कालका हल्के पिछड़ा नम्बर 1 से विकास में नम्बर वन बनाया जाएगा। प्रशासन की जिमेदारी तय की जाएगी। हल्के की जनता के साथ हुवे पक्षपात को दूर किया जाएगा।

# कालका हल्का जो आज सिर्फ चिंता और चिंतन तक सीमित रह गया है।

## नेताओ द्वारा कालका हल्का सिर्फ चिंता और चिंतन के नाम गोष्ठि का स्थान मात्र बनकर रह गया है।

कालका(संदीप शर्मा)कालका हल्का आज दयनीय हालत में जो जनता के लिए चिंता और सरकार व हल्के के सफेद पॉश नेताओ के लिए चिंतन का विषय है ।नेताओ के लिए कालका हल्के में सिर्फ चिंता और चिंतन के नाम पर की जाती रही है गोष्ठि ।एक वो भी दौर था जब इस हल्के में एच एम टी व ए सी सी जैसे दो दो अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट इस हल्के में होते थे । जहाँ आज ये हल्का शिक्षा , सड़क, सफाई, रोजगार, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में सरकार की अनदेखी की मार झेल रहा है ,वही 80 के दशक तक इस हल्के के इन उधोगों पर हरियाणा प्रदेश के साथ साथ पंजाब,हिमाचल,चंडीगढ़ व साथ लगते अन्य प्रदेशों के लोगों के पेट भरने की जिम्मेवारी थी। जहाँ एच एम टी की गिनती मिनी अजूबों में की जाती थी। उस दौर में हाथ मे घड़ी और घर मे ट्रेक्टर एच. एम. टी. का एक स्टेटस सिंबल के तौर पर माना जाता था । वही आशियाना बनाने के लिए सीमेंट के लिए ए सी सी सूरजपुर पूरे प्रदेश में मजबूती व विस्वास की एक गारंटी मानी जाती थी ।सरकार की गलत नीतियों के चलते दोनो उद्योग बन्द हो गए व इनकी करोड़ो अरबो की सम्पति पर रोजगार के नाम पर सरकार ने यहाँ के लोगो को लॉलीपॉप थमाने का काम किया है। बात करे ए सी सी सीमेंट फैक्ट्री की तो आज तक इसके कर्मचारी अपने बकाया वेतन राशि के इंतजार में कुछ दुनिया छोड़ चुके हैं ,कुछ अभी




भी न्याय की उम्मीद में टकटकी लगाए इंतजार कर रहे हैं ,लेकिन सरकार द्वारा इसकी बहुमुल्य सम्पति पर किसी निजी उद्योगपति का निर्माण कार्य जारी है। वही दूसरी और एच एम टी की जमीन पर सेबमंडी के नाम पर रोजगार मिलना तो दूर यहाँ की जमीन सिर्फ आवासीय परिसर के लिए गन्दगी और अवैध अतिक्रमण का अड्डा बनकर रह गया है। पिछड़ेपन के शिकार व सुविधाओं के अभाव में लोग हल्का छोड़ने को मजबूर हैं। आज भी इस हल्के के लोगो मे रोश हैं कि हमने अपनी जमीन और जिंदगी इस हल्के में लगे उद्योगों को दे दी ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को रोटी के लिए भटकना न पड़े। आज हल्के की जनता दर्द और अपने साथ हुवे इस राजनीतिक छलावे पर मरहम के इंतजार में है ।



*रंजीत उप्पल( आप जिला अध्यक्ष):- भाजपा की सरकार ने इस हल्के ही नही पूरे प्रदेश की जनता के साथ छलावा करने का काम किया है ।कालका हल्का जो कि प्रदेश की नम्बर 1 विधानसभा हैं व आध्यात्मिक और दार्शनिक तौर पर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है लेकिन भाजपा सरकार ने इस हल्के को नई सौगात देना तो दूर ,पुराने उधोगों को भी बंद कर इस हल्के को पूरे प्रदेश में पिछड़ा नम्बर वन बनाकर छोड़ दिया है ।हरियाणा में आप पार्टी की सरकार बनते ही विकास कार्यो की झड़ी लगाई जाएगी। हल्का कालका को उसका वर्षो से खोया मान सम्मान वापिस दिया जाएगा।

# हरियाणा पुलिस का जांबाज अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलीमंजारों को करेगा फतेह

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ड्रग्स फ्री हरियाणा बनाने के संकल्प का संदेश भी देगा




चंडीगढ़, 2 अक्टूबर(संदीप शर्मा) झ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के विजन तथा हरियाणा को ड्रग्स फ्री राज्य बनाने के संकल्प के संदेश को विश्व भर में पहुंचाने के लिए हरियाणा पुलिस का जाबांज उप-निरीक्षक राम लाल शर्मा अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलीमंजारों पर चढ़ाई करने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने आज यहां सेक्टर-3 स्थित अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर से उप-निरीक्षक राम लाल शर्मा को राष्ट्रध्वज तिरंगा तथा ड्रग्स फ्री हरियाणा का झंडा देकर रवाना किया और चोटी फतेह करने की हरियाणा सरकार और हरियाणा के लोगों की ओर से शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि उप-निरीक्षक राम लाल शर्मा अब तक माउंट एवरेस्ट, यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रास, नेपाल की माउंट आईलैंड पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुका है और समुद्र में साइकिल चलाने का भी उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

# कलैक्ट्रेट पर पूरे उत्साह के साथ परम्परागत रूप से मनायी गयी महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। कलैक्ट्रेट पर पूरे उत्साह के साथ परम्परागत रूप से मनायी गयी महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती, जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्र्यापण कर उन्हे किया याद।

महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के विचार आज भी हैं प्रासांगिक, सभी जन उनके जीवन मूल्यों को अपनाए - डीएम।

कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने प्रातः 9 बजे पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कर सभी अधिकारी व कर्मचारियों के साथ गाँधी जयंती मनाई गई। जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने आज गांधी जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त एसडीएम एवं कलेक्ट्रेट के समस्त पटल सहायक तथा अधिकारी कर्मचारियों ने महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर एस डी एम, शिव ध्यान पांडे, अब्बास नकवी, सुरेंद्र सिंह ने गांधी जी के महान व्यक्तित्व व कृतित्व पर गहराई



से प्रकाश डाला और उनके विचारों को सभी से आत्मसार करने को कहा। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर स्कूल से आए हुए टीचरों के द्वारा गांधी जी के लिए गाई गई रामधुन को सराहा और उन्हें पुरस्कृत भी किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हम सबको महात्मा गांधी व शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना है। सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के देश की आजादी में उनके अतुल्यनीय योगदान को कभी नही भुलाया जा सकता। गांधी जी ने जीवन के हर मोड़ पर मानवता की सेवा को ही अपना धर्म माना है अस्पृश्यता और असमानता को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा की। उन्होने समस्त विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग दिखाया स्वदेशी के उपयोग को बढाकर उन्होने देश के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाया। महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी का सम्पूर्ण जीवन सादगी सदभाव एवं सत्यता से प्रेरित रहा है, उनके विचार आज के समय में भी पूर्ण रूप से प्रासांगिक है। उन्होने कहा कि हम सब गांधी तो नही हो सकते, गांधी तो सदियों में कोई एक पैदा होता है। मगर उनके विचार व आदर्शों पर तो चल ही सकते है, हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए गए आदर्शों पर चलना है। समाज में सबके प्रति स्नेह का भाव रखकर सबके उत्थान के लिए कार्य करना है।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी में गांधी जी का अतुलनीय योगदान है। इसके लिए हमारी पीढियां ऋणी रहेंगी। उन्होने गांधी जी के विचारों को आत्मसार करने की जरूरत बताया। इस दौरान ओ एस डी शीलेन्द्र कुमार, शिकायत बाबू राहुल सक्सेना, प्रभारी अधिकारी नजारत, खन्ना बाबू, दौजीराम सहित सभी कलेक्ट्रेट कर्मी आदि उपस्थित रहें। इसी के साथ सभी तहसील, मुख्यालयों, विकास खण्ड व समस्त राजकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में गांधी जयन्ती को पूरे उत्साह व सादगी के साथ मनाया गया और उनके जीवन संघर्ष, उनके देश सेवा व जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विचार गोष्ठियां आयोजित की गयी।

# महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर चलाया गया नशा मुक्ति जागरूक अभियान ।।

**समाज जागरण फिरोजाबाद ब्यूरो।**

फिरोजाबाद।। माहात्मा गांधी के जयंति के अवसर पर आबकारी विभाग के द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया गया। युवाओं मे नशीली पदार्थों के सेवन के प्रति बढ़ते लगाव को देखते हुए यह काफी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी जयंती के शुभ अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर दबरई में नशीले पदार्थ सेवन के विरुद्ध जनजागरूकता के संबंध में आबकारी विभाग द्वारा बाइक रैली निकाली गई। जिसका उद्देश्य युवाओं में ड्रग्स जैसी नशीली वस्तुओं की सेवन के विरुद्ध युवाओं को जागरुक करना था।

नशीली पदार्थ के सेवन से सेहत और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी मनीष कुमार द्वारा



अपने अधीनस्थ आबकारी निरीक्षकों के साथ हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अवसर पर सदर देवेंद्र सिंह,मुकेश कुमार जसराना, नंदलाल चौरसिया सिरसागंज, चेतना सिंह शिकोहाबाद ,अशोक कुमार टूंडला आदि लोग उपस्थित रहे

# कुटिया शांत सरोवर बरवाला में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**भगवान सबका करते हैं उद्धार -- संत कंवलानन्द महाराज**

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : वार्ड नंबर 9 बरवाला में स्थित कुटिया शान्त सरोवर के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय



श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ और लंगर भंडारा चलाया गयो इस श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमेन व भाजपा जिला सचिव रणधीर सिंह धीरू ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला व युवा समाजसेवी आयुष शर्मा मौजूद रहे संत कवंलानन्द महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान सबका उद्धार करते हैं जिसने भी भगवान का नाम लिया और जिस भी भाव से लियो जो भी भगवान के सामने आ गयो भगवान ने उसका उद्धार कियो इस कथा के अंतिम दिन गाए गए भजनों हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे और मैं नच नच कमली हो गई हां पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे इस दौरान संत कवंलानन्द महाराज ने मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमेन रणधीर सिंह धीरू और विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला व युवा समाजसेवी आयुष शर्मा को प्रसाद रूपी आशीर्वाद दियो इस कथा उपरांत चलाए गए लंगर भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बैठकर प्रसाद ग्रहण कियो इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश राय कक्कड़, पार्षद राजा मेहता, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा, सतीश कामरा, अमीर गिरधर, दीपक काठपाल, हिमानी काठपाल, सुनील गिरधर, रामस्वरूप मदान, प्रेम असीजा रखी, डॉ अमित रहेजा, पूर्व पार्षद कविता रहेजा व पूर्व पार्षद मीनाक्षी संदूजा व लक्ष्मण असीजा समेत सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे

# ISIS मॉड्यूल के पीछे पाकिस्तान मास्टरमाइंड.....................

**शेष पृष्ट संख्या 1 का**

दिल्ली में स्पेशल सेल के सीपी एचजीएस धालीवाल ने बताया कि मोहम्मद शाहनवाज के ठिकाने से बम बनाने का सामान, पिस्टल और उसके कारतूस, बम बनाने का सामान, कई दस्तावेज आदि बरामद हुए हैं. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकी 26/11 से भी ज्यादा नुकसान पहुंचाने की साजिश कर रहे थे. आतंकी शाहनवाज को ब्लास्ट करने की ट्रेनिंग देने के निर्देश मिले थे. पुलिस के मुताबिक मायनिंग इंजीनियर शाहनवाज की बीबी स्पेशल सेल की रडार पर है. शाहनवाज की तरह वो भी बहुत ज्यादा कट्टर है. हालांकि ऐसा कहा गया है कि मोहम्मद शाहनवाज की पत्नी हिंदू बसंती पटेल है, लेकिन शादी के बाद धर्म परिवर्तन कर उसका नाम मरियम हो गया. शाहनवाज झारखंड का रहने वाला है.

**कई धमाकों में शामिल होने का आरोप**

सीपी एचजीएस धालीवाल ने बताया कि पिछले महीने ही इन लोगों के खिलाफ इनाम




घोषित किया था. इन लोगों पर विभिन्न धमाकों के मामलों में शामिल होने का आरोप है. इसमें मोहम्मद शाहनवाज को उसके दो अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया जबकि एक अन्य आरोपी मोहम्मद रिजवान फरार है. आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था और सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मिली है. ISIS मॉड्यूल के पीछे पाकिस्तान मास्टरमाइंड

दिल्ली, देहरादून, अलीगढ़, मुरादाबाद, लखनऊ, प्रयागराज में छापेमारी के बाद ISIS मॉड्यूल का खुलासा हुआ है. इसके पीछे पाकिस्तान मास्टरमाइंड है और गिरफ्तार आतंकी शाहनवाज ने माल ए घनी मत के तौर पर 6 डकैती को अंजाम दिया था. दरअसल आतंकी वारदातों को अंजाम देने के लिए जो अपराध करते हैं; उसे जिहाद की भाषा में माल ए घनी मत कहा जाता है.

# उत्तर प्रदेश के देवरिया में पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत छह लोगों की हत्या

देवरियाः सोमवार को देवरिया में रुद्रपुर कोतवाली इलाके के फतेहपुर गांव में एक परिवार की पांच लोगों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गई. इस जानलेवा हमले में एक बच्ची समेत तीन अन्य लोग घायल होग गये. वारदात के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल है. मौके पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. देवरिया एसपी डॉ. संकल्प शर्मा ने बताया कि वारदात की सूचना मिलने पर मौके पर पीएसी भेजी गयी. जमीन को लेकर विवाद होने की जानकारी मिली है. जमीन को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम चंद्र यादव और सत्य प्रकाश दुबे के बीच विवाद चल रहा था. रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर ग्राम पंचायत के लेड़हां टोले के सत्य प्रकाश दुबे के परिवार से गांव के अभयपुरा टोले के रहने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव के परिवार से भूमि विवाद को लेकर रंजिश चल रही थी. सोमवार की सुबह पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की हत्या कर दी गई. वारदात से नाराज भीड़ आरोपी सत्यप्रकाश दुबे के घर पहुंची. हमलावरों ने सत्य प्रकाश दुबे, उनकी पत्नी समेत पांच की जान ले ली.

पुलिस के अनुसार, सोमवार की सुबह देवरिया के रुद्रपुर कोतवाली इलाके के फतेहपुर के लेहड़ा टोला पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम चंद्र यादव की पीटकर हत्या कर दी गई थी. वारदात से नाराज भीड़ आरोपी सत्यप्रकाश दुबे के घर पहुंची और सत्यप्रकाश दुबे को मार डाला. इसके बाद उत्तेजित भीड़ ने दो बच्चों, महिला और एक अन्य की हत्या कर दी. वारदात के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल है. मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंच गए हैं.

डीजीपी मुख्यालय के मुताबिक, प्रथम द्दष्टया वारदात आपसी रंजिश से संबंधित है. सोमवार सुबह प्रेम यादव, सत्यप्रकाश दुबे के घर पहुंचे थे. वहां कहासुनी हुई और सत्यप्रकाश दुबे और उनके परिजनों ने प्रेम यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी. कुछ देर बाद प्रेम यादव के टोले अभयपुर से लोगों ने सत्यप्रकाश दुबे के घर पर हमला कर वारदात को अंजाम दिया. मामले में दो गिरफ्तारी हुई है. प्रकरण की जांच जारी है.

जानकारी मिलते ही एसपी संकल्प शर्मा ने आसपास के थानों की पुलिस को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया. जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे. गांव के अलावा पोस्टमार्टम हाउस और देवरहा बाबा महर्षि मेडिकल कालेज पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किये गये. एक बच्ची समेत तीन लोगों का इलाज चल रहा है. सभी की हालत नाजुक बतायी जा रही है. देवरिया एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है.

सीएम योगी खुद कर रहे मॉनीटरिंगःदेवरिया में छह लोगों की हत्या के मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंभीर नजर आये. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं घटना की मॉनिटरिंग की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. उन्होंने इस वारदात को लेकर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से जानकारी ली. सीएम योगी रुद्रपुर हत्याकांड की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं. सीएम योगी ने अफसरों को निर्देश दिया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए. घायलों का समुचित इलाज कराया जाए. सीएम योगी ने कहा कि पुलिस शांति व्यवस्था को बनाए रखे. उन्होंने मृतकों के परिवारीजनों की आर्थिक मदद के निर्देश दिए. साथ ही अउऋ कमिश्नर और आईजी को मौके पर पहुंचने के लिए कहा.

सोमवार उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया. देवरिया में रुद्रपुर के पास फतेहपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते छह लोगों की हत्या कर दी गयी. वारदात की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची. पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है. घटना को लेकर पूरे इलाके में दहशत है. गांव में छह लोगों की हत्या के कारण तनाव का माहौल है. वारदात की सूचना मिलने पर मौके पर पीएसी भी पहुंच गयी है. देवरिया में छह लोगों की हत्या के कारण पुलिस विभाग में भी हड़कंप मचा गया है

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो० रामगोपाल यादव के बड़े भाई का निधन,शोक में डूबा सैफई,

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अंतिम संस्कार में हुए शामिल, पोत्र राजू यादव ने दी मुखाग्नि

**(सुघर सिंह इटावा ब्यूरो)**

इटावा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बड़े भाई और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ताऊ अतर सिंह यादव का 98 वर्ष की उम्र में रविवार की शाम 5 बजे तबीयत खराब होने पर निधन हो गया था।

सोमवार को सैफई महोत्सव ग्राउंड में बने समाधि स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बड़े भाई थे अतर सिंह यादव जिनके पिता का नाम बच्ची लाल है। और बच्ची लाल के पिता का नाम मेवालाल यादव, अतर सिंह यादव चार भाई थे, ताले सिंह जिनका 2007 में निधन हो गया था। अब रामदास और रामगोपाल यादव परिवार में बचे है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव के पिता का नाम सुघर सिंह,और उनके बाबा का नाम मेवालाल था। मेवालाल के दो पुत्र थे। सुघर सिंह व बच्चीलाल, जिसमे बच्ची लाल के चार पुत्र थे। और सुघर सिंह के पांच पुत्र थे। जिसमे सबसे बड़े रतन सिंह का 2014 में निधन हो गया। और मुलायम सिंह यादव 2022 में निधन हो गया। अभयराम सिंह यादव, राजपाल सिंह, शिवपाल सिंह यादव परिवार में मुखिया के रूप में है।

अपने भाई के निधन की खबर मिलते ही सपा महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव रविवार को ही नई दिल्ली से सैफई पहुंचे थे। शिवपाल सिंह यादव भी लखनऊ में अपने कार्यक्रम निरस्त करते हुए सैफई पहुंचे। सोमवार सुबह 11 बजे अंतिम संस्कार सैफई में किया गया है। जहाँ सैफई कुनबा और प्रदेश भर से कार्यकर्ता एवं पार्टी के पदाधिकारी व आस पास के गांव के लोग उनके आवास पर पहुंचे। सोमवार की सुबह 10:30 बजे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नोएडा से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से होकर सैफई पहुंचे जहां पुष्पांजलि अर्पित का श्रद्धांजलि दी और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। वहां पहले से मौजूद, सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, राजपाल यादव,अभयराम सिंह यादव,सांसद डिंपल यादव,पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, पीसीएफ के पूर्व चेयरमैन आदित्य यादव,आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव समेत परिवार के अन्य सदस्य सामिल थे। जिन्होंने शव को पुष्प अर्पित किए। और 10: 30 बजे सैफई स्थित आवास से विशाल जनसभा में उन्हें अंतिम विदाई देकर यात्रा निकाली गई। और सैफई महोत्सव ग्राउंड में बने समाधि स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। जहाँ अतर सिंह के नाती राजू यादव ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी।